WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 268 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नवाचार: 60 साल पुरानी जर्मन मशीन को बिजली कर्मियों ने किया पुनर्जीवित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजीनियरों एवं तकनीकी कर्मचारियों ने अपने अनुभव, कौशल और नवाचार का उपयोग करते हुए लगभग 60 साल पुरानी जर्मन निर्मित रेडियल ड्रिल मशीन को सफलतापूर्वक पुनः कार्यशील बना दिया है। यह मशीन 1965 में जर्मनी से आयातित की गई थी और राज्य गठन के कुछ वर्षों बाद तकनीकी खराबी के कारण अनुपयोगी हो गई थी।

इस मशीन को सुधारने के लिए पहले विशेषज्ञों की तलाश की गई थी, परंतु इसकी अत्यधिक पुरानी तकनीक के कारण मरम्मत संभव नहीं हो सकी। इसके पश्चात पॉवर कंपनी के अनुभवी तकनीकी कर्मचारियों ने अपने स्तर पर इसके यांत्रिक एवं विद्युत घटकों का परीक्षण कर चरणबद्ध तरीके से इसे पुनः दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ किया और अंततः इसे पूर्ण रूप से कार्यशील बना दिया गया।

इस उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बिजलीकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उदाहरण विभागीय दक्षता, आत्मनिर्भरता और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का परिचायक है। श्री शुक्ला ने कहा कि आऊटसोर्सिंग के बढ़ावा देने के युग में इनहाउस टैलेंट पर विश्वास करना एक अच्छी पहल है।

कर्मियों की दक्षता में होगी वृद्धि, अतिउच्च दाब टावर निर्माण में आएगी तेज़ी

यह 180 डिग्री में घूमकर काम करता है

श्री यादव ने बताया कि कार्यपालन अभियंता श्रीमती बरखा दुबे, सहायक अभियंता श्री आकाश सिन्हा, तकनीकी कर्मचारी श्री शाहजहां शाह, टी. सिम्हाचलम् सहित कर्मियों की टीम ने इसे खोलकर, समझकर और सुधारकर फिर से जीवन दे दिया है। इस काम में लगभग दो साल का समय लगा। इस रेडियल ड्रिल मशीन का फायदा यह है कि यह 16 एमएम मोटाई के लोहे के एंगल को दो दिशा (2-डी) में एक साथ छेद कर सकता है। यह 180 डिग्री में घूमकर काम करता है, जिससे काम जल्दी पूरा हो सकेगा। इसके पहले यह काम बाहरी एजेंसियों से कराना पड़ता था, जिससे इस कार्य में अधिक समय लगता और अधिक राशि भी लगती थी।

कार्यपालक निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री वीके दीक्षित ने बताया कि रेडियल ड्रिल मशीन के पुनः चालू होने से अब अति उच्च दाब ट्रांसमिशन टावरों के निर्माण में प्रयुक्त मोटे स्टील एंगल, प्लेट एवं भारी संरचनात्मक सामग्री में सटीक और तीव्र ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

पाकिस्तान सीमा पार से ड्रोन भेज रहा है। वहां के आतंकी संगठन सक्रिय हो रहे हैं। जैश- ए-मोहम्मद का चीफ अजहर मसूद एक हजार मानव बम तैयार करने की गीदड़भभकी दे रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जानी दुश्मन से जिगरी दोस्त बन रहे हैं। अमेरिकी एजेंसी भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की संभावना जता रही है। ये सब संयोग नहीं प्रयोग है। जो पर्दे के पीछे से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कर रहे हैं और भारत के खिलाफ पाकिस्तान को मकड़ी बनाकर जाल बुन रहे हैं। ऐसे में भारत को पाकिस्तान से ज्यादा अमेरिका से सावधान रहने की जरूरत है।

ईरान संकट: उमर अब्दुल्ला ने विदेश मंत्री जयशंकर से की बात

नई दिल्ली। ईरान में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। मुख्यमंत्री ने ईरान में पढ़ाई कर रहे केंद्र शासित प्रदेश के छात्रों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाने का आश्वासन मिलने के बाद विदेश मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर जानकारी दी कि उन्होंने अभी-अभी विदेश मंत्री जयशंकर जी से ईरान में बदलती स्थिति के बारे में बात की। मुख्यमंत्री ने लिखा, उन्होंने (एस. जयशंकर) मुझे मौके की स्थिति का आकलन और विदेश मंत्रालय की ओर से किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी।

वित्तीय रिपोर्ट की निगरानी के लिए सरकार ने शुरू की नई एआई पहल

नई दिल्ली। वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता पर नजर रखने और सरकारी कामकाज को तेज करने के लिए सरकार ने एक नई एआई पहल की है। इस पहल का नाम 'इंडिया एआई फाइनेंशियल रिपोर्टिंग कंप्लायंस चैलेंज रखा गया है। इसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से ऐसे डिजिटल समाधान तैयार करना है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की जांच आसान और तेज बना सकें। यह पहल नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) और इंडिया एआई की साझेदारी से शुरू की गई है, जिसके तहत एआई आधारित नए विचार और तकनीक विकसित करने के लिए कंपनियों और स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया गया है।

लोकतंत्र को सशक्त बनाने में तकनीक की भूमिका अहम: ओम बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोकतांत्रिक संस्थानों को अधिक समावेशी, प्रभावी और नागरिकों के प्रति उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बदलते समय में संसदों को नई तकनीकी क्षमताओं को अपनाते हुए लोकतंत्र के मूल मूल्यों की रक्षा करनी होगी।

ग्लोबल रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगाई छलांग

नई दिल्ली। साल 2026 में भारतीय पासपोर्ट की ग्लोबल रैंकिंग में पांच पायदान की बढ़ोतरी हुई है। अब भारतीय पासपोर्ट धारकों को 55 देशों में बिना वीजा, वीजा-ऑन-अराइवल या ईटीए की सुविधा मिलेगी। बुधवार को जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत को 80वां स्थान मिला है।

सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को नोटिस ईडी अफसरों पर नहीं होगी एफआईआर

नई दिल्ली/ए.। कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिसः सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया।

भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर होः जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी।

उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाएः ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं।

अगले सुनवाई 3 फरवरी को

याचिका में लगाए गए आरोप गलत-अभिषेक सिंघवी

राज्य सरकार और डीजीपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई योग्य होने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट नोटिस जारी करता भी है, तो यह साफ किया जाए कि यह उनकी आपत्ति के अधीन होगा। सिंघवी ने दलील दी कि ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव के समय अचानक रेड क्यों-कपिल सिब्बल

कपिल सिब्बल ने सवाल उठाया कि अगर कोयला घोटाले की जांच पहले से चल रही थी, तो चुनाव के समय अचानक रेड क्यों की गई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सुप्रीम कोर्ट जारी करेगी नोटिस? वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी के आरोपों को गलत बताया।

चुनाव से जुड़ा संवेदनशील डाटा

वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल प्रतीक जैन का लैपटॉप और उनका निजी आईफोन लेकर गई थीं, क्योंकि उसमें चुनाव से जुड़ा संवेदनशील डेटा था। सिब्बल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रेड में कोई रुकावट नहीं डाली। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार

ईरान ने बंद किया एयरस्पेस

दिल्ली आ रही फ्लाइट बाल-बाल बची

▪ दिल्ली आ रही फ्लाइट के गुजरते ही ईरान ने बंद किया एयरस्पेस

नई दिल्ली। ईरान में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इसे देखते हुए ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। यह एक्शन जॉर्जिया के त्बिलिस से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की गैर-ईरानी कॉर्शियल विमान के एयरस्पेस से निकलने के बाद सामने आया है। ऐसे में इंडिगो समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने एडवाजरी जारी कर दी है।

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, जॉर्जिया के त्बिलिस से दिल्ली के लिए इंडिगो की फ्लाइट 6ई1808 बुधवार की रात को दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। गुरुवार की सुबह 2:35 बजे यह फ्लाइट ईरान के ऊपर से गुजरी। इसके बाद इस विमान के गुजरते ही कुछ समय बाद ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया। हालांकि फ्लाइट 6ई1808 पहले ही ईरान से गुजर चुकी थी।

इंडिगो ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

ईरान का एयरस्पेस बंद होने से सभी एयरलाइंस ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने एडवाइजरी में कहा है कि ईरान का हवाई क्षेत्र बंद होने से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। ऐसे हालातों पर एयरलाइंस का नियंत्रण नहीं है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

एयर इंडिया ने दी ये सलाह

एयर इंडिया ने भी एडवाइजरी जारी की है। लिखा है कि ईरान में बन रहे हालात के कारण एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र से गुजरने वाली एयर इंडिया की उड़ानें अब वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर रही हैं, जिससे देरी हो सकती है। कुछ एयर इंडिया की उड़ानें, जिनका मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है, रद्द की जा रही हैं। हम यात्रियों से अनुरोध करते हैं कि हवाई अड्डे जाने से पहले हमारी वेबसाइट पर अपनी उड़ानों की स्थिति की जांच कर लें।

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज

▪ टैरिफ के बावजूद सरकार ने दिए बड़ी डील के संकेत

नई दिल्ली। दुनिया में जारी व्यापारिक तनाव के बीच भारत और अमेरिका एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा हे कि दोनों देश सक्रिय रूप से व्यापार वार्ता कर रहे हैं और एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है। सरकार की ओर से यह एलान ऐसे समय पर किया गया है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

टैरिफ के निर्यात पर असर के बारे में क्या बोले वाणिज्य सचिव?- वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बावजूद, अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इजाफा भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी बाजार में उनकी बढ़ती मांग के बारे में बताता है। वाणिज्य सचिव ने कहा, दोनों पक्ष (व्यापार वार्ता में) लगे हुए हैं... और दोनों पक्षों को ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

इतिहास रचता छत्तीसगढ़: देश में पहली बार लीथियम खदान की नीलामी, खनिज अर्थव्यवस्था को नई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने खनिज क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। राज्य अब देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां लीथियम खदान की नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई है। यह उपलब्धि केवल खनन के दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और रणनीतिक खनिजों के लिहाज से भी इसे मील का पत्थर माना जा रहा है। भौमिकी एवं खनिकर्म विभाग के सचिव पी. दयानंद ने गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि योजनाबद्ध खनिज नीति और सतत दोहन ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

लीथियम और क्रिटिकल मिनरल्स पर फोकस

श्री दयानंद ने कहा कि केंद्र सरकार की 'विकसित भारत 2047Ó की परिकल्पना में क्रिटिकल मिनरल्स को बेहद अहम माना गया है। इसी दिशा में राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन लागू किया गया है, ताकि देश आत्मनिर्भर बन सके। छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में लीथियम और दुर्लभ खनिजों की नीलामी इसी रणनीति का हिस्सा है। इसके अलावा, सुकमा और बस्तर जिले के बेंगपाल, एलिंगनार, कोमाकोलेंग क्षेत्र में लीथियम, नियोबियम, टेंटेलम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स की खोज के लिए निजी सेक्टर की एक्सप्लोरेशन एजेंसियों के माध्यम से एक परियोजना को मंजूरी दी गई है।

खनिज अर्थव्यवस्था की तस्वीर

- खनिज राजस्व (दिसंबर 2025 तक): 10,345 करोड़
- 2025-26 का लक्ष्य: 17,000 करोड़
- राष्ट्रीय खनिज उत्पादन में हिस्सेदारी: 917'
- जीएसडीपी में योगदान: 910'

डीएमएफ से जुड़े आंकड़े

- कुल अंशदान: 16,742 करोड़
- स्वीकृत कायर्: 1.07 लाख+
- पूर्ण कायर्: 75,901
- नया सिस्टम: डीएमएफ पोर्टल 2.0

गरमा-गरमा

लोकार्पण

भूमिपूजन, लोकार्पण, शिलान्यास और उज्ज्वला महोत्सव कार्यक्रमों में शिरकत

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर को दी 13 करोड़ की सौगात

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेवी साय जशपुर जिले के नगर पंचायत बगीचा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न भूमिपूजन, लोकार्पण, शिलान्यास और उज्ज्वला महोत्सव कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत बगीचा में बस स्टैंड के पास गौरव पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वहीं तहसील चौक से हाई स्कूल चौक तक लगभग 13 करोड़ रुपये, यानी 1279.77 लाख की लागत से गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा, जो नगरवासियों की लंबे समय से प्रमुख मांग थी। मुख्यमंत्री ने बगीचा में निर्माणाधीन आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का भी अवलोकन किया। करीब 2 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस परिसर में ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण भी किया। यह स्वास्थ्य केंद्र वनांचल क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा। उज्ज्वला महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 2 हजार से अधिक गरीब महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

1 करोड़ 45 लाख के इनामी 52 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां कुल 52 नक्सलियों ने का आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में पुना मार्गेम योजना के तहत नक्सली मुख्यधारा में शामिल होंगे। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों ने बीजापुर एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने हिंसा का रास्ता अपना लिया है। टारगेट 2026 से पहले नक्सल संगठन सिमटने लगा। आपको बता दें कि, कुल 1 करोड़ 45 लाख के इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि, सीआरपीएफ और सुरक्षाबलों ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

बालको प्रबंधन के खिलाफ भड़का आक्रोश, सड़कों पर उतरे छोटे दुकानदार, पूर्व मंत्री की हुंकार

कोरबा/नवप्रदेश। बालको नगर में बालको प्रबंधन की कार्रवाई ने आग लगा दी है। वर्षों से रोजी-रोटी चला रहे छोटे दुकानदारों और ठेला-गुमटी संचालकों को हटाने के नोटिस के बाद गुस्सा फूट पड़ा। पान ठेला, साइकिल रिपेयर, मोची, नाई, रजाई-गद्दा, चाट और फल-सब्जी बेचने वाले सैकड़ों कारोबारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और इंसाफ की मांग की। दुकानदारों का कहना है कि प्रबंधन की मनमानी से सैकड़ों परिवारों का चूल्हा बुझने की कगार पर है। कांग्रेस ने इसे सीधा-सीधा गरीब विरोधी और अमानवीय करार दिया। बालको नगर पहुंचे जयसिंह अग्रवाल ने जनसभा में तीखा हमला बोला। कहा, दशकों की मेहनत से खड़ी रोजी-रोटी को उजाड़ने की साजिश किसी कीमत पर नहीं चलेगी। जरूरत पड़ी तो लड़ाई सड़क से लेकर प्रशासन तक जाएगी। मुद्दा यहीं नहीं रुका। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण, बिना अनुमति प्लांट विस्तार, सार्वजनिक सड़कों को बंद करना, इंदिरा मार्केट की नाली-ड्रेनेज को बाधित करना और जी-9 परियोजना में पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर पेड़ों की कटाई की जा रही है। जनसभा के बाद जी-9 परियोजना, स्टॉप डैम के पास बन रही बाउंड्री वॉल और ऐश डाइक क्षेत्र का निरीक्षण हुआ। यहां नियमों की अनदेखी और बेखिरी नाले में राखड़ मिला पानी छोड़े जाने के आरोप लगे, जिसका इस्तेमाल बस्ती के लोग और पशु करते हैं। अग्रवाल ने साफ कहा, वैधानिक अनुमति और पर्यावरण स्वीकृति के बिना कोई निर्माण स्वीकार नहीं, जिला प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि छोटे दुकानदारों को जबरन हटाया गया या सार्वजनिक सुविधाओं से छेड़छाड़ हुई तो बड़ा जनआंदोलन होगा। संदेश साफ है, कोई भी उद्योग कानून से ऊपर नहीं और विकास के नाम पर गरीबों की रोजी-रोटी नहीं छीनी जाएगी। प्रदर्शन में बालको चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सुमेर डालमिया, कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, सैकड़ों कार्यकर्ता, छोटे दुकानदार और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। कांग्रेस ने दो टूक कहा है कि बालको नगर के श्रमिकों और छोटे व्यवसायियों की लड़ाई आखिरी दम तक जारी रखेंगे।

होली पर्व का अंडा वृक्ष गाड़ा जाएगा होलिका स्थलों पर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋतु परिवर्तन का पर्व एवं मां सरस्वती की आराधना एवं मां परमेश्वरी की आराधना का पर्व वसंत पंचमी राजधानी सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। वसंत पंचमी को पौराणिक मान्यता के अनसुार कामदेव और रति के मिलन का पर्व भी माना जाता है। इस वर्ष बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी दिन होली पर्व का अंडा वृक्ष भी गड़ाया जाता है। देवांगन समाज में परमेश्वरी महोत्सव का उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस दिन देवांगन समाज में युवक युवती परिचय सम्मेलन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मां परमेश्वरी के आशीर्वाद से परिणय सूत्र में आबद्ध जोड़ों का जीवन सुखमय एवं समृद्धशाली होता है। महाराष्ट्रीयन समाज में बसंत पंचमी पर विवाह के संयोग को सवार्थ सिद्ध योग के रूप में माना जाता है। अधिकांश हिंदू परिवारों में बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर विवाह किये जाने की परंपरा है।

धान उपार्जन केंद्रों में गड़बड़ी, दो समिति प्रबंधक दायित्वों से हटाए गए

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तुमान और कोरकोमा के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रारंभिक व्यवस्था में कई कमियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि किसानों से लाए गए धान को किसान बोरे से सीधे समिति बारदाने में पलटी कर खरीदी की जा रही थी। इसके अलावा स्टेकिंग सही ढंग से नहीं की गई, हमालों की उचित व्यवस्था नहीं थी और अन्य कई अव्यवस्थाएं पाई गईं। शिकायत की जांच के बाद सहकारी समिति कोरबा के प्रबंधक प्यारेलाल साहू और तुमान के समिति के प्रभारी प्रबंधक रंजीत कंवर को समिति प्रबंधकीय दायित्वों से पृथक किया गया है। सभी केंद्रों में किसानों के हित और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

फैक्ट्री में कार्य के दौरान 70 लाख से अधिक की हेराफेरी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रामा मोटू लिमिटेड रावाभाठा में स्पेयर पार्ट इसू कराने के नाम पर 70 लाख से अधिक का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी केतन चौधरी 30 वर्ष रामा मोटू कार्यालय मेटल पार्क रावाभाठा ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी मुनीर अहमद 37 वर्ष ने कंपनी में काम करने के दौरान स्पेयर पार्ट इसू कराने के नाम पर 70 लाख 41619 रुपए गबन कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को मिली तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नगरी पोस्ट ऑफिस भवन जर्जर, छत से झर रहा प्लास्टर-कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

नगरी/नवप्रदेश। नगर स्थित मुख्य डाकघर भवन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। बीते कई वर्षों से कार्यालय के भीतर छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़कर गिर रहा है, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसे की आशंका बनी हुई है। छत में गहरी दरारें साफ नजर आ रही हैं, वहीं कई स्थानों पर लोहे की सरिया भी बाहर दिखाई देने लगी है, जो भवन की कमजोर स्थिति को दर्शाती है। डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक डाक सेवाएं, बचत योजनाएं, डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, राशि जमा एवं निकासी जैसे आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जर्जर छत के नीचे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का लंबे समय तक खड़ा रहना खतरे से खाली नहीं है। कर्मचारियों के अनुसार कई बार प्लास्टर के टुकड़े नीचे गिर चुके हैं, जिससे कार्यालय में भय का माहौल बना रहता है।

एस.के. फूड्स राइस मिल सील, 20,976 क्विंटल धान व 605 क्विंटल चावल जब्त

धान परिवहन और भंडारण में अनियमितताओं पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी में अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल, नगरी द्वारा राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार देर शाम को गट्टासिल्ली स्थित एस.के. फूड्स राइस मिल का निरीक्षण किया गया।

उक्त मिल के संचालक आसिफ मेमन हैं। निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में उपलब्ध स्टॉक पंजी का गहन परीक्षण किया गया तथा भौतिक सत्यापन के माध्यम से धान एवं चावल की वास्तविक मात्रा का मिलान किया गया। जांच में यह पाया गया कि मिल परिसर में दर्ज स्टॉक की तुलना में धान की मात्रा 269 क्विंटल अधिक पाई गई। यह अतिरिक्त मात्रा धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अवैध परिवहन एवं भंडारण की आशंका को दर्शाती है, जिसे गंभीर अनियमितता माना गया।

संयुक्त दल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मिल परिसर में उपलब्ध कुल 20,976 क्विंटल धान एवं 605 क्विंटल चावल को जब्त किया गया। जब्त सामग्री को नियमानुसार मिल के प्रतिनिधि श्री जावेद मेमन की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आगे की जांच एवं वैधानिक प्रक्रिया के लिए राइस मिल को सील बंद किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों की रक्षा एवं समर्थन मूल्य प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की संयुक्त जांच एवं कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी मिल संचालकों एवं व्यापारियों को शासन के नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की इस सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई से जिले में नियमों के पालन को मजबूती मिली है तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है।

बगीचा में सैकड़ों लोगों ने लिया विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लिया लाभ

बगीचा में जिंदल फाउंडेशन का विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का सीएम साय ने किया शुभारंभ

रायगढ़/नवप्रदेश। सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए जिंदल फाउंडेशन द्वारा जशपुर जिले के बगीचा में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। शिविर में फोर्टिस-ओपी जिंदल अस्पताल, रायगढ़ तथा फोर्टिस अस्पताल, गुड़गांव के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया।

मुख्यमंत्री ने की जिंदल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिंदल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस विशाल स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जनहित में अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जिंदल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सतत कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह अंचल के विकास हेतु योगदान देते रहने की प्रेरणा दी।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा अंचल में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रायगढ़ स्थित जिंदल स्टील संयंत्र के आसपास के गांवों में नियमित रूप से मेगा हेल्थ कैम्प्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे अब तक हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में एक बड़ी पहल करते हुए समीपस्थ जिले जशपुर के बगीचा में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में यह विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसे जशपुर जिला प्रशासन का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमति साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, आईजी श्री दीपक कुमार झा, जशपुर कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, जिंदल स्टील लिमिटेड, रायगढ़ के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री सब्यसाची बंद्योपाध्याय, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री संजीव चौहान, फोर्टिस-ओपी जिंदल अस्पताल रायगढ़ के सीओओ श्री प्रेमनाथ साहू तथा सीएसआर प्रमुख श्री अपूर्व चौधरी उपस्थित रहे। इस शिविर में फोर्टिस-ओपी जिंदल अस्पताल, रायगढ़ के 10 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सहभागिता की, जिनमें न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, ऑर्थोपेडिशियन, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजिस्ट, ईएनटी तथा जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ शामिल थे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है जिंदल फाउंडेशन

इस अवसर पर जिंदल स्टील लिमिटेड, रायगढ़ के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिंदल फाउंडेशन के लिए संतोष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि हाल ही में रायगढ़ में 26 से अधिक गांवों के लिए 7 मेगा हेल्थ कैम्प्स आयोजित किए गए, जिनसे सैकड़ों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला। मोतियाबिंद मरीजों के लिए विशेष शिविर आयोजित कर 114 मरीजों की नि:शुल्क सर्जरी कराई गई है। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य जांच एवं दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। 'ऑपरेशन दृष्टि' अभियान के अंतर्गत अब तक 31 गांवों के 68 शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर आवश्यकतानुसार नि:शुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया है।

अश्लील डांस कांड: जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपने के बाद हड़कंप

- एसडीएम पर नियम तोड़ने के आरोप, डांसर गिरफ्त में

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवभोग थाना क्षेत्र के उरमाल गांव में आयोजित छह दिवसीय ओपेरा कार्यक्रम के दौरान हुए अश्लील नृत्य प्रकरण की प्रशासनिक जांच पूरी हो चुकी है। जांच अधिकारी अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे ने अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। औपचारिक अनुमोदन के बाद यह रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी जाएगी, जहां से आगे की कार्रवाई तय होगी। जांच में स्पष्ट रूप से सामने आया है कि आयोजन की अनुमति देते समय निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया।

जांच के दौरान अनुमति प्रक्रिया, आयोजन स्थल की वैधता और कार्यक्रम में एसडीएम की मौजूदगी जैसे पहलुओं की गहन पड़ताल की गई। इस सिलसिले में आयोजक मंडल के सदस्यों, कोटवार, सरपंच, पंचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बयान दर्ज किए गए। बयानों के अनुसार, 29 दिसंबर को आवेदन प्राप्त होते ही उसी दिन कार्यक्रम की अनुमति जारी कर दी गई। आवेदन में अध्यक्ष बताए गए नरेंद्र साहू को स्वयं इस आवेदन की जानकारी नहीं थी। न तो पुलिस और तहसीलदार से आवश्यक प्रतिवेदन लिया गया और न ही भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त की गई। जांच में यह भी उजागर हुआ कि प्रतिवेदन मंगाने की प्रक्रिया केवल फाइलों तक सीमित रही। गवाहों के कथनों से यह भी पुष्टि हुई कि एसडीएम आयोजन के दौरान मौजूद रहे और कार्यक्रम का आनंद लेते देखे गए।

अश्लील कार्यक्रम में 15वीं गिरफ्तारी, डांसर मुचलके पर रिहा

8 जनवरी को प्रस्तुति देने वाली डांसर सुचित्रा जेना को पुलिस ने गिरफ्तार कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया। थाना प्रभारी फैजुल शाह के अनुसार, गिरफ्तारी ओडिशा के जाजपुर जिले के धर्मशाला थाना क्षेत्र से की गई। इससे पहले देवभोग पुलिस आयोजकों के खिलाफ धारा 296 और 3-5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर 14 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। वहीं, 9 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल डांसर निशा महाराणा की तलाश जारी है। बताया गया है कि निशा ने कार्यक्रम से पहले सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की थी। 9 जनवरी को हुए इसी आयोजन में आपत्तिजनक नृत्य हुआ था, जिसमें एसडीएम की मौजूदगी को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

तिल्दा में अंग्रेजी और देशी शराब दुकान से चार कर्मचारी अगवा, इलाके में हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा क्षेत्र की अंग्रेजी और देशी शराब दुकान से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और चार कर्मचारियों को जबरन अपने साथ ले गए। घटना के दौरान एक कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहा, जबकि चार अन्य कर्मचारियों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम शराब दुकान में कर्मचारी रोज़ की तरह ड्यूटी पर तैनात थे। इसी बीच कुछ अज्ञात लोग अचानक दुकान में घुसे और कर्मचारियों से बदसलूकी करने लगे। देखते ही देखते बदमाशों ने चार कर्मचारियों को जबरदस्ती अगवा कर लिया।

अचानक हुई इस वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और अगवा किए गए कर्मचारियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संभावित गवाहों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद तिल्दा और आसपास के इलाकों में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय व्यापारियों और कर्मचारियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

ठंड से बचने अंजन माइनिंग प्रा. लिमिटेड कंपनी ने बच्चों और ग्रामीणों को वितरित किए जैकेट-कंबल

चिरमिरी एमसीबी /नवप्रदेश। अंजन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सामुदायिक कल्याण पहल के अंतर्गत चिरमिरी एवं आसपास के क्षेत्रों में बच्चों और ग्रामीणों को 1,000 से अधिक शीतकालीन सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य सर्दी के मौसम में स्थानीय लोगों को गर्मी और राहत प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम के तहत स्कूली विद्यार्थियों को हुडी जैकेट तथा स्थानीय ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए, जिससे वे ठंड से सुरक्षित रह सकें। यह वितरण 8 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 11 विद्यालयों में किया गया, जिनमें मुकुंदपुर, मेरो, आमाडांड, डूबछोला, कादरेवान, बरमपुर, मझोली, भुकभुकी एवं आसपास के क्षेत्र शामिल रहे। वितरण कार्यक्रम के दौरान अंजन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ विद्यालयों के शिक्षक, ग्रामीणजन, सरपंच एवं पंचायत सचिव भी उपस्थित रहे। इस पहल का अभिभावकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया तथा कंपनी के इस प्रयास की सराहना की गई, जो सर्दियों के मौसम में बच्चों और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

छत्तीसगढ़ की समरसता और सर्वसमाज की सेवा को समर्पित दाऊ अग्रवाल द्वारा 18 को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

देश के प्रख्यात कविगण पहुंचेंगे रायपुर, विस अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 50वां वार्षिक अधिवेशन 18 जनवरी को बूढ़ा तालाब स्थित सरदार बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इस वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के लगभग 22 जिलों की इकाइयो के 5000 सदस्य इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि करीब 400 साल पहले साल 1627 ईस्वी में मुगल बादशाह शाहजहां के आतंक से त्रस्त होकर अग्रवालों के पूर्वज छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां की संस्कृति और त्योहार को अपनाकर छत्तीसगढ़िया हो गए. अग्रवालों के पूर्वजों को छत्तीसगढ़ से जो भी मिला उन्होंने सभी छत्तीसगढ़ के विकास में लगा दिया. छत्तीसगढ़ के विकास में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने भारी योगदान दिया है. आज से 50 साल पहले हमारे पूर्वजों ने उस छत्तीसगढ़ की कल्पना किया था, जो आज 25 साल पूरा कर चुका है. इन वर्षों में छत्तीसगढ़ की सभ्यता संस्कृति त्योहार और व्यवहार में अपना स्वतिरोहित कर दिया। छत्तीसगढ़ महतारी से जो प्यार दुलार मिला उसे दायित्व बोर्ड को हमारे समाज ने छत्तीसगढ़ में अनेकों शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सालय, तालाब, कुवे,

धार्मिक स्थल का निर्माण कराया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने हमें इन्हीं कर्म से दाऊ नाम का प्यार भरा संबोधन और सम्मान दिया। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने जानकारी दी कि हमारा सदैव उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सामाजिक सांस्कृतिक समरसता व छत्तीसगढ़ विकास के लिए कार्य करना रहता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस वर्ष हमने छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता को समर्पित करते हुए देश के नामी कर्मियों को आमंत्रित कर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। इस कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ मैं निवास रत हमारे आदिवासी, तेली, कुर्मी, यादव, सोनकर, निषाद सहित सभी छत्तीसगढ़ी भाइयों के साथ-साथ अन्य प्रति से आकर छत्तीसगढ़ को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले समस्त समाज को आमंत्रित किया जाएगा। व उन सबके साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास और सामाजिक उन्नति के क्या प्रयासों इस हेतु चर्चा की जाएगी।

जिसमें राज्य के सामाजिक समरसता के लिए सभी समाज को चर्चा के लिए मंच पर लाना, वानप्रस्थ (वृद्धआश्रम) का निर्माण, यातायात व स्वास्थ्य विषयों पर जन जागरण जैसे मुद्दे रहेंगे. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. रमन सिंह जी रहेंगे. विसिहत अतिथि विजय जी अरुण जी भूपेश बघेल जी ब्रजमोहन जी, किरण देव जी, रायपुर की महापौर जी पांचो विधायक जी. छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित इस 50वें स्वर्ण समागम (केंद्रीय अधिवेशन) के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की समरसता को समर्पित करने के लिए एक भव्य साहित्यिक संध्या का आयोजन किया गया है. इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देवास के सवस एवं संचालक श्री कवि डॉ. शशिकांत यादव, मेरठ के वीर रस कवि श्री डॉ. हरिओम पवार, बिहार के हास्य सम्राट कवि श्री शंभु शिखर, प्रतापगढ़ के पैरोडीकार श्री पार्थ नवीन, छत्तीसगढ़ के गीतकार श्री रमेश विश्वहास, आगरा की गीत-गजल कवि सुश्री योगिता चौहान और छत्तीसगढ़ के कवि श्री भरत द्विवेदी शामिल होने वाले हैं.

पागलपन का इलाज संभव, समाज में जागरुकता फैलाने कार्ययोजना बनाएंः जैन

कमिश्नर जैन ने मानसिक अस्पताल के जीवनदीप समिति की बैठक ली, लिए गए कई निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में राज्य मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी के जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मानसिक मरीजों की सुविधा के लिए कई निर्णय लिए गये। श्री जैन ने कहा कि पागलपन भी एक बीमारी है और इसका इलाज किया जा सकता है। इस संबंध में समाज में जनजागरूकता फैलाने के लिए एक कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित जीवन दीप समिति के सदस्य जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पिछली मीटिंग में लिये गये निर्णय के अनुसार मानसिक अस्पताल में ओपीडी सुविधा निःशुल्क किया गया है। प्रति माह इस अस्पताल में 1300 मरीज इलाज कराने पहुंचते है। पिछले एक साल में साढ़े 15 हजार लोगों ने मानसिक रोगों का उपचार करवाया है। इसी प्रकार एक साल में 1344 मरीजों को भर्ती कराकर उनका इलाज किया गया। आय-व्यय की जानकारी में बताया गया कि पिछले अप्रैल 2025 से 6 जनवरी 2026 तक अस्पताल को 2 करोड़ 86 लाख रूपए की आवक हुई है। इसमें से 1.17 करोड़ अस्पताल के कार्यों में खर्च हुई है। लगभग 92 लाख की रकम शेष है। इस राशि को ज्यादा ब्याज देने वाले बैंकों में जमा करने का निर्णय लिया गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अनुमोदन की प्रत्याशा में किये गये मजदूरी भुगतान सहित अन्य जरूरी खर्चे लगभग 9 लाख रूपए की कार्येत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में एजेण्डा के अनुरूप अस्पताल के लिए वाहन सुविधा, पानी की आपूर्ति, मनोरोग डॉक्टरों के लिए बैठक कक्ष, परिजन कक्ष, क्लीनिकल प्रशिक्षण शुल्क, भण्डार कक्ष में कूलिंग, वाटर कूलर, शेड आदि की व्यवस्था बाबत् विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेपी आर्या ने पिछली बैठक में लिये गये निर्णय का पालन प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया।

कमिश्नर ने किया 'हॉफ वे होम' का निरीक्षण

कमिश्नर सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोनी में संचालित हॉफ वे होम संस्था का निरीक्षण किया। राज्य मानसिक चिकित्सालय में इलाज के बाद स्वस्थ हुए मरीजों को संक्रमणकालीन व्यवस्था के तहत उन्हें यहां संरक्षण दिया जाता है। महिला एवं पुरूष मिलाकर फिलहाल 145 लोगों को यहां संरक्षण दिया गया है। संरक्षित किये गये लोगों को इस दौरान संस्था द्वारा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के जरिए आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है एवं उनका पुनर्वास किया जाता है। अब तक संस्था द्वारा 795 स्वस्थ हुए मरीजों का सफलता पूर्वक पुनर्वास किया जा चुका है। संस्था का संचालन मां डिण्डेश्वरी शिक्षा समिति द्वारा किया जाता है। संभागायुक्त ने संस्था का निरीक्षण कर निवासरत लोगों की सुविधाओं का जायजा लिया और संस्थान के सेवा कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की परीविक्षा अधिकारी सरस्वती रामेश्री एवं संस्था के सचिव प्रमोद शर्मा एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मकर संक्रांति पर अन्नदान कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। वनवासी विकास समिति के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बिलासपुर शहर में सेवा और दान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के श्रीकांत वर्मा मार्ग सहित दर्जनों प्रमुख स्थानों पर स्टॉल लगाकर दान एकत्रित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीरा झा, स्वाति गुप्ता, एन.के. शर्मा, सुधा सिंह एवं सूर्या साहू उपस्थित रहे, अतिथियों ने इस पहल को सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रतीक बताया। वनवासी विकास समिति एवं संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा स्टॉल के माध्यम से अन्नदान एकत्र किया गया, जिसमें शहरवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई, लोगों ने बढ़-चढ़कर दान कर सामाजिक दायित्व निभाया। समिति ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एकत्रित की गई सामग्री को सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाता है, जिससे वहां रहने वाले परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। आयोजकों के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर यह आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर दान की परंपरा को जीवंत रखते हुए यह कार्यक्रम सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने का कार्य कर रहा है।

कमरे से बाहर निकलकर उड़ेला पेट्रोल, पिता बीएसएफ में पदस्थ

जीजीयू के लॉ स्टूडेंट ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग, हालत गंभीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित लॉ सेकेंड ईयर में पढ़ता है। मामला लव अफेयर का बताया जा रहा है। यह घटना कोनी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार आयुष यादव 21 वर्ष गुरुवार सुबह अचानक कमरे से बाहर निकला। इसके बाद वह बोतल में पेट्रोल लेकर आया और खुद पर उड़ेल कर आग लगा ली। यह देखकर आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाई। इस बीच घटना की जानकारी उसके दोस्तों को हुई। उन्होंने पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए सिम्स अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अपोलो अस्पताल भेज दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस पीड़ित पूछताछ में करने की कोशिश कर रही है। पीड़ित युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दे गई है। देर शाम तक परिजनों के बिलासपुर पहुंचे की संभावना है। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। यह पता लगाया जा रहा है। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस परिजनों, मित्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि वे पुलिस जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। वहीं, छात्रों में इस घटना को लेकर चिंता और आक्रोश का माहौल है। वही कोनी टीआई ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक की हालत फिरहाल गंभीर है,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर छात्र को तत्काल चिकित्सा के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखें।

उत्तर प्रदेश का रहने वाला है पीड़ित

दरअसल, आयुष यादव मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वर्तमान में बिलासपुर में प्राइवेट हॉस्टल में रहकर लॉ की पढ़ाई कर रहा है। जबकि पिता प्रमोद यादव बीएसएफ में हैं और त्रिपुरा में सेवाएं दे रहे हैं। टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह की है। आयुष बड़ी कोनी के रामायण नगर में प्राइवेट हॉस्टल में रहता है। उसका रूम पार्टनर बाहर गया था। इस दौरान उसने खुद को आग के हवाले कर दिया।

60 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध धनार्जन के उद्देश्य से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी से 15-15 लीटर के 4 डिब्बे में रखे महुआ शराब जिसकी कीमत 12 हजार है को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। आज मुखबिर से सूचना मिली कि वर्मा मोहल्ला ग्राम गनियारी में एक व्यक्ति अपने कब्जे में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में बिक्री कर रहा है कि, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में टीम गठित कर वर्मा मोहल्ला ग्राम गनियारी में रेड कार्यवाही करते हुये आरोपी अंजेश कुमार वर्मा पिता अश्वनी वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी वर्मा मोहल्ला ग्राम गनियारी थाना कोटा के कब्जे से 4 नाग पीले रंग के डिब्बे में भरा हुआ 15-15 लीटर अवैध महुआ शराब कुल जुमला 60 लीटर कीमती 12 हजार रुपए को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश चौहान, सहायक उप निरीक्षक गोपाल खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक नहारु राम साहू, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश यादव, आरक्षक 1351 अखिलेश पारकर, आरक्षक 1356 संजय श्याम, आरक्षक 1330 खेमंत पाल, आरक्षक 1132 खिलावन नेताम का विशेष भूमिका रही।

डिप्टी कलेक्टर की एफआईआर रद्द करने दायर याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला डिप्टी कलेक्टर ने फर्जी वर्क आर्डर जारी कर शासन को नुकसान पहुंचाने के मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अपनी याचिका में उन्होंने बताया था कि तत्कालीन एसडीओपी ने उन्हें निजी रंजिश में झूठा फसाया है। महिला डिप्टी कलेक्टर ज्योति बबली कुजूर के ऊपर वाड्रफनगर जनपद पंचायत सीईओ रहते बसंतपुर थाने में फर्जी वर्क आर्डर जारी कर शासन को 30 लाख रुपए नुकसान पहुंचाने के आरोप में धारा 467, 468, 420, 409 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 7(1-13) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामले में चालान पेश किया गया था। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने मामले में ट्रायल की आवश्यकता पाते हुए महिला डिप्टी कलेक्टर की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ज्योति बबली कुजूर बलरामपुर-रामनुजगंज जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद में पदस्थ थीं। कलेक्टर ने कार्य विभाजन कर उन्हें वाड्रफनगर में पदस्थ किया था। वाड्रफनगर जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद में पदस्थ रहने के दौरान वेदप्रकाश पांडेय ने उनके खिलाफ सरकारी धन के दुरूपयोग करने की शिकायत की। इस पर 30 अप्रैल 2020 को बसंतपुर पुलिस ने उनके खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके साथ ही विभागीय जांच भी कराई गई। सामान्य प्रशासन विधि एवं विधाई कार्य विभाग ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की।

मामले में हस्तक्षेप से किया इंकार

याचिका में कहा गया कि एसडीओपी वाड्रफनगर से व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। याचिकाकर्ता के खिलाफ विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू की गई और पूरी विभागीय जांच पूरी होने के बाद, 28 जुलाई 2021 के आदेश से याचिकाकर्ता को आरोप से बरी कर दिया गया है। इस आधार पर याचिका को स्वीकार करने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डीबी में सुनवाई हुई। कोर्ट डीबी ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से मुख्य दलील यह है कि पूरी क्रिमिनल कार्रवाई उस समय के एसडीओ पी ध्रुवेश जायसवाल के बीच पर्सनल दुश्मनी का नतीजा है, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें झूठा फंसाने की धमकी दी थी।

राशन दुकान खोलने आवेदन 22 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम रिस्दा में राशन दुकान खोलने के लिए 22 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय मस्तुरी के खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक बंद लिफाफे में शाम 5 बजे तक आवेदन दे सकते है। आवेदन के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समितियां, लेम्प समितियां और वन सुरक्षा समितियां पात्रता रखते है।

जरुरतमंद लोगों का मददगार बनने पर ध्यान देंः शैलेष

बिलासपुर /नवप्रदेश। समाजिक संगठन को समाज में एकता के साथ ही जरुरतमंद लोगों का मददगार बनने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुझे खुशी है कि मंच सतत् रुप से समाज सेवा कर रहा है इन पुनीत कार्य में मै हमेशा आपके साथ हूं समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में मकर संक्रान्ति पर्व पर मुख्य अतिथि की आसंदी से पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने उपरोक्त बातें कही। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया प्रारंभ में हवन पूजन एवं भगवान परशुराम की महाआरती सभी उपस्थित जन ने किया। प्रतिभावान विद्यार्थियों शिवानी तिवारी एवं अनुष्का तिवारी को प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय एवं बसंत बाजपेयी ने छात्रवृत्ति दी। प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय, कान्यकुब्ज सभा रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अरुण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, महिला मंच प्रमुख रश्मि लता मिश्रा, आदित्य त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित किया सभागार में साउंड व्यवस्था हेतु पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने एक माह का पेंशन एक लाख रुपए दिए , मंच द्वारा तेरह वर्षों से नियमित प्रकाशित मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक का अतिथियों ने विमोचन किया। जनवरी माह में जन्म दिन वाले सुदेश दुबे साथी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनूप पांडेय, कमलेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, राजेश पाण्डेय, महेश तिवारी, दिनेश बाजपेयी, करूणा शंकर अवस्थी, योगेश मिश्र, लक्ष्मी कांत दीक्षित, रामशंकर शुक्ल, गोपाल तिवारी,मनोहर लाल मिश्र, संदीप बाजपेयी उपस्थित थे।

स्कूल परिसर जांजी में फेंका नवजात, कुत्तों ने नोचे शव के टुकड़े

सीपत में दिल दहला देने वाली घटना

सीपत/नवप्रदेश। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम जांजी से सामने आया यह मामला न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि इंसानियत के चेहरे पर एक गहरी कालिख भी पोत देता है। यहां एक दिन के नवजात शिशु को इतनी निर्दयता से शासकीय हाई स्कूल परिसर में फेंक दिया गया कि उसके शव के टुकड़े गांव के अलग अलग घरों के आंगन में पड़े मिले। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह गांव के कुछ बच्चे अपने घरों के बाहर खेल रहे थे। तभी उन्होंने एक कुत्ते को किसी वस्तु को मुंह में दबाकर भागते हुए देखा। बच्चों को जब शक हुआ तो उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने कुत्ते का पीछा किया, लेकिन तब तक वह गांव के कोटवार दीपक वर्मा के घर के बाड़ी में नवजात का सिर छोड़कर भाग चुका था। कुछ ही दूरी पर, अशोक वर्मा के घर के बाड़ी में बच्चे का कमर से नीचे का हिस्सा और दोनों पैर पड़े मिले। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए। देखते ही देखते पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मातम पसरा गया। घटना की सूचना तत्काल सीपत थाना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नवजात के शव के मिले सभी हिस्सों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में नवजात की उम्र लगभग एक दिन बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात को किसने, कब और किन परिस्थितियों में शासकीय स्कूल परिसर में छोड़ा। फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच तेज़ी से जारी है। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में दहशत, आक्रोश और गहरा दुख का माहौल है।

आयोजन उप मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक अरुण साव ने लोरमी के ग्रामीणों से की मुलाकात, छिरहुट्टी और बैगाकांपा में विकास कार्यों के लिए 17 लाख की घोषणा की

महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तीकरण और बच्चों का भविष्य उज्ज्वलः उप मुख्यमंत्री साव

लोरमी/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने आज लोरमी विधानसभा के लक्षनपुर, छिरहुट्टी, बैगाकांपा, नारायणपुर, गैंजा और गुरुवाईनडबरी में अपने परिवारजनों से भेंट मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। श्री साव ने 17 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

श्री साव ने ग्राम लक्षनपुर (महंत) में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से ओत-प्रोत श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा रसपान के लिए पधारे श्रद्धालु ग्रामीणजनों से आत्मीय भेंट एवं स्नेहपूर्ण संवाद किया। भगवान श्रीकृष्ण जी की कृपा से समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कार निरंतर फलता रहें यही कामना है। श्री साव ने ग्राम छिरहुट्टी में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, और जनचौपाल के माध्यम से परिवारजनों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया कि, गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। खुड़िया बांध से पाइपलाइन के माध्यम से गांव तक पेयजल पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। इसके बाद प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित जल सुनिश्चित होगा। श्री साव ने ठाकुर देव से रहन नदी तक नाली निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने ग्राम बैगाकांपा में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर सार्थक संवाद किया, और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान माताओं बहनों से महतारी वंदन को लेकर चर्चा की। एक बहन अपनी बेटी के लिए भारतीय जीवन बीमा (एलआईसी) में 12 हजार रुपए वार्षिक जमा कर रही है। दूसरी बहन एलआईसी में 10 हजार रुपए जमा कर रही है। महतारी वंदन योजना से माता बहनें सशक्त हो रही है। साथ बच्चों का भी भविष्य भी संवर और सुरक्षित हो रही है। श्री साव ने गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए देने की घोषणा की। डिप्टी सीएम श्री साव ने नारायणपुर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजा राम साहू के घर पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय रामलाल साहू के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि, पुण्यात्मा को अपने श्रीचरण में स्थान देवें एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रत्ना काटले, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा उपस्थित थे।

गांव-गांव में बन रही पक्की सड़कें

विधानसभा में चारों तरफ सड़क बन रही है। सभी काम साय सायं हो रहा है। बारी बारी से समस्या का समाधान हो रहा है। गांवों में विकास कार्य स्वीकृति हो रहा है। यह सब क्षेत्र के परिवारजनों का आशीर्वाद का परिणाम है। चारों तरफ काम हुआ है। श्री साव ने ग्राम गैंजी में पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग डॉ उदय जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य कुंती जायसवाल के पूज्य पिताजी स्वर्गीय मटुकराम जायसवाल की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सम्मिलित होकर विद्वान भगवताचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं गुरुवाईनडबरी में ग्रामीणों से भेंट कर आत्मीय चर्चा की।

सुविचार

जिंदगी बेहतर हो जाती है जब आप खुश होते हैं लेकिन जिंदगी उस समय बेहतरीन हो जाती है जब आप दूसरों की खुशी की वजह बन जाते हैं।

चीनी नेताओं के दौरे से सियासी बवाल

चीनी कम्यूनिष्ट पार्टी(सीपीसी) के नेताओं के भारत दौरे के दौरान चीनी नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में भाजपा नेताओं से बैठक की उसके बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ भी उनकी मुलाकात हुई। इसे लेकर देश में सियासी बवाल खड़ा हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा और चीनी नेताओं के बीच कोई गुप्त बैठक को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि एक ओर तो चीन कश्मीर की शक्सगाम घाटी पर कब्जा करने का दावा कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेता चीनी कम्यूनिष्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से गुपचुप बैठक कर रहे हैं और इस बैठक में क्या खिचड़ी पक रही है इसे देश से छिपाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि देश को यह जानने का अधिकार है कि भाजपा और चीन की सत्तारूढ़ के नेताओं के बीच बंद कमरों में क्या बातचीत हुई है। गौरतलब है कि हाल ही में चीन ने कश्मीर की शक्सगाम घाटी पर अपना दावा ठोकते हुए वहां निर्माण काम भी शुरू कर दिया है। यह शक्सगाम घाटी पाक अधिकृत कश्मीर में है। जिसे पाकिस्तान ने चीन को दे रखा है। चीन किसी घाटी से होते हुए पाकिस्तान तक सड़क निर्माण कर रहा है। जिस पर भारत ने पहले भी आपत्ति जताई थी और अभी भी वह इस पर आपत्ति कर रहा है किन्तु चीन अपनी चालबाजी से बाज नहीं आ रहा है। ऐसी स्थिति में चीनी नेताओं की भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस ने इस पर जो सवाल खड़े किये हैं उसका जवाब भाजपा और केन्द्र सरकार को देना ही चाहिए। अन्यथा इसे लेकर कई तरह के कयास लगाये जाएंगे और विपक्ष भाजपा को कटघरे में खड़ा करता रहेगा। अभी ही यह चर्चा हो रही है कि भाजपा भी चीन की कम्यूनिष्ट पार्टी की तरह ही देश में तानाशाही लागू करना चाहती है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां समय समय पर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को तानाशाह बताती रही हैं। अभी देश में वन नेशन वन इलेक्शन की कवायद की जा रही है उसे लेकर भी विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने की साजिश कर रही है और बाद में भारत में भी चीन की तरह ही वन नेशन वन पार्टी का नियम लागू हो सकता है। उल्लेखनीय है कि चीन में सिर्फ चीनी कम्यूनिष्ट पार्टी ही है। इसके अलावा वहां कोई विपक्षी पार्टी नहीं है। लंबे समय से इसी एक पार्टी का वहां एक क्षत्र राज रहा है। इसीलिए चीन की सरकार को तानाशाह सरकार कहा जाता है। विपक्ष को डर है कि कहीं भाजपा भी चीनी पार्टी की तरह ही देश में तानाशाही लागू न कर दे।

धान खरीदी में छग ने रचा नया कीर्तिमान

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून की मेहरबानी से धान की भरपूर पैदावार हुई है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने किसानों से धान का हर दाना खरीदने का और किसानों को उसका समय पर भुगतान करने का जो संकल्प लिया था। उसे पूरा करने में साय सरकार सफल हो रही है। 13 जनवरी तक सरकार ने 17 लाख 77 हजार किसानों से 105 लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा धान की खरीदी की है और किसानों को 23448 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड भुगतान कर दिया है जो अब तक की सबसे अधिक धान खरीदी और सबसे बड़ा भुगतान है। इस मामले में छत्तीसगढ़ में निश्चित रूप से एक नया कीर्तिमान रचा है। अभी भी धान खरीदी जारी है और इस बार छत्तीसगढ़ पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़कर सर्वाधिक धान खरीदी का नया रिकॉर्ड कायम कर सकता है। हालांकि धान खरीदी के दौरान उपार्जित धान के भंडारण में कई कमियां पाई गई और कहीं कहीं किसानों को दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा किन्तु सरकार ने समय रहते इन वसिंगतियों को दूर किया और लापरवाह केन्द्र प्रभारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही भी की। सरकार की सख्ती के चलते धान उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था कायम हुई और किसानों का धान सुविधाजनक रूप से बिकने लगा और समय पर उनका भुगतान भी सुनिश्चित हुआ इसके लिए साय सरकार बधाई की पात्र है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ हर आदमी को अच्छा एक्टर होना चाहिए श्री कृष्ण की तरह। श्री कृष्ण हमारे आइडियल हैं और बेस्ट एक्टर हैं इस वर्ल्ड के। आप भी एक्टिंग अच्छा करो, जब भी करो खूब सुंदर एक्टिंग करो हर मुश्किल में मुस्कुराने का।

◆ प्रकृति तुम्हें अधिकार नहीं दी दुखी होने का और तुम दुखी हो गए? मौज करिए, मौज में रहिए और मस्त रहिए और परिस्थिति के लिए बस यही सोचिए आई है तो जाएगी भी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1920 - 'लीग ऑफ़ नेशंस' ने पेरिस में अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की। 1969 - सोवियत अंतरिक्ष यानों 'सोयुज 4' और 'सोयुज 5' के बीच पहली बार अंतरिक्ष में सदस्यों का आदान-प्रदान हुआ।1979 - 'शाह ऑफ़ईरान' सपरिवार मिस्र पहुँचे। 1955 - पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन। 1947 - विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये। 1943 - इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला। 1989 - सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की अपनी योजना की घोषणा की।1991 - 'पहला खाड़ी युद्ध' । 1992 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच प्रत्यर्पण संधि। 1995 - चेचेन्या में चल रहे गृहयुद्ध को रोकने के लिए रूसी प्रधानमंत्री विक्टर चेर्नोमिर्दिन एवं चेचेन्या प्रतिनिधिमंडल के बीच समझौता। 1999 - भारत के अनिल सूद विश्व बैंक के उपाध्यक्ष बने, टोक्यो पुनः विश्व का सबसे मंहगा शहर घोषित। 1996 - हब्बल अंतरिक्ष दूरबीन के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में 100 से अधिक नये आकाशगंगा को खोज निकालने का दावा किया।

राजेन्द्र सिंह

इस यज्ञ का सबसे प्रभावशाली आयाम युवा पीढ़ी में आरोपित संस्कारों का रहा। हजारों-लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन पंडाल में उमड़ते, जिसमें युवाओं की भारी उपस्थिति उल्लेखनीय थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेकों राजनेता उद्योगपति और खेल जगत के दिग्गजों की चर्चित उपस्थिति में राष्ट्रीय पटल पर युवा शक्ति को सनातन से जोड़ने की सार्थक पहल हुई। युवाओं के लिए भारत की पहली समग्र राष्ट्र-कथा कहने वाले राष्ट्रीय संत के रूप में सद्गुरु रितेश्वर महाराज न केवल वर्तमान के स्वर हैं, बल्कि भविष्य की पुकार भी हैं।आज के डिजिटल युग में, जहां पश्चात सभ्यता और विघटनकारी शक्तियां सनातन के मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, वहीं इस राष्ट्रकथा ने एक समग्र एवं विकासशील भारत को एक कवच प्रदान किया है। वहीं सदगुरु श्री रितेश्वर महाराज ने देश के अन्य ख्यातिलब्ध संतो के लिए सनातन संस्कृति और सुसंस्कृत समाज के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए ऐसी ही राष्ट्र कथाओं के आयोजन की राह खोल दी है।

गर्व के साथ भारत को जीना सिखाने आया हूँ सद्गुरु रितेश्वर महाराज

संत, महात्माओं द्वारा प्रचलित कथाओं से इतर किसी संत ने पहली बार राष्ट्र कथा के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना को मजबूत करने का अभिनव प्रयोग किया है । और कथा के अति विशाल पांडाल में शामिल हुए लाखों की संख्या में छात्र एवं छात्राओं के साथ साथ बड़ी तादाद में मौजूद महिलाओं और पुरुषों की रुचि और उनके उत्साह में मां भारती के गगनभेदी जयघोष ने इस आध्यात्मिक आयोजन की सफलता पर मुहर लगा दी।

गौरतलब यह है कि जब किसी देश में युवाओं के लिए वास्तव में किसी प्रज्ञावान संत द्वारा राष्ट्रकथा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना का रसपान कराने का संकल्प लिया जाए, तो निश्चित ही देश में बदलाव की बयार चलना स्वाभाविक है। इस कथा में यह नजारा भी देखने को मिला। और जिसने जहां भी इस कथा का श्रवण किया, सभी ने मुक्तकंठ से इस नए प्रयोग को सराहा और कहा कि देश के युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह कथा दिव्यास्त्र हो सकती है।

भारत में संत-परंपरा सदियों से आध्यात्मिक चेतना का वाहक रही है। संत प्रभु की भक्ति की कथा कहते हैं, लेकिन यह पहला अवसर था जब किसी संत ने राष्ट्रकथा को मूल विषय बनाकर, खासकर युवाओं को लक्ष्य बनाकर उनमें नई भक्ति और नई शक्ति का संचार किया हो। नव वर्ष 2026के शुभारंभ पर गोंडा जिले की यह ऐतिहासिक राष्ट्र कथा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि यह राष्ट्र रक्षा यज्ञ का जीवंत स्वरूप भी थी।

भारत में समकालीन सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज ने इस राष्ट्रकथा के माध्यम से युवाओं को आध्यात्म और आध्यात्म को राष्ट्रबोध से जोड़ा । सद्गुरु कोई कथाकार नहीं बल्कि सनातन के संवाहक के साथ ही एक विचारक, निर्माता, संस्कृति-संरक्षक और राष्ट्रीय चेतना के आधुनिक शिल्पी हैं। आज जब भारत युवा है, ऊर्जावान है, पर वैचारिक द्वंद्व से भी घिरा है, ऐसे समय में सद्गुरु रितेश्वर महाराज की राष्ट्र-कथा केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि दिव्य दिशा बनकर सामने आती है। राष्ट्र रक्षा यज्ञ की महत्ता को समझने के लिए हमें इसके मूल दर्शन की ओर लौटना होगा। सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने राष्ट्रकथा के माध्यम से रामायण, भागवत तथा सनातन दर्शन के जी गूंढ रहस्यों को सरल भाषा में उजागर किया। उन्होंने बार-बार जोर दिया कि राष्ट्र रक्षा केवल सीमा पर बंदूक थामने तक सीमित नहीं, यह हृदय से प्रारंभ होती है। राष्ट्रकथा का अधिकार उसी को मिलना चाहिए जो अपनी पूरी जवानी, वाणी और जीवन को राम, कृष्ण और मां भारती पर न्योछावर कर दे,। यह उनका कथन युवा पीढ़ी के लिए एक संकल्प बन गया। महाराज ने अपनी 52 वर्ष की तपस्या का उदाहरण देते हुए कहा, हमने कभी किसी से बिना

कुछ स्वीकार किए मां भारती, राम, कृष्ण और हनुमान जी के लिए कथा की है। यह वचन सनातन की शुद्धता और निष्काम भावना का प्रतीक है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आस्था को मजबूत करता है।

कथा में महराज जी ने भारत की सभ्यतागत आत्मा , संस्कृति , और भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहा जाता था इस पर भी अपनी ओजस्वी वाणी के माध्यम से गौरवशाली इतिहास को तथ्यात्मक तरीके से श्रोताओं के मध्य रखा । और कहां की यह वही भारत है जहां सबसे पहले चेचक का टीका और वायुयान का प्रक्षेपण सबसे पहले किया गया । इस देश में ना तो प्रतिभाओं की कमी है और ना ही संसाधनों की, और ना ही खनिज संपदा की इसके बावजूद भारत की तस्वीर को बीमारू और अभावग्रस्त दिखाया गया यह सब विश्व मंच पर एक साजिश का ही हिस्सा रहा है । मैकाले की शिक्षा व्यवस्था देश के लिए अभिशाप रही है हमारे इतिहास को दबाया गया छेड़ा गया और मनचाहे तरीके से प्रस्तुत किया गया इसके लिए कहीं ना कहीं हमारे इतिहासकार भी जिम्मेदार है।

कर्तव्य-बोध और भविष्य-दृष्टि पर सद्गुरु युवाओं से कहते हैं, कि ÷तुम्हें भारत पर गर्व करना सिखाने नहीं आया हूँ, तुम्हें भारत को जीना सिखाने आया हूँ। ÷उनकी राष्ट्र-कथा भावुक राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक राष्ट्रबोध है। आज का भारतीय युवा तकनीक में दक्ष है। वैश्विक है, महत्वाकांक्षी है, लेकिन साथ ही अपनी जड़ों से कटता जा रहा है। इतिहास को बोझ समझता है, संस्कृति को पिछड़ापन मानने लगा है। सद्गुरु रितेश्वर महाराज इस स्थिति को राष्ट्र का सबसे बड़ा संकट नहीं, बल्कि सबसे बड़ी संभावना मानते हैं। उनके अनुसार, ÷अगर युवा भटक रहा है, तो दोष युवा का नहीं, कथा के अभाव का है। युवा को कोई ऐसी कथा नहीं मिली जिसमें वह स्वयं को देख सके। एक उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिक के रूप में, एक साधक के रूप में, एक राष्ट्र-निर्माता के रूप में। सद्गुरु रितेष्वर महाराज की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे राष्ट्र-कथा को धर्म की संकीर्ण परिभाषा से मुक्त रखते हैं। वे कहते हैं, राष्ट्रभक्ति का अर्थ नारे नहीं, राष्ट्रधर्म का अर्थ दूसरों से घृणा नहीं संस्कृति का अर्थ अतीत में फँस जाना नहीं।

यह राष्ट्र कथा सरयू नदी के पावन तट पर गोंडा में 1 से 8 जनवरी 2026 को पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा आयोजित की गई थी। इस यज्ञ का सबसे प्रभावशाली आयाम युवा पीढ़ी में आरोपित संस्कारों का रहा। हजारों-लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन पंडाल में उमड़ते, जिसमें युवाओं की भारी उपस्थिति उल्लेखनीय थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेकों राजनेता उद्योगपति और खेल जगत के दिग्गजों की चर्चित उपस्थिति में राष्ट्रीय पटल पर युवा शक्ति को सनातन से जोड़ने की सार्थक पहल हुई। युवाओं के लिए भारत की पहली समग्र राष्ट्र-कथा कहने वाले राष्ट्रीय संत के रूप में सद्गुरु रितेश्वर महाराज न केवल वर्तमान के स्वर हैं, बल्कि भविष्य की पुकार भी हैं।आज के डिजिटल युग में, जहां पश्चात सभ्यता और विघटनकारी शक्तियां सनातन के मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, वहीं इस राष्ट्रकथा ने एक समग्र एवं विकासशील भारत को एक कवच प्रदान किया है। वहीं सदगुरु श्री रितेश्वर महाराज ने देश के अन्य ख्यातिलब्ध संतो के लिए सनातन संस्कृति और सुसंस्कृत समाज के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए ऐसी ही राष्ट्र कथाओं के आयोजन की राह खोल दी है।

पीयूष गोयल

इन पहलों से अब तक 850 से अधिक स्टार्टअप्स लाभान्वित हो चुके हैं। स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, न्यूज़ीलैंड और इज़राइल की मेरी हालिया यात्राओं में स्टार्टअप्स भारत के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों का अहम हिस्सा रहे। इन प्रयासों ने वैश्विक मंच पर भारतीय नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर दिया, साथ ही हमारे उद्यमियों को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की नवाचार और व्यापारिक कार्यप्रणालियों से परिचित कराया। सुधार और बाज़ार तक पहुंचः इस विकास को संभव बनाने में कारोबार करने में आसानी सुधारना एक मुख्य आधार रहा है। पात्र स्टार्टअप अपने पहले दस वर्षों में से किसी भी तीन लगातार वर्षों के लिए कर अवकाश का लाभ ले सकते हैं।

नवाचार, समावेशन और भारत की प्रगति को गति देते हैं स्टार्टअप

स्टार्टअप इंडिया पहल पूरे देश में एक समग्र और नई सोच वाले इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई है। यह युवाओं की उद्यमशील ऊर्जा को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को तेज करने की दिशा में लगाकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को साकार करने का मार्ग तैयार कर रही है।

भारत में आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक मौजूद है। आज उद्यमिता एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुकी है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और विकास व रोजगार सृजन का नया इंजन बन रही है।

यह परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ। जब प्रधानमंत्री ने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की घोषणा की, तब उन्होंने एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दृष्टि रखी कि उद्यमिता देश के हर जिले और हर ब्लॉक तक पहुंचे। 16 जनवरी 2016 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से शुरू किए जाने के बाद से स्टार्टअप इंडिया ने लंबा सफर तय किया है। स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर रहे हैं। आईटी सेवाएं, स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, शिक्षा, कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। इसके अलावा, जलवायु तकनीक और अवसंरचना सहित 50 से अधिक अन्य उद्योगों में भी नए उद्यम सामने आए हैं। यह व्यापकता विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और मजबूती को दर्शाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

नवाचार और एआईः पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव नवाचार और गहन तकनीक पर बढ़ते ध्यान के रूप में देखा गया है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक

2015 में 81वें स्थान से बढ़कर पिछले वर्ष 38वें स्थान पर पहुँच गई है, और गहन तकनीक से जुड़े स्टार्टअप्स को सरकार का समर्थन इसे आगे और बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के आधार पर एआई स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गहन तकनीक वाला राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है, तथा इंडिया एआई मिशन और रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना की शुरुआत की गई है। भारत के स्टार्टअप एयरोनॉटिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा, रोबोटिक्स, हरित तकनीक, इंटरनेट ऑफथिंग्स और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार कर रहे हैं। बौद्धिक संपदा के निर्माण में तेज़ वृद्धि इस प्रवृत्ति को और मजबूत करती है। भारतीय स्टार्टअप्स ने 16,400 से अधिक नए पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जो मौलिक नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है।

अखिल भारतीय विकासः उद्यमिता को देशभर में मिल रहा समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्ष 2016 में केवल चार राज्यों में स्टार्टअप नीतियां थीं, जबकि आज भारत के 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष स्टार्टअप ढांचे मौजूद हैं। अब हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जो संस्थागत समर्थन की मजबूती और जमीनी स्तर की भागीदारी को दर्शाता है। अब तक 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी जा चुकी है, जो नीति-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के एक दशक के सतत विकास को दर्शाता है। केवल 2025 में ही 49,400 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिली, जो स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के बाद सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। समावेशन इस पूरी यात्रा की एक मजबूत आधारशिला रहा है। महिला नेतृत्व वाले उद्यम एक बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं, जहां 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है। इसके अलावा, लगभग आधे स्टार्टअप गैर-मेट्रो शहरों में स्थित हैं, जो नवाचार और रोजगार के नए केंद्र के रूप में टियर-2 और टियर-3 शहरों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। लोकल से ग्लोबलः जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप्स का विस्तार हो रहा है, पूरी दुनिया उनके लिए बाज़ार बनती जा रही है। वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप इंडिया ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाई हैं। अब 21 अंतरराष्ट्रीय ब्रिज और 2 रणनीतिक गठबंधन मौजूद हैं, जो यूके, जापान, दक्षिण कोरिया, स्वीडन और इज़राइल सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बाज़ार तक पहुंच, सहयोग और विस्तार को आसान बनाते हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिल गुड़ का साथ

तिल गुड़ का साथ हो, खिचड़ी सी सौगात हो, लोहड़ी की धूम संग, संक्रांति मनाईये, लम्बी पतंग की डोर, लटाई हो दूजी छोर, गगन नाप आईये, पेंच खूब लड़ाईये, गंगा में करें स्नान, ध्यान, मान, अन्नदान, सेवा सत्कर्म संग, माघ में नहाईये, अक्षत पुण्य पाईये, भावों का काव्यांगन हो, कविजन समागम हो, अपनीं ओज वाणी से कविता सुनाईए, संगम नहाईये।

- डॉ कुमुद श्रीवास्तव

झुमरू बन के

झुमरू बन के घूमता , तनिक नहीं अहसास जुमले , जुमले बस रहे , नहीं जुबां का पाश पिद्दी सा था आदमी , बना दिया जो ख़ास नींवों पे कायम नहीं, बस करे सदा परिहास मुद्दे मुर्दा कर रहा, न स्मरण सैनिक सम्मान देश दुहाई दे रहा , पर नीरो खींचे लंबी तान नाक नथी पर मौन है, बिका दो कौड़ी में मान देश कहाँ, दल ही दिखे , मसीहा भूले हिंदुस्तान।

-केदारनाथ शब्द मसीहा

रात दिन का यह सिलसिला क्यूँ है तू मेरा

रात दिन का यह सिलसिला क्यूँ है तू मेरा है तो फ़िर जुदा क्यूँ है दीदा-ओ-दिल में रिफ़ाक़त है तो फ़िर हम में तुम में यह फ़ासला क्यूँ है सारे दरवाज़े मुझ पे बन्द करके वो दरीचों से झाँकता क्यूँ है चीखता हूँ मैं खुद ही खिलवत में सोचता हूँ यह शोर -सा क्यूँ है तुम हो पहलू में फ़िर भी दिल यह मेरा जाने तुझको ही ढूँढ़ता क्यूँ है। **- अनु मित्तल'इंदु'**

उलझन की गहन धुँध में है दुबकी हुई भाव

उलझन की गहन धुँध में है दुबकी हुई भाव सविता उत्साह रूपी पवन मंद है शिथिल पड़ी जीवन सरिता अनुभूति की देख उदासी अभिव्यक्ति भी मौन हुई भाव शून्य है मन रीता है कैसे कहो लिखूं कविता।। **- पूजा बंसल**

पैसे से मिलते टिकट, जान रहे

पैसे से मिलते टिकट, जान रहे सब लोग। वोट दिए पैसे लिए, नेता का सहयोग। नेता का सहयोग, नचाते दिन भालू! लठ्ठमार का खेल, मदारी आया कालू!! कहे राज मति मंद, कंद नित खाए भैसा! कुछ दिन की है बात, लूटते वोटर पैसा!! **- राजकिशोर मिश्र राज (हिंदी)**

दिवस बड़े होने लगे, मकर राशि में सूर्य

दिवस बड़े होने लगे, मकर राशि में सूर्य। यही मकर संक्रांति का, होता है वैधूर्य।। मकर राशि में सूर्य है, खुशियाँ मिलें अपार। मंगलमय संक्रांति हो, मिले प्रकृति का प्यार। मौसम के अनुरूप ही, लेना है आहार। समय समय पर आपको, बतलाते त्यौहार।। **- शुचि 'भवि'**

अति पावन पर्व पुनीत महा हम माघहिं

अति पावन पर्व पुनीत महा हम माघहिं मास मनाइत है। करिया उरदा उजरा चउरा सब आपस एक मिलाइत है।। नहि छोट बड़े कय भेद करो यह बात सभै समझाइत है। घिव के संगमा खिचड़ी मिलिकै हम खाइत और खवाइत है।। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष :आज का दिन प्रतिकूल रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही के कारण सेहत में विकार आने से प्रातः काल से ही अनमने से रहेंगे कार्य करने का मन करेगा लेकिन उत्साह की कमी हर कार्य मे विलंब कराएगी। धन की आमद रुक रुक कर होने से थोड़ी राहत में रहेंगे।

वृषः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा घर मे माता अथवा अन्य स्त्री से संबंधों में कटुता आएगी परिजनों से आज किसी न किसी बात पर मतभेद ही रहेंगे फिर भी अन्य क्षेत्र पर आपकी छवि भद्र इंसान के रूप में बनेगी स्वभाव में भी व्यवहारिकता रहने से किसी को निराश नही करेंगे। थकान को छोड़ सेहत ठीक ही रहेगी।

मिथुनः आज के दिन आपको अनुकूल फल मिलेंगे आपका ध्यान भविष्य को सुरक्षित बनाने पर रहेगा। आर्थिक कार्यो में रुचि अधिक रहेगी मन मे धन संबंधित तिकडम लगी रहेगी। स्वयं अथवा परिजनों की सेहत को लेकर खर्च होगा।

कर्कः आज के दिन आप अपने बुद्धि चातुर्य से हर जगह सम्मान पाएंगे मेहनत भी आज अन्य दिनों की तुलना में अधिक करनी पड़ेगी लेकिन बीच-बीच मे प्रसंशा मिलने से अखरेगा नही। आर्थिक लाभ को लेकर दिन के आरंभ से कयास लगाएंगे मध्यान से रुक रुक कर होने की संभावना है पर मन अधिक पाने की लालसा में शांत नही रहेगा।

सिंहः आज का दिन मिलाजुला फल देगा आज भी दिन के आरंभ में घर मे पुराने विवाद के कारण परिजनों से मतभेद उभरेंगे लेकिन बीते कल की तुलना में आज धर्य रहने से इससे बचने का प्रयास करेंगे किसी की बातों का प्रतिशोध नही लेंगे लेकिन मन ही मन दुखी रहेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहने वाला है दिन के आरंभ में घर मे किसी से व्यर्थ की बात पर उलझेंगे लेकिन मध्यान के बाद स्वभाव में गंभीरता आएगी फिर भी सहकर्मी आपसे व्यवहार करने में संकोच करेंगे जिससे कार्य क्षेत्र पर आपसी तालमेल की कमी रहेगी। संध्या बाद शरीर दुखने की शिकायत होगी।

तुलाः आज के दिन आप अपनी विद्या बुद्धि से असम्भव को संभव करने में सफल रहेंगे आज जिस कार्य को करने के लिये सभी मना करेंगे आपको वही करने में आनंद आएगा। संतान की सेहत अथवा अन्य कारणों से परेशानी होगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा आज आपकी मानसिकता सुखोपभोग की वस्तुओं के संग्रह की रहेगी इसपर खर्च भी करेंगे लेकिन भविष्य को ध्यान में रखकर ही चले। कार्य व्यवसाय से दिन के आरंभ में ज्यादा आशा नही रहेगी लेकिन मध्यान के आस-पास आकस्मिक लाभ होने से मन मे लोभ आएगा।

धनुः आज का दिन भी विपरीत फलदायक बना है

QUIZ TIME

1) हट्टी जनजाति द्वारा बोड़ा महोत्सव की शुरूआत किन राज्यों में हुई थी?

2) हाल ही में गोवा स्थित किस उद्योगपति को भारत-इटली सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इटली के कैवलियरे डेल ऑर्डिन डेला स्टेला डी इटालिया से सम्मानित किया गया?

3) केरल सरकार ने हाल ही में अरालय वन्यजीव अभयारण्य का नाम बदलकर क्या रखा है?

4) प्रवासी भारतीय दिवस तिथि को मनाया जाता है?

5) मेघालय उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) हिमाचल प्रदेश (2) श्रीनिवास डेम्पो (3) अरलम तितली (4) 09 जनवरी (5) न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे

पहेली

न्यूज गैलरीं

रायपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिस नि:शुल्क कोचिंग

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत रायपुर जिला मुख्यालय स्थित अखिल भारतीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे बैंकिंग, रेल्वे, कर्मचारी चयन आयोग एवं छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके लिए पात्र विद्यार्थियों से 22 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कुल 100 सीटें निर्धारित की गई हैं। इनमें अनुसूचित जाति के लिए 30, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 सीटें आरक्षित हैं। साथ ही वर्गवार 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। चयनित विद्यार्थियों को ?1000 प्रतिमाह शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। कोचिंग पूर्णतः निःशुल्क होगी।अभ्यर्थियों का चयन प्राक्कयन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी तिथि पृथक से सूचित की जाएगी। योजना का लाभ केवल एक बार ही लिया जा सकेगा। पात्रता की प्रमुख शर्तें आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग का स्थायी जाति प्रमाणपत्र धारक हो। आवेदक की आयु न्यूनतम 20 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष हो (आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष की 1 जनवरी की स्थिति में)। अभ्यर्थी संबंधित परीक्षाओं हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/स्नातकोत्तर) रखता हो। शासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे। अभ्यर्थी या उसके माता-पिता/पालक की वार्षिक आय ?3.00 लाख तक होनी चाहिए, जिसका प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 22 जनवरी 2026 कर दिया गया है।

पारापुर डायवर्सन योजना के लिए 9.30 करोड़ स्वीकृत



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बस्तर जिले के विकासखण्ड-लोहांडीगुड़ा के अंतर्गत पारापुर डायवर्सन योजना के कार्यों के लिए 9 करोड़ 30 लाख 11 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के अंतर्गत 350 हेक्टेयर रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग जगदलपुर को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

मूलचंद बंजारे ने जैविक और वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर बढ़ाया उत्पादन, बदली तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया के ग्राम मोहदी निवासी कृषक श्री मूलचंद बंजारे ने जैविक खेती अपनाकर न केवल अपनी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि की है, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ किया है। कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषित जैविक खेती मिशन योजना उनके लिए परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है। श्री मूलचंद बंजारे के पास कुल 1.224 हेक्टेयर कृषि भूमि है। पूर्व में वे रासायनिक खेती करते थे, जिसके कारण फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप लगातार बना रहता था और लागत अधिक होने के बावजूद अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री गेंदलाल पात्रे से संपर्क किया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के मार्गदर्शन में उन्होंने राज्य पोषित जैविक खेती मिशन के अंतर्गत हरी खाद सनई बीज की बोनी कर उन्नत एवं वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाई। इसके अंतर्गत प्रमाणित बीज का उपयोग, बीज उपचार, ट्रायकोडर्मा से बीज शोधन, पी.एस.बी. कल्चर का प्रयोग तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन किया गया। साथ ही खेत की ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, समय पर जिंक सल्फेट का उपयोग एवं गभोट अवस्था में प्रति एकड़ 02 किलोग्राम बोरान का छिड़काव भी किया गया। इन वैज्ञानिक एवं जैविक उपायों के सकारात्मक परिणाम सामने आए।

फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम हुआ, उत्पादन लागत घटी और धान की फसल से निर्धारित उत्पादन लक्ष्य प्राप्त हुआ। बेहतर उपज और गुणवत्ता के कारण किसान की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया। श्री मूलचंद बंजारे का कहा कि जैविक एवं वैज्ञानिक खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि किसानों के लिए दीर्घकालीन रूप से अधिक लाभकारी भी है। कृषिठु विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं का सही उपयोग कर किसान अपनी खेती को लाभ का साधन बना सकते हैं।

इलाज की जंग में कृतिका को मिला सरकार का सहारा

- **मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 16.50 लाख की मदद, बची मासूम की जिंदगी**

रायपुर/नवप्रदेश। जब बीमारी जिंदगी पर भारी पड़ने लगे और इलाज की लागत परिवार की हैसियत से बाहर हो, तब उम्मीद अक्सर टूटने लगती है। ऐसी ही नाजुक घड़ी में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की बालिका कृतिका निषाद को छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ने नया जीवन दिया। गंभीर बीमारी से जूझ रही कृतिका के इलाज के लिए फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम में 16 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। जिला प्रशासन की तत्परता और स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से यह सहायता समय पर मिली, जिससे परिवार को कर्ज के बोझ से बचाते हुए बेहतर इलाज संभव हो सका। राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत गंभीर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए 25 लाख रुपये तक की अधिकतम सहायता दी जा रही है, जो देश में सर्वाधिक में शामिल है। यह योजना उन परिवारों के लिए संबल बनी है, जिनके लिए महंगे इलाज की कल्पना भी असंभव होती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस योजना से कैंसर, हृदय रोग, लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसे जटिल इलाज कराए जा सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि कोई भी नागरिक सिर्फ पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे।कृतिका की कहानी इसी संवेदनशील सोच की जीवंत मिसाल बनकर सामने आई है।

गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत भटगांव और संजय नगर पहुँचीं मंत्री राजवाड़े

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज गांव-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महावीरपुर एवं संजय नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं आमजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जनसमस्याओं का समाधान सीधे जनता के बीच जाकर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।

प्रवास के दौरान मंत्री राजवाड़े ग्राम महावीरपुर में नाली निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं तथा ग्राम संजय नगर में नवनिर्मित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के ये विकास कार्य ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ जनजीवन को अधिक सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनमत बछाड़, महिला मोर्चा सूरजपुर जिला अध्यक्ष श्रीमती नूतन विश्वास, मंडल अध्यक्ष श्री हरीश राजवाड़े सहित दोनों ग्रामों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रोजेक्ट पाई-पाई के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता पर दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोजेक्ट पाई-पाई के अंतर्गत ब्लॉक आरंग के ग्राम पंचायत फरफौद एवं परसदा में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत के महत्व, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली तथा सुरक्षित वित्तीय व्यवहारों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में Reserve Bank of India के मैनेजर की उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा।

डिजिटल टोकन व्यवस्था से सशक्त हो रहे किसान

- **किसान तुंहर टोकन ऐप ने धान विक्रय प्रक्रिया बनाई सरल और पारदर्शी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों का व्यापक लाभ किसानों को मिल रहा है। किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा ने धान विक्रय प्रक्रिया को आसान, समयबद्ध और व्यवस्थित बना दिया है।

अंबिकापुर के ग्राम पंचायत करजी के लघु सीमांत किसान धर्मसाय ने बताया कि उनके पास कुल 84 क्विंटल धान का रकबा है और उन्होंने ऐप के माध्यम से घर बैठे 64 क्विंटल धान के लिए टोकन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सुविधा ने समिति कार्यालय की भीड़ और अनावश्यक भागदौड़ समाप्त कर दी है, जिससे किसानों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। निर्धारित तिथि पर धान उपार्जन केन्द्र पहुंचने पर श्री धर्मसाय को गेट पास, धान की नमी जांच और बारदाना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित है और धान विक्रय में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आई। उपार्जन केन्द्रों पर पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था तथा समिति कर्मचारियों द्वारा सहयोग जैसे प्रबंध किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य ?3100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है। इस कदम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। साथ ही किसान धान के साथ गेहूं, तिलहन और सब्जी उत्पादन की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं, जिससे आय के स्रोत विविध हो रहे हैं।

श्री धर्मसाय ने धान खरीदी व्यवस्था को किसान हितैषी बताते हुए राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2500 करोड़ के भ्रष्टाचार पर मौन क्यों है सरकार?

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकी राम कंवर द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 4 में ढाई हजार करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार में बैठे लोगों के उच्च राजनीतिक संरक्षण के चलते ही निष्पक्ष जांच के बजाय परदेदारी की जा रही है। टेंडर की शर्तों में बदलाव कर इतना बड़ा भ्रष्टाचारी सत्ता के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। आदिवासी क्षेत्रों में सड़क जैसे बुनियादी सुविधा और विकास इस सरकार के कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है, केंद्रीय योजनाओं का लाभ भी छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जिस ठेकेदार के खिलाफ पहले ही गंभीर शिकायतें दर्ज हैं, अब उन्हें ही अधिक दर पर टेंडर देने की तैयारी इस सरकार में हो चुकी है और उसी के लाभ के अनुकूल निविदा की शर्तें तय की गई है। तथ्यों और दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ पीएमओ, और मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होना इस सरकार की भ्रष्टाचार में सहभागिता को प्रमाणित करता है।

10वीं के बच्चों को विशेषज्ञों ने दिए टिप्स, छात्रों को बताया कैसे बनाएं सामाजिक विज्ञान का ब्लूप्रिंट

- **महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य राजकुमार गेंडरे ने दिए टिप्स**

रायपुर/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे 10वीं क्लास के बच्चों के लिए सामाजिक विज्ञान आमतौर पर कठिन लक्ष्य वाला विषय होता है। ऐसे में सामाजिक विज्ञान के चार विषयों इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र और अर्थशास्त्र के अध्ययन के लिए एक ब्लूप्रिंट तैयार करना जरूरी है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य और स्टेट सोर्स पर्सन राजकुमार गेंडरे ने महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय पहुंच कर 10वीं के बच्चों से सामाजिक विज्ञान का ब्लूप्रिंट तैयार करवाया। एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन इसलिए किया गया कि 10वीं के बच्चे सामाजिक विज्ञान के प्रमुख चार विषय इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र व अर्थशास्त्र की अच्छे से तैयारी कर सके और बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर ला सकें।

राजकुमार ने बच्चों को सामाजिक विज्ञान का ब्लूप्रिंट समझाया और उसी के अनुसार तैयारी करना का टिप्स दिया। ब्लू प्रिंट के अनुसार ही कैसे अंकों का विभाजन होता है, इसकी आवश्यकता को भी समझाया। दसवीं की छात्रा शिखा साहू के प्रश्न के उत्तर में गेंडरे ने कोल्ड वार व भारत के संविधान और उसके प्रस्तावना आदि को कैसे याद करें, बताया और इसके महत्व की भी जानकारी दी।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने स्टेट सोर्स पर्सन राजकुमार का सूतमाला, शाल और विद्यालय का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान आराधना लाल, सुनिधि रोकड़े व तृप्ति अग्निहोत्री भी उपस्थित रहीं।

6 राईस मील और 7 समिति प्रबंधकों को शो कॉज नोटिस

- **धान परिवहन में मिलर्स द्वारा ओवरलोड वाहनों का उपयोग**
- **सतर्क ऐप और सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से उपार्जित धान का उठाव राईस मिलर्स द्वारा किया जा रहा है, जिले के कुछ राईस मिलर्स के द्वारा उपार्जन केन्द्रों से धान परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को 200 प्रतिशत से अधिक ओवरलोड किया जा रहा है। उक्त संबंध में सर्तक ऐप से एलर्ट जारी हुआ, जिसकी जांच विभाग द्वारा की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों का प्रयोग करना छत्तीसगढ़ धान उपार्जन निति का उल्लंघन है। इस संबंध में मेसर्स जय शंकर इण्डस्ट्रीज, किशन एग्रो इण्डस्ट्रीज, मां गायत्री इण्डस्ट्रीज, ग्रीन एग्री कार्पो प्रा. लि., छापरियां एग्रो इण्डस्ट्रीज तथा गुरूनानक राईस मिल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। साथ ही उपार्जन केन्द्र टण्डवा, नरदाह, पटेवा, भैंसा, कोसरंगी, सिवनी तथा बिलाडी के समिति प्रबंधक / अध्यक्ष को भी संबंधित मिलर्स के वाहनों को ओवर लोड किये जाने की अनुमति दिये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। साथ ही सी.सी.टी.वी. एलर्ट में प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पाया गया कि धान उपार्जन केन्द्रों सेजा, सिवनी, फरहदा, लखौली, टाटीबंध, कुंरा, गनौद, बरतोरी, खौली, देवरी, तामासिवनी को किसानों के प्लास्टिक बोरे से समिति के जूट बोरे में सीधा पलटी किया जा रहा था जबकि नियमानुसार समिति को किसानों के धान को ढेरी बनाकर एफएक्यू गुणवत्ता परख मानक धान पाये जाने की स्थिति में जूट बोरी में भरकर वजन करने के बाद धान खरीदी होना चाहिए। जिसके संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान राठौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में सर्तक ऐप के माध्यम से धान खरीदी एवं उठाव की ऑनलाईन मॉनिटरिंग की जा रही है, जीपीएस तकनीक के माध्यम से परिवहन वाहन की ट्रेकिंग की जा रही है तथा संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों में लगाये गए कैमरों से सतत् निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं कठोर कार्यवाही जारी रखी जावेगी।

कलिंगा विश्वविद्यालय में टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर के शिक्षा संकाय द्वारा 12 जनवरी 2026 को टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता, नवाचार एवं कक्षा-उपयोगी शिक्षण सामग्री का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों द्वारा स्वनिर्मित एवं अवधारणा-आधारित शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की गई, जिसमें उसके उद्देश्य, शिक्षण विधि एवं कक्षा में उपयोगिता को निर्णायक मंडल के समक्ष स्पष्ट किया गया। प्रतियोगिता में अनुभवात्मक एवं नवाचार-आधारित शिक्षण पर विशेष बल दिया गया।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत ञरू की मौलिकता एवं व्यावहारिक उपयोगिता की सराहना की। मूल्यांकन के मापदंडों में अवधारणा की स्पष्टता, रचनात्मकता, नवाचार, शैक्षिक उपयोगिता, प्रस्तुतीकरण कौशल एवं प्रभावशीलता शामिल रहे।

श्रम विभाग की नि:शुल्क कोचिंग योजना से सुरेश की बदली ज़िंदगी

- **इलेक्ट्रिशियन से पुलिस आरक्षक बने सुरेश कुमार लोधी**

रायपुर/नवप्रदेश। श्रम विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग योजना एक बार फिर अपनी सार्थकता सिद्ध करती नजर आई है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन ने साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए शासकीय सेवा के द्वार खोले हैं। योजना से लाभान्वित होकर ग्राम बेलखुरी निवासी श्री सुरेश कुमार लोधी ने पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर चयन प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री सुरेश कुमार लोधी पूर्व में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में इलेक्ट्रीशियन के रूप में पंजीकृत थे। सीमित आय और संसाधनों के बावजूद उनके मन में शासकीय सेवा में जाने का दृढ़ संकल्प था। आर्थिक कठिनाइयों के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन श्रम विभाग की निःशुल्क कोचिंग योजना ने उनके सपनों को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई।

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु अंतागढ़ विकास खंड में हुई आवश्यक बैठक

अंतागढ़ / नवप्रदेश। सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कांकेर एवं विकासखंड नोडल शिक्षा श्री दिनेश नाग् श्री पंकज श्रीवास्तव एपीसी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय ठाकुर बीआरसी श्री के के नाग एबीईओ श्री नागेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में अंतागढ़ विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों का बैठक बीआरसी सभागार अंतागढ़ हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत शिक्षक गुणवत्ता संबंधित एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई अपार आईडी पूर्ण करने संबंधी विद्या समीक्षा अप मे अपडेशन एवं नवीन पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण, स्नस्रू उपचारात्मक शिक्षा अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम किचन गार्डन व्यावसायिक शिक्षा एकलव्य प्रवेश परीक्षा 10वीं एवं 12वीं के कक्षा हेतु मोटिवेशनल क्लास स्नस्रू बालवाड़ी से संबंधित छात्रवृत्ति योजना एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आदि से संबंधित चर्चाएं हुई एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया इस बैठक में आदर्श एकलव्य विद्यालय लामकनहार के प्राचार्य भी उपस्थित थे

दंतेवाड़ा में 21 जनवरी को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश।। कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में 19 जनवरी 2026 प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु आरसीसी एंड एसोसिएट दंतेवाड़ा में ऑडिट असिस्टेंट 02, रिसेप्शनिस्ट 01 पद की शक्तियां प्राप्त हुई है. इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफबायोडाटा (रिज्यूम) सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है

जिला सीईओ जयंत नाहटा ने बारसूर क्षेत्र का किया दौरा

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिला पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा द्वारा बारसूर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास

कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दौरे के दौरान ग्राम पंचायत हितामेटा में हाईवे से लगे शौचालय, व्यावसायिक परिसर एवं अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीएम आवास के हितग्राहियों को शीघ्र आवास प्रारम्भ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत आवास हितग्राहियों को स्वीकृत सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इसके पश्चात बारसूर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निर्माणाधीन टूरिस्ट कॉटेज एवं जिप लाइन कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिला सीईओ ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा पर्यटन सुविधाओं को बेहतर ढंग से विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत गीदम, सीएमओ बारसूर, उप अभियंता पीडब्ल्यूडी, पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। जिला सीईओ श्री नाहटा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 की पंजीयन अंतिम तिथि बढ़ी

एमसीबी/ नवप्रदेश।। राज्य के सरगुजा संभाग का अनुसूचित

जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र खेल प्रतिभाओं की अपार नैसर्गिक क्षमता से परिपूर्ण है। इस क्षमता को पहचानकर ग्रामीण युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल कौशल को निखारने तथा उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के समस्त विकासखण्डों में खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। पूर्व में निर्धारित पंजीयन अवधि में संशोधन करते हुए अब खिलाड़ियों को 25 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई है। प्रतियोगिताओं का संभावित कार्यक्रम - विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिताः 28 जनवरी 2026 से 03 फरवरी 2026, जिला स्तरीय प्रतियोगिताः 05 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताः 01 मार्च 2026 से 03 मार्च 2026 तक होंगे।

जीपीएफ के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 3 दिवसीय शिविर 28 से

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय वरिष्ठ कोषालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा जिला कोषालय दन्तेवाड़ा में जीपीएफ से संबंधित लंबित प्रकरणों जैसे अनपोस्ट क्रेडिट एवं अनपोस्ट डेबिट, माइनस बैलेंस तथा पूर्ण, आंशिक वांट वाउचर के निराकरण हेतु 28 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय दंतेवाड़ा में किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित विभागों से आग्रह है कि वे इस तीन दिवसीय शिविर में उपस्थित होकर अपने-अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

विधायक द्वारा जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में ग्रामीण हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में आज विधायक श्री चैतराम अटामी जी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान प्राप्त मांगों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वेच्छानुदान राशि शासन द्वारा विशेष परिस्थितियों में जरूरतमंद नागरिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता है, जिसका उद्देश्य बीमारी, उपचार, आपदा अथवा अन्य सामाजिक-आर्थिक संकट की स्थिति में आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना है। इस सहायता से ग्रामीण परिवारों को तत्काल सहयोग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा श्री प्रदीप पटेल सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

सुरंगदोह धान खरीदी केंद्र में खुला खेल-हर बोरी में 41.200 किलो से अधिक तौल

अन्नदाताओं की मेहनत पर डाला जा रहा डाका

कांकेर / नवप्रदेश। एक ओर सरकार मंचों से अन्नदाताओं को देश की रीढ़ बताने के बड़े-बड़े दावे करती है, तो दूसरी ओर उन्हीं अन्नदाताओं की मेहनत और पसीने पर सरकारी धान खरीदी केंद्रों में खुलेआम डाका डाला जा रहा है। दुर्गूकोंदल विकासखंड के सुरंगदोह धान खरीदी केंद्र में जो कुछ चल रहा है, वह न केवल किसानों के साथ सरासर अन्याय है, बल्कि पूरी धान खरीदी व्यवस्था की साख पर करारा तमाचा है। यहां किसानों से निर्धारित मानक से अधिक तौल कर धान लिया जा रहा है, जिससे उन्हें हर बोरी में सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन न तो जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं और न ही किसी तरह की ठोस कार्रवाई होती दिखाई दे रही है।

कागजों में पारदर्शिता, जमीन पर सच्चाई कुछ और

सरकारी रिकॉर्ड में सब कुछ दुरुस्त दिखाया जा रहा है। वजन सही दर्शाया जा रहा है, किसानों के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं और भुगतान की प्रक्रिया भी कागजों में पूरी दिखाई जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान अतिरिक्त धान देकर भी अपने ही पैसे पाने को मजबूर हैं। यह पूरी व्यवस्था किसानों की मजबूरी का फायदा उठाने का जरिया बन चुकी है।

मानक के नाम पर लूट, हर बोरी में बढ़ा दिया जा रहा वजनः जानकारी के अनुसार सुरंगदोह धान खरीदी केंद्र में शासन द्वारा तय 40.600 किलोग्राम प्रति बोरी के मानक को ताक पर रख दिया गया है। किसानों का आरोप है कि उनसे प्रति बोरी 41.200 किलोग्राम से भी अधिक धान तौल कर लिया जा रहा है। यह अतिरिक्त तौल कोई तकनीकी गलती नहीं, बल्कि सुनियोजित लूट है। हर बोरी में लिया गया यह अतिरिक्त धान सीधे-सीधे किसानों की जेब से निकल रहा है, लेकिन मजबूरी में किसान इसे सहने को विवश हैं।

किसान खुलेआम लुट रहे

विरोध किया तो धान नहीं लिया जाएगा-किसानों का दर्द सिर्फ अतिरिक्त तौल तक सीमित नहीं है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि कोई किसान तौल पर सवाल उठाता है या विरोध करने की हिम्मत करता है, तो उसे अलग-अलग तरीकों से परेशान किया जाता है। कभी उसकी धान खरीदी में जानबूझकर देरी कर दी जाती है, तो कभी गुणवत्ता के नाम पर धान लौटा दी जाती है।

प्रशासनिक निगरानी पूरी तरह गायबः सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शासन ने धान खरीदी केंद्रों की नियमित निगरानी और न्यायनिरीक्षण के स्पष्ट निर्देश जारी कर रखे हैं, तो फिर सुरंगदोह केंद्र में यह लूट किसकी शह पर चल रही है? ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस केंद्र का गंभीर निरीक्षण नहीं किया।

महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने का गंभीर आरोप-

मामला सिर्फअतिरिक्त तौल तक सीमित नहीं है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार सुरंगदोह धान खरीदी केंद्र के प्रभारी द्वारा महाराष्ट्र राज्य से अवैध रूप से धान लाकर खपाया जा रहा है। यदि यह आरोप सही साबित होता है, तो यह मामला साधारण अनियमितता नहीं, बल्कि एक बड़े अंतरराज्यीय घोटाले की ओर इशारा करता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ राज्य के किसानों को देने के लिए व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन बाहरी राज्यों का धान खपाना सीधे-सीधे शासन के साथ धोखाधड़ी है।

एसडीएम का बयानः जांच और कार्रवाई का आश्वासन

भानुप्रतापपुर एसडीएम जीडी वाहिले ने इस पूरे मामले पर कहा कि मीडिया के माध्यम से उन्हें सुरंगदोह धान खरीदी केंद्र में लापरवाही और निर्धारित मानक से अधिक तौल की जानकारी मिली है। उन्होंने संबंधित धान खरीदी केंद्र में जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही है। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अन्य राज्य से धान खपाए जाने की पुष्टि होती है, तो इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की चुप्पी, सवालों के घेरे में अधिकारी

इतने गंभीर आरोपों के बावजूद प्रशासन की खामोशी कई सवाल खड़े करती है। क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इस लूट की जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो यह मामला आने वाले दिनों में बड़े घोटाले का रूप ले सकता है।

वीबी-जी-राम-जी योजना के नाम पर गरीबों के रोजगार की गारंटी को खत्म करने का षड्यंत्र

कांकेर / नवप्रदेश। गरीब, मजदूर और किसान के नाम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार अब उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है। मनरेगा का नाम बदलकर तथाकथित नए ढांचे में ढालने की कवायद, सुधार नहीं बल्कि साजिश का संकेत है ऐसी साजिश, जिसका अंतिम परिणाम ग्रामीण रोजगार की गारंटी का अंत करना है। अब तक मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार एक कानूनी गारंटी थी काम मांगो, काम पाओ। केंद्र की भागीदारी बहुमत में थी और राज्यों का योगदान सीमित था। नए प्रावधानों ने यह संतुलन उलट दिया है। अब तक मनरेगा के तहत कुल व्यय का 90 प्रतिशत केंद्र सरकार और 10

प्रतिशत राज्य सरकार वहन करती थी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों को भी ग्रामीण मजदूरों को काम देने में सक्षम बनाया गया था। लेकिन नए प्रावधानों में केंद्र सरकार ने अपना योगदान घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है और राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। यह बदलाव उन राज्यों के लिए घातक है, जो पहले से ही भारी कर्ज में डूबे हैं। छत्तीसगढ़ पर इस समय एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। सरकार को अपनी मौजूदा योजनाएं चलाने के लिए भी लगातार कर्ज लेना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में मनरेगा जैसी योजना के लिए अतिरिक्त 40 प्रतिशत राशि जुटाना बड़ी चुनौती होगी। नियम यह भी है कि जब तक राज्य अपनी हिस्सेदारी जमा नहीं करेगा, केंद्र अपना 60 प्रतिशत हिस्सा जारी नहीं करेगा। यानी अगर राज्य असमर्थ हुआ, तो ग्रामीण मजदूरों को काम ही नहीं मिलेगा। और जब काम नहीं मिलेगा, तो बेरोजगारी भत्ते का बोझ कौन उठाएगा? इस प्रकार के नियम कुल मिलाकर गरीब से उसके रोजगार का हक और उसकी थाली से रोटी छीनने के समान है। इसी प्रकार 100 से 125 दिन रोजगार देने की घोषणा ज़मीनी हक़ीकत से कोसों दूर है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद करीब 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से मनरेगा का काम बंद पड़ा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी सच्चाई यही है। पिछले 11 वर्षों से भाजपा की केंद्र में सरकार होने के बावजूद मनरेगा के तहत प्रति परिवार राष्ट्रीय औसत रोजगार मात्र 38 दिन रहा है। यह आंकड़ा अपने आप में साबित करता है कि मोदी सरकार एक भी साल मजदूरों को कानूनी रूप से तय 100 दिन का काम तक नहीं दे पाई है।

दंतेवाड़ा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक उपलब्धि

जिला अस्पताल में पहली बार सफल एडवांस्ड जॉइंट नी रिप्लेसमेंट सर्जरी

- **अब हड्डी से जुड़ी सर्जरी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा**

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए पहली बार एडवांस्ड टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस उपलब्धि के साथ अब जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को जटिल हड्डी रोग संबंधी सर्जरी के लिए रायपुर, हैदराबाद,विशाखापटनम अथवा नागपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सफलता दंतेवाड़ा अंचल की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस ऐतिहासिक सर्जरी की लाभार्थी 45 वर्षीय विकासखंड कुआकोंडा महारापारा की निवासी श्रीमती शांति है।जो लंबे समय से दाएं घुटने के गंभीर दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई से पीड़ित थीं। जांच में उन्हें गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से ग्रसित पाया गया, जिसके पश्चात 06 जनवरी 2026 को उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 13 जनवरी 2026 को उनका दाएं घुटने का टोटल नी रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया गया, जो पूर्णतः सफल रहा। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और वे तेजी से स्वस्थ हो रही हैं।

धरोहरो को संवर्द्धन कर हमने शिक्षा का नया अध्याय लिखा : कलेक्टर

कांकेर / नवप्रदेश कांकेर हृदय स्थल पुरानी कचहरी प्रांगण अब कांकेर के आम जन मानस में चर्चा एवं आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मकर संक्रांति की पवित्र तिथि 14 जनवरी को सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेंट्रल लाइब्रेरी में प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर जी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरेश मंडावी जी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने की। कार्यक्रम की भूमिका को हुए सेंट्रल लाइब्रेरी की नोडल अधिकारी श्रीमती शांति नरेटी जी ने वर्ष की उपलब्धि बताते हुए कहा कि - प्रदेश के राजस्तरीय परीक्षाओं में अब तक 86 एवं अखिल भारतीय सेवाओं हेतु 1 विद्यार्थी को चयन हुआ ऐसे कुल 87 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सेंट्रल लाइब्रेरी की इस कार्यक्रम के उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री निषाद जी ने कहा- कि जब हम अपनी पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे तब हमारे पास संसाधन उपलब्ध नहीं थे लेकिन हमारे जिले के आदरणीय कलेक्टर सर और सीईओ सर की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज जिले सभी वर्ग के युवाओं को अध्ययन एवं पठन कार्य हेतु सेंट्रल लाइब्रेरी की बेहतर व्यवस्था मिल रही है मुझे खुशी भी है कि इस लाइब्रेरी का लाभ लेकर हमारे युवा शासकीय सेवा प्राप्त करने में सफल हो रहे है।

पैराडाइज स्कूल में मनाया मकर संक्रांति पर्व

स्टॉल बच्चों ने फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मनमोहा

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेंडरी सी.बी.एस.ई. स्कूल में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। स्कूल में आनंद मेला एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम है इस मेला का उद्देश्य छात्रों में खुशी, सहयोग, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है। आनंद मेला में छात्रों द्वारा

खाने-पीने के स्टॉल, खेल-कूद, चित्रकला, विज्ञान मॉडल आदि लगाए गये, बच्चे स्वयं स्टॉल लगाकर खाद्य सामग्री बनाकर बेचने जिसमे उन्हें व्यवसाय, गणना और जिम्मेदारी का अनुभव किया। शिक्षक और अभिभावक मेले में भाग लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आनंद मेला में छात्रो द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में 20 स्टॉल लगाये गये। आनंद मेला में छात्रों ने टीमवर्क, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार का कौशल सीखा।

नगर पालिका में कांग्रेसी पार्षदों के साथ हो रहा भेदभाव : नेता प्रतिपक्ष

कांकेर / नवप्रदेश। नगर पालिका में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सीएमओ को गुरुवार को दो कांग्रेसी पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह रेणू ने कहा, पालिका के विकास के लिए शासन से प्राप्त हुए 3 करोड़ अधोसंरचना मद से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। प्राथमिकता के कार्यों को छोड़ चहेतों को लाभ पहुंचाने कोशिश हो रही है। कांग्रेसी पार्षदों की बिना सहमति से स्वीकृत कार्य निरस्त करें। नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उदय नगर वार्ड के पार्षद चंद्रलोक सिंह ठाकुर ने कहा, मेरे वार्ड में छेदूराम घर से पीडब्ल्यूडी ऑफिस से दशरत हलवाई के घर तक सीसी सड़क लागत 4.70 लाख का कार्य स्वीकृत कर टेंडर कराया गया है। वार्ड में इस कार्य के अतिरिक्त अन्य प्राथमिकता वाले कार्य लंबित हैं। मैं कांग्रेस पार्टी से संबंधित पार्षद हूं। नगर पालिका में मुझे मिलाकर 10 कांग्रेसी पार्षद हैं। जिनमें से 8 कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों में कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है। मेरे वार्ड में उक्त सीसी सड़क का कार्य वार्डवासियों और मेरे सहमति के बिना स्वीकृत किया गया है। करोड़ों रुपए अधोसरंचना मद की प्राप्त होने के बाद भी कांग्रेसी पार्षदों के साथ नगर पालिका में भेदभाव किया जा रहा है। वार्ड में मेरे बिना सहमति से स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण का टेंडर रद्द किया जाए। भंडारी पारा की वार्ड पार्षद सुशीला यादव ने भी नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मेरे वार्ड में कत्थो बाई से लीना सिलाई सेंटर तक सीसी सड़क लागत 8.98 लाख की स्वीकृति कर टेंडर प्रकाशित कराया गया है। उक्त कार्य न तो मेरे और न ही वार्डवासियों ने मांग की थी। इस कार्य के अलावा वार्ड में अन्य प्राथमिका का कार्य कराया जाना है, जो लंबित है।

19-20 जनवरी को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गणना चरण पूर्ण होने के बाद दावा, आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। एसआईआर-2026 के तहत 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं के साथ-साथ 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम जोड़ने हेतु घोषणा पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र-6 में अग्रिम आवेदन भी आमंत्रित किए जा रहे हैं।

प्रथम पेज का शेष

नवाचारः 60 साल पुरानी...

ड्रिलिंग संभव हो सकेगी। इससे जहां काम की गति बढ़ेगी, वहीं अब यह कार्य कम कर्मचारियों में ही पूरा किया जा सकेगा, जिससे मानव संसाधन की दक्षता और उत्पादकता में वृद्धि होगी। अधीक्षण अभियंता श्री केके यादव ने बताया कि यह मशीन जर्मनी की प्रसिद्ध हेवी इंडस्ट्रियल कंपनी बाटलीबाई ट्रांसमिशन टावर के हैवी एंगल व प्लेट की ड्रिलिंग के लिए डिजाइन की गई थी। यह साधारण ड्रिलिंग मशीन नहीं, ब्लकि एक यूरोपियन ग्रेड हेवी इंडस्ट्रियल सिस्टम है, जिसमें 60 एमएम तक की स्टील की कटिंग, पंचिंग और नाचिंग तीनों काम एक साथ होता है। यह मशीन भिलाई-03 के वर्कशॉप में रखी थी, जो लगभग 20 वर्षों से बंद थी। इसे बनाने के लिए निर्माता कंपनी बाटलीबाई कंपनी जर्मनी से संपर्क किया गया, लेकिन 60 वर्ष पुरानी तकनीक होने के कारण इसके स्पेयर पार्ट की उपलब्धता नहीं होने के कारण रूचि नहीं ली।

याचिका में लगाए...

ईडी का सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुंचना केवल असाधारण परिस्थितियों में ही सही ठहराया जा सकता है, जब कोई और प्रभावी कानूनी उपाय उपलब्ध न हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईडी फोरम शॉपिंग कर रही है, क्योंकि इसी तरह की राहत पहले ही हाईकोर्ट से मांगी जा चुकी है।

भारत-अमेरिका व्यापार...

लगता है कि एक व्यापार समझौता संभव है। कितना जरूरी है भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता?

-इस व्यापारिक सौदे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने ही इस दिशा में उच्च स्तरीय संवाद हुआ है।

-दिसंबर में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

-इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रोडमैप तैयार करना था।

-यह वार्ता केवल टैरिफ कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों के सरलीकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलू भी शामिल होने की संभावना है।

इतिहास रचता छत्तीसगढ़ः देश...

के कारण छत्तीसगढ़ का खनिज राजस्व लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य गठन के समय जहां खनिज राजस्व 429 करोड़ रुपये था, वहीं अब यह रजत जयंती काल में कई गुना बढ़ चुका है। सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य का खनिज राजस्व 14,592 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच चुका है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक लगभग 10,345 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है और वर्ष के अंत तक 17,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य की ओर राज्य तेजी से अग्रसर है। वर्तमान में देश के कुल खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी औसतन 17 प्रतिशत है, जबकि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में खनिज क्षेत्र का योगदान करीब 10 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। पत्रकार वार्ता में यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना-2024 की गाइडलाइन के अनुरूप जिला खनिज संस्थान न्यास नियमों में संशोधन किया गया है। अब तक डीएमएफ मद में 16,742 करोड़ रुपये का अंशदान प्राप्त हुआ है। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1.07 लाख से अधिक विकास कार्यों को मंजूरी दी गई, जिनमें से लगभग 75,900 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष पर काम जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर...

खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय, ड्रेसिंग रूम और बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी।

करोड़ रुपये से अधिक के लोकार्पण, शिलान्यास और भूमिपूजन किया गयाः मुख्यमंत्री ने कहा कि, सरकार के दो वर्ष पूरे होने के बाद बगीचा के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और उनकी सरकार बगीचा विकासखंड के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने

1 करोड़ 45 लाख के ...

के प्रयासों से यह 52 माओवादी मुख्यधारा में वापस लौटे हैं। इसमें उत्तम बात यह है कि, इनमें बड़े कैडर में शामिल माओवादी भी शामिल हैं। सरकार की योजनाओं और सुरक्षाबलों की एंटी नक्सल ऑपरेशन से यह सफलता प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ में जवानों के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन से घबराकर नक्सलियों का सरेंडर जारी है। 14 जनवरी को सुकमा जिले के दरभा एवं केरलापाल एरिया कमेटी में सक्रिय रहे 29 नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हाण, एएसपी रोहित शाह और सीआरपीएफ 74वीं बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उल्लेखनीय है कि, बीते महीने राजनांदगांव में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन की महत्वपूर्ण (महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) जोनल कमेटी के सेंट्रल कमेटी मेंबर रामधेर उर्फ होरूपु उर्फ देउ मज्जी (53 वर्ष) ने अपने 11 साथियों के साथ हथियार डाल दिए।

न्यूज गैलरी

लखनपुर जनपद अध्यक्ष ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

लखनपुर/नवप्रदेश। जनपद अध्यक्ष शशि कला विक्रम सिंह ने जनप्रतिनिधियों के साथ लखनपुर चांदो धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद अध्यक्ष ने खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों से मुलाकात करते हुए धान खरीदी के संबंध में चर्चा किया।समिति प्रभारी से बारदाना की उपलब्धता टोकन किसानों के लिए समुचित व्यवस्था सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कपिल राजवाड़े,सुरेश सिंह, समिति अध्यक्ष परमेश्वर राम, प्रबंधक रूदन प्रसाद राजवाड़े, मिकेश ठाकुर, धीरज कुमार यादव उपस्थित रहे।

मितानिनों को शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

लखनपुर/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम अमदला में मितानिन दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में लखनपुर जनपद अध्यक्ष शशि कला विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ,सरपंच ज्योति सिंह तुरना सरपंच भावना सिंह , सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जहां अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव सतनारायण सिंह , मितानिन अनीता सुमित्रा यादव सहित बड़ी संख्या में मितानिन उपस्थितरहे।

रिक्त संविदा पदों पर भर्ती चयन सूची जारी, 19 तक दावा आपत्ति

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला मिशन प्रबंधन इकाई-सरगुजा अंतर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु पूर्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की वरियता सूची एवं अपात्र सूची पर प्राप्त दावा/आपत्ति का चयन सूची द्वारा परीक्षण करते हुए निराकरण किया गया है। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पदवार अंतिम वरियता सूची एवं अपात्र सूची तैयार करते हुए अनंतिम चयन सूची तैयार किया गया है। प्रकाशित चयन सूची में दावा/आपत्ति की स्थिति में 19 जनवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में संगत अभिलेखों सहित दावा/आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

तातापानी महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की शिरकत, जिले के विकास के लिए की 4 घोषणाएं

मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति, एकजुटता और समृद्धि का प्रतीक: मुख्यमंत्री

परिणय सूत्र में बंधे 200 जोड़ों को दाम्पत्य जीवन की दी शुभकामनाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले के प्रसिद्ध तातापानी महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहभागिता कर तपेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्राचीन शिव चबूतरे पर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही मुख्यमंत्री ने 60 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा के समीप पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव में मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति सूर्य उपासना का पर्व है, जो भारतीय संस्कृति, एकजुटता और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने तातापानी को आस्था का केंद्र बताते हुए सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की और प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने लोहड़ी तथा पोंगल की भी शुभकामनाएं दी। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह के बंधन में बंधे 200 जोड़ों को नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री साय ने 655 करोड़ की अधिक की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं

भूमिपूजन कर विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए हैं। हमने छत्तीसगढ़ के निवासियों से जो वादा किया है उसे पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के तहत हर पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। अब किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिल रहा है। 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 01 हजार की राशि प्रदान की जा रही है। 05 लाख से अधिक भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपये की राशि प्रदान किया जा रहा है। रामलला दर्शन योजना योजना के तहत 40 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा चार प्रमुख घोषणाएं भी की गई। इनमें जिला मुख्यालय बलरामपुर में शासकीय महिला कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल, डाइट संचालन हेतु भवन, जिला पंजीयन कार्यालय भवन तथा तातापानी महोत्सव के आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 25 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा शामिल है। इस महोत्सव में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने तातापानी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी को संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने महिला सशक्तिकरण को समाज और प्रदेश के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने 667 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन/शिलान्यास किया। इसमें 323 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत के 140 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 343 करोड़ 61जज लाख रुपये की लागत के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 स्टॉलों का अवलोकन किया। इन स्टॉलों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन को दी गई।

घुमन्तु बालिका छात्रावास गंगापुर एवं घुमन्तु बालक छात्रावास गांधीनगर का लिया जायजा, देखी व्यवस्था

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का किया औचक निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के साथ जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य का जायजा लेने विभिन्न संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान घुमन्तु बालिका छात्रावास गंगापुर एवं घुमन्तु बालक छात्रावास गांधीनगर का भी निरीक्षण कर बच्चों हेतु सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर सर्वप्रथम स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त विभागों, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, लैब, फिजियोथेरेपी, किमोथेरेपी, टीकाकरण, आईपीडी, सोनोग्राफी, स्पर्श क्लिनिक (मनोरोग) एवं सिकलिंग कक्ष आदि का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने आगामी 2 माह में केंद्र में ऑपरेशन थिएटर शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कहा कि केंद्र में विभाग से संबंधित बेनर फ्लैक्स, बोर्ड आदि बनवाकर सभी विभागों में लगाया जाए। सभी अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित हों, मरीजों को असुविधा ना हो इसका ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वसंत ने मरीजों से बात कर केंद्र की व्यवस्था तथा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के मल्टीपरपज स्कूल में संचालित 'सरगुजा 30' कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों हेतु व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर पढ़ाई की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत कर मन लगाकर पढ़ने प्रोत्साहित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आगामी सत्र के लिये कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर 50-50 करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन्हीं बच्चों में से चयनित विद्यार्थियों को NEET एवं JEE की परिक्षाओं की तैयारी के लिये जिला प्रशासन द्वारा रायपुर के अच्छे कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिलाकर तैयारी करायी जाएगी। उन्होंने आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर पूर्व तैयारी करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अन्तर्गत संचालित नई दिशा घुमन्तु बालिका छात्रावास गंगापुर एवं घुमन्तु बालक छात्रावास गांधीनगर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर एवं शयनकक्ष का अवलोकन किया तथा बच्चों हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा कहा कि बच्चों को अच्छी सुविधा मिले, किसी प्रकार की समस्या ना हो। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा को छात्रावासों के गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु निर्देशित किया तथा सभी व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आवास योजना में लापरवाही 32 सचिवों के वेतन पर रोक

एमसीबी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और न्यूनतम प्रगति पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। जनपद पंचायत भरतपुर, खड़गवां एवं मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत कार्यरत 32 पंचायत सचिवों के वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को निर्धारित समय-सीमा में पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद योजना के लक्ष्यों की पूर्ति में लगातार शिथिलता और अपेक्षित प्रगति नहीं मिलना गंभीर विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा कार्य में ढिलाई को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीईओ अंकिता सोम ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराएं, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा जियो टैगिंग प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार किस्तों का भुगतान कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन पंचायतों में प्रगति असंतोषजनक है, वहां युद्धस्तर पर कार्य करते हुए योजना के लक्ष्यों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत सीईओ ने दोहराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इसमें लापरवाही पाए जाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

जिले के 168 तीर्थयात्री श्री रामलला के करेंगे दर्शन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी 'श्री रामलला दर्शन योजना' के तहत बुधवार को सरगुजा संभाग के 850 तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन से श्री रामलला के दर्शन हेतु निकले। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सुदर्शन कुंज में गौ विज्ञान परीक्षा की तैयारी

घरघोड़ा/नवप्रदेश। स्थित सुदर्शन कुंज में आज गौ संवर्धन एवं संरक्षण समिति द्वारा 19 जनवरी को आयोजित होने वाली प्रथम चरण की गौ विज्ञान परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिकाएं एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संरक्षक राजीव कुमार दुबे द्वारा किया गया।बैठक में जिले के सभी विकास खंडों के संयोजक उपस्थित रहे, जिससे परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को लेकर व्यापक चर्चा की गई। प्रांत स्तर से गौ चिकित्सा प्रमुख अश्विनी चौधरी ने गौ विज्ञान परीक्षा के उद्देश्य, महत्व एवं गौ संरक्षण के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभाग संयोजक कुशल पटेल ने परीक्षा प्रक्रिया, अनुशासन एवं समन्वय पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर जिला संयोजक मनबोध बेहरा ने परीक्षा के माध्यम से युवाओं एवं समाज में गौ संवर्धन, संरक्षण और गौ आधारित विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। जिला नोडल अभय पांडे ने परीक्षा सामग्री के वितरण, केंद्र व्यवस्था एवं समयबद्ध संचालन की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं घरघोड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक सहयोग एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में जिला संरक्षक राजीव कुमार दुबे ने सभी उपस्थित संयोजकों से आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए गौ विज्ञान परीक्षा को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में समाज को वैज्ञानिक सोच से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

अमित सिंह को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर अमित सिंह देव की नियुक्ति होने पर उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी 2027 में होने वाली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लेकर अपने सभी ब्लाक अध्यक्ष से लेकर बुथ स्तर में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर रही है ।इसी फेहरिस्त में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के लिए पार्टी के जुझारू नेता अमित सिंह देव को ब्लॉक अध्यक्ष का कमान सौपा है।

डिजिटल व्यवस्था से आसान हुआ धान विक्रय, किसान संतुष्ट

सक्ती/नवप्रदेश। शासन द्वारा लागू की गई सुगम एवं पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था आज किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। तकनीक और प्रशासनिक निगरानी के समन्वय से धान विक्रय की प्रक्रिया न केवल सरल हुई है, बल्कि किसानों का विश्वास भी मजबूत हुआ है।

इसी क्रम में विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम भक्तुडेरा निवासी किसान शांति लाल चौहान की कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। श्री शांति लाल चौहान ने बताया कि करीब 10 एकड़ भूमि पर खेती करते हैं, उन्होंने 88.80 क्विंटल धान का विक्रय उपार्जन

केंद्र लवसरा में सफलतापूर्वक किया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा शुरू किए गए 'तुंहर टोकन' मोबाइल ऐप के माध्यम से उन्हें घर बैठे ही धान विक्रय का टोकन प्राप्त हो गया। पहले जहां टोकन के लिए सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ते थे और समय की अधिक खपत होती थी, वहीं अब मोबाइल ऐप ने पूरी प्रक्रिया को सहज, तेज और पारदर्शी बना दिया है। उपार्जन केंद्र में व्यवस्थाओं से संतुष्ट श्री चौहान ने बताया कि धान की आर्द्रता की समय पर जांच की गई, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया गया और तौल, सिलाई एवं स्टेकिंग के लिए पर्याप्त कर्मचारी मौजूद थे। इन सुव्यवस्थित इंतजामों के कारण उनका धान बिना किसी विलंब के खरीदा गया। साथ ही केंद्र में किसानों के लिए बैठक, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी उचित व्यवस्था की गई थी। श्री चौहान ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की व्यवस्था ने खेती को पहले की तुलना में कहीं अधिक लाभकारी बना दिया है।

कलेक्टर ने दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने बुधवार को दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों का गहन अवलोकन किया, जिसमें रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी ऑफिस, एयर साइट, मुख्य क्षेत्र तथा ऑपरेशन एरिया शामिल रहे। निरीक्षण का उद्देश्य एयरपोर्ट की वर्तमान स्थिति, संचालन व्यवस्था और भविष्य की विकास संभावनाओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एयरपोर्ट निदेशक से फ्लाइट ऑपरेशन, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी

गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एयरपोर्ट पर संचालित विमानों, नियमित उड़ानों की स्थिति, मौसम संबंधी चुनौतियों और सुरक्षा मानकों पर भी चर्चा की। इसके साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाओं का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर एयरपोर्ट के भविष्य में होने वाले विकास कार्यों, उन्नयन योजनाओं और विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और आवागमन को सशक्त बनाने में मां महामाया एयरपोर्ट की अहम भूमिका है।

इसे ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट की सुविधाओं में निरंतर सुधार और आधुनिकीकरण आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि यात्री सुविधाओं और फ्लाइट ऑपरेशन को और बेहतर बनाया जा सके।

समीक्षा बैठक

धान खरीदी व्यवस्था की मुख्य सचिव ने की समीक्षा, 31 जनवरी के बाद खरीदी बंद

अवैध धान खपाने पर सख्ती, राइस मिलों की सीलिंग व 28 फरवरी तक उठाव करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।

उन्होंने अवैध एवं बाहरी धान खपाने के मामलों में की जा रही कार्रवाई, साप्ताहिक आधार पर उपार्जन केंद्रों की भौतिक सत्यापन तथा राइस मिलों के भौतिक सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही लघु एवं दीर्घ किसानों व दूसरे एवं तीसरे टोकन कटवा चुके किसानों की संख्या के साथ ही कितना धान विक्रय हेतु उपयोग नहीं किया गया है, इस संबंध में भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने बताया कि 31 जनवरी को शाम 07 बजे के बाद किसी भी प्रकार की धान खरीदी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने जारी डी.ओ. के विरुद्ध धान उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की और 28 फरवरी तक मिलर्स द्वारा धान का उठाव पूर्ण कराने और जिन समितियों में स्टॉक क्लीयरेंस में कठिनाई आ रही है, वहां अधिक संख्या में डी.ओ. जारी करने के निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त आईसीसीसी द्वारा जनरेट किए गए अलर्ट्स की जिलेवार श्रेणियों पर चर्चा करते हुए उनके कारणों एवं की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि जिले

में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी है। अब लगभग 40 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है तथा 26 लाख 18 हजार 672 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है जो लगातार जारी है। धान के अवैध ओवरलोडिंग, रिसायक्लिंग तथा अनियमितता पाए जाने पर राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों एवं राइस मिलों का नियमित एवं सघन भौतिक सत्यापन तथा वाहन लोडिंग से लेकर डिलीवरी तक पूरी प्रक्रिया की प्रभावी ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलेवार रकबा समर्पण की गत वर्ष की तुलना में स्थिति पर भी चर्चा की तथा रिसायकल किए गए धान से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी सभाकक्ष में जिपं सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी, एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा, सहकारिता आयुक्त हितेश श्रीवास, खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना, डीएमओ मार्कफेड मनोज यादव, डीएम नान संदीप शर्मा, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग नंदराम भगत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम खोडरी स्थित राजेश राइस मिल किया सील

अंबिकापुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में उदयपुर के ग्राम खोडरी के राजेश राइस मिल में की गई जांच के दौरान धान के उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर राइस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 06 जनवरी 2026 को राजेश राईस मिल की जांच खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भौतिक सत्यापन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे उठाए गए धान में से 6855 बोरी धान कम पाया गया था। जिसका प्रकरण तैयार कर न्यायालय कलेक्टर सरगुजा को प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में पायी गई विसंगतियों के कारण छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(3), 6(1), 6(3), 9 एवं 12 का उल्लंघन पाए जाने के फलस्वरूप बुधवार को राजेश राईस मिल को आगामी आदेश पर्यन्त सील किया गया।

न्यूज गैलरी

ग्राम माजा में जरूरतमंदो को बांटे गए गरम कपड़े

लखनपुर/नवप्रदेश। नपं लखनपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी जय दुर्गा परिवार द्वारा 14 जनवरी दिन बुधवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम माजा में जरूरतमंदो को गर्म कपड़े शाल कम्बल वितरित किये गये। यह परम्परा हर साल दर साल मकर संक्रांति के मौके पर निभाई जाती रही है। इस पुनीत कार्य में जय दुर्गा परिवार के तीनों भाई श्री अनील अग्रवाल, हरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, तथा समाज सेवी मुन्ना पांडेय,यतेंद्र पांडेय, जंप अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह शामिल रहे। जय दुर्गा परिवार ने घर पहुंच सेवा देते हुये अपने कर कमलों से कमजोर वर्ग के जरूरतमंदों को शाल कम्बल गर्म कपड़े वितरित किये ।जय दुर्गा परिवार द्वारा लोगों के बीच पहुंच गर्म कपड़ा बांटने का मकसद गांव में गरीब तबके के लोगों को ठंड के मौसम में राहत दिलाने जैसी पवित्र सोच की परिणिति है। ग्रामीणो ने जय दुर्गा परिवार के इस मानवीय सेवा की सराहना करते हुये उनका आभार व्यक्त किया है। इस तरह की निस्वार्थ सेवाएं जन-मानस में भाई चारा तथा इंसानियत के जड़ को मजबूत करती है। समाज में इस तरह की सहायता होते रहने चाहिए।

बीजराकछार में जनजाति बंधुओं को बांटे कंबल व गर्म कपड़े

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बीजराकछार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुंगेली एवं बिलासपुर जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा जनजाति बंधुओं के लिए कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शीत ऋतु में ठंड से राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व के भाव से जनजाति परिवारों को आवश्यक गर्म वस्त्र प्रदान किए तथा उनके साथ आत्मीय संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में समरसता, सहयोग और सेवा के मूल्यों पर बल दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंजीत सिंह पवार, परसराम निर्णेजक, आकाश परिहार, विश्राम निर्मलकर, लक्ष्मीकांत निर्णेजक, अरुण निर्णेजक, प्रदीप निर्णेजक, रामशरण यादव, हजारी साहू, दयाराम साहू एवं सुनील ठाकुर उपस्थित रहे। उपस्थित स्वयंसेवकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग और संवेदना पहुँच सके।

सांस्कृतिक संध्या का भव्य आगाज: अनुज शर्मा की सुरीली आवाज पर झूमे दर्शक

स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्यों के माध्यम से प्रस्तुत की परम्परा की झलक

कृषि मंत्री नेताम ने किया कलाकारों का सम्मान

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला अपनी अनूठी संस्कृति और लोक परंपराओं के लिए प्रदेश भर में अपनी विशेष पहचान रखता है।

इसी गौरवशाली विरासत को संजोने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा रहे। उन्होंने अपनी टीम के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की ऐसी जादुई प्रस्तुति दी कि पंडाल में मौजूद हजारों दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे।

इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर वनांचल की समृद्ध संस्कृति की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल पारंपरिक लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया, बल्कि जिले में हो रहे

विकास कार्यों को भी रचनात्मक ढंग से मंच पर उतारा। अतिथियों ने बच्चों के इस हुनर की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री अनुज शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक मौजूद रहे। मंत्री नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि तातापानी महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। प्रशासन और स्थानीय जनभागीदारी से यह आयोजन प्रतिवर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

शासन की संवेदनशील पहल से साकार हुआ दिव्यांग बेटियों के विवाह का सपना

सीएम कन्या विवाह योजना बनी दिव्यांग बेटियों के लिए आशा की किरण, सपनों को मिली नई उड़ान

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन बेटियों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आई है, जिनके जीवन में आर्थिक या शारीरिक चुनौतियों के कारण विवाह एक सपना ही रहा जाता है। ऐसी ही जिले के दिव्यांग बेटियों की कहानी है जिनका जीवन योजना से नई दिशा पा सका।

जिले के विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत कोदवा निवासी सुषमा 60 प्रतिशत पैर से दिव्यांग हैं। सामाजिक और आर्थिक स्थिति के कारण दिव्यांग बेटी के विवाह को लेकर परिवार को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। समय बीतता जा रहा था समय के साथ सुषमा 32 वर्ष की हो गई और सुषमा का दुल्हन बनने का सपना अधूरा ही प्रतीत हो रहा था। ऐसे समय में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सुषमा का विवाह संपन्न हुआ। शासन की इस

योजना ने न केवल विवाह की समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कीं, बल्कि सुषमा के जीवन में नई शुरुआत का विश्वास भी जगाया। विवाह उपरांत सुषमा ने भावुक होकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हों राज्य सरकार हर बेटी के साथ खड़ी है। और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग कर रही है। इसी तरह विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत गोपीनगर निवासी अंजिला सुनने और बोलने में अक्षम हैं। उनकी दिव्यांगता के कारण परिवार को बेटी के विवाह को लेकर गहरी चिंता थी। अंजिला के पिता श्री छेदी राम बताते हैं कि बेटी की दिव्यांगता और आर्थिक कठिनाइयों के चलते बेटी का विवाह कर पाना उनके लिए अत्यंत कठिन था। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से जब अंजिला के विवाह का अवसर मिला तो बेटी के शादी का सपना साकार हुआ। श्री छेदी राम ने कहा कि योजना दिव्यांग बेटियों के लिए भी सम्मान के साथ जीवन की नई शुरुआत का माध्यम है। वे कहते है कि शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं ने उन्हें मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से राहत दी है। उन्होंने मकर संक्रांति के परब पर बेटी के विवाह के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सुषमा और अंजिला जैसी बेटियों का विवाह संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण भी है। जो संदेश देती है कि प्रदेश की कोई भी बेटी परिस्थितियों के कारण पीछे न रह जाए शासन हर कदम पर उनके साथ है।

खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर सरगुजा ओलम्पिक पंजीयन 25 तक

एमसीबी/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग के अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सभी विकासखण्डों में खिलाड़ियों का पंजीयन जारी है। खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 25 जनवरी 2026 कर दी गई है। इच्छुक खिलाड़ी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिताओं का संभावित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं 28 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 मार्च से 3 मार्च 2026 तक आयोजित होंगी। सरगुजा ओलम्पिक में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेल विधाएं शामिल की गई हैं।

रस्साकशी का आयोजन महिला सीनियर वर्ग में प्रदर्शनात्मक रूप से किया जाएगा। जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष आयु के बालक-बालिकाएं तथा सीनियर वर्ग में सभी आयु वर्ग के महिला-पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। पंजीयन ऑनलाइन पोर्टल rymc.cg.gov.in/sargujaOlmpic2025 के माध्यम से अथवा संबंधित कार्यालयों से ऑफलाइन किया जा सकता है। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का उद्देश्य आमजन को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लाभ उठाया।

शिविर में जिला अस्पताल मुंगेली से विशेष रूप से पधारे एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवपाल सिंह सिदार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके साथ के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षा राय के मार्गदर्शन एवं देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकीय टीम ने पूरे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान कीं। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, रक्त जांच सहित विभिन्न आवश्यक परीक्षण किए गए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की विशेष जांच की गई, ताकि उन्हें समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय सलाह और उपचार मिल सके। शिविर में खांसी, सर्दी, बुखार सहित मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भी जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को रोगों से बचाव, दवाइयों के सही उपयोग, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. सिदार ने उपस्थित मरीजों को जीवनशैली में सुधार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। वहीं डॉ. हर्षा राय ने बताया कि द्वारा आगे भी इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

206 कॉमन सर्विस सेंटर की आईडी प्रभाव से बंद

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना किए जाने पर सीएससी मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले में आम जनता को डिजिटल और सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अब प्रशासन की कड़ी निगरानी में आ गए हैं। जिले में सीएससी व्यवस्था की व्यापक समीक्षा और फील्ड वेरिफिकेशन के बाद कार्रवाई करते हुए 206 सीएससी सेंटर बंद कर दिए गए हैं, इसके साथ ही 700 से अधिक ऐसे सीएससी संचालकों की पहचान की गई है, जो लंबे समय से निष्क्रिय पाए गए हैं।

सार्वजनिक स्थानों व नाबालिगों को तंबाकू बिक्री पर सख्ती

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तंबाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए कोटपा एक्ट के तहत 28 दुकानों में कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल द्वारा ग्राम बोधापारा में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत् 28 दुकानों मे कार्यवाही की गई, जिसमें 14 दुकानों में चेतावनी देकर छोडा गया तथा शेष 14 दुकानों में 01 हजार 400 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। औषधि निरीक्षक श्रीमती किरण सिंह ने बताया कि कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के तहत् सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर

प्रतिबंध, धारा 5 के तहत् सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के ज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत् नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, धारा 7,8 एवं 10 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध धारा 4 एवं 6 के तहत् 200 रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

20 वर्षों बाद गेल्हापानी को मिली स्वास्थ्य सुविधा, अस्थाई केंद्र से मिली राहत

चिरमिरी/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के चिरमिरी अंतर्गत गेल्हापानी क्षेत्र के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब लगभग 20 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद क्षेत्रवासियों को अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिली। मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल से अब क्षेत्र में सप्ताह में दो दिन डॉक्टर, नर्स तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था प्रारंभ की गई है।

फिलहाल यह अस्थाई स्वास्थ्य सेवा स्थानीय सामुदायिक भवन में संचालित की जा रही है, जहां नियमित रूप से मरीजों का

उपचार किया जाएगा। वर्षों से इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करने को मजबूर ग्रामीणों को अब अपने ही क्षेत्र में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ से क्षेत्र में खुशी और राहत का माहौल देखा गया। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने डॉक्टरों का फूलों से स्वागत कर सम्मान किया। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि यह सुविधा स्वास्थ्य मंत्री के विशेष प्रयासों से संभव हो सकी है। यहां सामान्य रोगों का उपचार किया जाएगा, जबकि गंभीर मामलों में मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र की कॉलरियों और ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इस पहल के लिए भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत को ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

आस्था

स्नान-दान, खिचड़ी पर्व और सेवा कार्यों के साथ श्रद्धा-भक्ति से हुआ मकर संक्रांति का आयोजन

तिथि भेद के कारण 15 जनवरी को लखनपुर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई

लखनपुर/नवप्रदेश। 14 जनवरी के दिन मकर संक्रांति पर्व मनाए जाने की परिपाटी रही है। लेकिन पंचांग में तिथि भेद होने कारण 15 जनवरी दिन गुरुवार को लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। दरअसल पौराणिक मान्यता रही है कि जब भगवान भास्कर मकर राशि में संक्रमण करते हैं अर्थात प्रवेश कर उतरायण हो जाते हैं उस शुभ तिथि में ही मकरसंक्रांति पर्व मनाई जाती है।

परंतु कुछ जानकार पंडितों तथा पंचांग के अनुसार इस वर्ष भगवान सूर्य पौष कृष्ण एकादशी बुधवार को रात्रि 9.39 बजे मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं । इस वजह से एक दिन बाद संक्रांति पर्व मनाया गया। शास्त्रोक्त नियम है कि प्रदोष के बाद रात्रि में किसी भी समय संक्रांति लगती है तो इसका पुण्य काल दूसरे दिन होता है।इस तरह श्रद्धालुओं ने नदी तालाब जलसरवरो में आस्था का डुबकी लगाया तथा मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व 15 जनवरी दिन गुरुवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई । तीर्थ क्षेत्रो में गंगा नदी तालाब जलसरवरो में स्नान करना शुभकर माना जाता है इस धार्मिक मान्यताओं को लेकर लोगों ने सुबह नदी तालाब जलसरवरो में जाकर आस्था के डुबकी लगाये। भगवान सूर्य को अर्घ्य

देकर पूजा अर्चना करने पश्चात मंदिर देवालयों में जाकर माथा टेका।स्नान दान के नजरिए से यह पर्व बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऊनी दुशाला कम्बल जूता पुस्तके पंचांग आदि का दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है । जिसे श्रद्धालुओं ने बखूबी निभाया लोगों ने भंडारे का आयोजन कर जरूरतमंदों को भोजन कराया गर्म कपड़े दान किये।मकर संक्रांति पर तील के लड्डू मिष्ठान एवं खिचड़ी सेवन करना बाटना शुभ माना जाता है । लोगों ने तील के लड्डू मिष्ठान बांटे। बहरहाल तिथि भेद होने कारण नगर लखनपुर सहित आसपास गांवों में कहीं कहीं मकर संक्रांति षट्तिला एकादशी पर्व बुधवार को मनाई गई। अधिकांश श्रद्धालु पंचांग के अनुयायी गुरुवार को मकर संक्रांति धूमधाम से मनाया। कुछ सेवा भावी लोगों ने जरूरतमंदों को भोजन कराया तथा गर्म कपड़ों का दान किया।

अवैध शराब पर कार्रवाई 15 लीटर शराब जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी विभाग मुंगेली द्वारा ग्राम छोटे जल्ली में छापेमार कार्यवाही कर 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी भोपसिंह कुर्रे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती धारा 34(1)(क), 34(2) तथा

59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने

कलेक्टर ने दिए प्राचार्यों को कार्य योजना बनाने के निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर नम्रता जैन की अध्यक्षता में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलो के प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यालयों की प्रगति की प्राचार्यों से फीडबैक लिया गया तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।बैठक कि समीक्षा करते हुए कलेक्टर जैन ने जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की प्रशंसा करते हुए अन्य विद्यालयों को भी बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए सुव्यवस्थित रूप से तैयार करने, कमजोर, औसत एवं श्रेष्ठ विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें विशेष शिक्षण योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक के दौरान विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं पर भी गंभीरता से चर्चा करते हुए निराकरण कराए जाने निर्देशित किया गया। प्राचार्य को निर्देशित कहा कि हाई स्कूल महिमागवाड़ी में आधार सुधार से संबंधित समस्या को तत्काल कार्यवाही किए जाने हेतु अगले ही दिन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 1 फरवरी 2026 से बोर्ड परीक्षा पूर्वाभ्यास हेतु विशेष परीक्षाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर नम्रता जैन ने शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर कलेक्टर ने प्रदान की बैटरी चलित ट्राईसाइकिल

कलेक्टर जनदर्शन में संवेदनशील पहल, दिव्यांग छात्रा को मिली नई रफ्तार

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन एक बार फिर संवेदनशील प्रशासन का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया, जहां ग्राम महिमागवाड़ी की दिव्यांग छात्रा भूमिका पटेल को तत्काल राहत और नई उम्मीद मिली। कलेक्टर नम्रता जैन ने जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कक्षा आठवीं में अध्ययनरत भूमिका को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके पश्चात मौके पर ही ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम महिमागवाड़ी की निवासी भूमिका पटेल जन्म से ही शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। किसान परिवार से संबंध रखने वाली भूमिका ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के प्रति अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति को बनाए रखा। विद्यालय आने-जाने में उसे अब तक परिजनों की सहायता पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। बैटरी चलित ट्राईसाइकिल मिलने से अब उसके लिए विद्यालय तक पहुंचना सहज और सुरक्षित हो गया है।

जनदर्शन के दौरान भूमिका ने अपने सपनों और शैक्षणिक आकांक्षाओं को साझा करते हुए बताया कि वह पढ़-लिखकर कलेक्टर बनना चाहती है और अपने जिले की सेवा करना चाहती है। छात्रा की आत्मविश्वास से भरी बातों से प्रभावित होकर कलेक्टर नम्रता जैन ने न केवल तत्काल सहायता सुनिश्चित की, बल्कि उसकी छात्रवृत्ति की मांग पर समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना से एक सप्ताह के भीतर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भूमिका को यह आश्वासन भी दिया कि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन की ओर से रायपुर में उसके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। बैटरी चलित ट्राईसाइकिल पाकर भूमिका के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था। भूमिका ने उसकी मांग पर त्वरित कार्रवाई से खुश होकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

जिपं साधारण सभा की बैठक 21 जनवरी को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 21 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

गणतंत्र दिवस पर जिले में रहेगा शुष्क दिवस

रायगढ़/नवप्रदेश। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, उपधारा 1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा सीएस 2 घघ, समस्त देशी कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट एवं समस्त विदेशी प्रीमियम मदिरा एफएला घघ समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा एफएला घघ कम्पोजिट दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति एफएल 3, शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति एफएल 3 क, पर्यटन बार एफएल 3 ग एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहात्ता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शुष्क दिवस के दौरान मंदिरा का किसी भी प्रकार का क्रयविक्रय, वितरण अथवा संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जिले में अभी भी 32 हजार से अधिक किसान धान बेचने की कतार में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में अब तक 95875 पंजीकृत किसानों से धान खरीदी पूर्ण की जा चुकी है। अभी भी जिले में 32,000 से अधिक किसान धान बेचने की कतार में है। उपार्जन केंद्रों में 4945105.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। परिवहन में भी काफी तेजी आई है।

आधिकारिक सूत्रों की माने तो अब तक उपार्जन केंद्रों से 1583955.90 क्विंटल धान का उठाव भी किया जा चुका है। ज्ञात हो कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन है । मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के

मान से धान खरीदी की जा रही है।

जिले के सभी 96 धान खरीदी का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। धान खरीदी केन्द्रों की सतत् निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध खरीदी धान की खरीदी पर भी नजर रखी जा रही हैं।

ज्ञात हो कि जिले के उपार्जन केंद्रों में अब तक 95875 पंजीकृत किसानों से 4945105.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1583955.90 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव जिले में 1,31,000 से अधिक पंजीकृत किसान है। अब तक राजनांदगांव जिले में 95,875 किसानों से धान की खरीदी पूर्ण कर ली गई है । बहरहाल जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उठाव भी किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट के बाहर परिवहन विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। परिवहन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट शाखा परिसर के बाहर खड़े वाहनों की जांच पड़ताल की गई । नियमों की अनदेखी करने वाले 18 कर्मचारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 6 जनवरी को जिला सड़क कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार शासकीय कर्मचारियों में यातायात नियमों के पालन कराने के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।जिला प्रशासन के निर्देश पर परिपालन विभाग द्वारा 14 जनवरी को कलेक्ट्रेट राजनांदगांव / कंपोजिट बिल्डिंग के सामने प्रातः काल शासकीय कर्मचारियों के हेलमेट एवं सीटबेल्ट उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 18 कर्मचारियों पर चालानी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में 16 प्रकरण हेलमेट न पहनने एवं 2 प्रकरण सीटबेल्ट न लगाने के पाए गए हैं।

बस्तर पंडुम 2026 के तहत जनजातीय कला एवं संस्कृति को मिलेगा सशक्त मंच

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम 2026 के अंतर्गत जनपद स्तरीय, जिला स्तरीय और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इन प्रतियोगिताओं में लोककला, शिल्प, तीज-त्योहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन-पेय पदार्थ, आंचलिक साहित्य तथा वन औषधि जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।बस्तर पंडुम का आयोजन ओरछा विकासखंड में 15 जनवरी को हाई स्कूल ग्राउंड ओरछा में तथा 17 जनवरी को पंचायत परिसर कोहकामेटा में किया जाएगा।

ग्राम पंचायत मासबरस में बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन

अंतागढ़/नवप्रदेश। बस्तर पंडुम (बस्तर का उत्सव) आदिवासी कला प्रदर्शन के अंतर्गत आयोजित बस्तर पंडुम विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता 2026 में विकास खंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत मासबरस में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और लोककला की अनुपम झलक देखने को मिली। आयोजन स्थल पर आदिवासी समाज के पारंपरिक वेशभूषा, रहन-सहन, लोकनृत्य, लोकगीत एवं विविध प्रकार के पारंपरिक व्यंजन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान रोला, पाटा, कोलांग, धनकुल गीत, लेजा नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक नृत्य-गान प्रस्तुत किए गए, वहीं हल्बा समाज द्वारा पारंपरिक चिवड़ा कुटने की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया गया तथा ओझा समाज की पारंपरिक धरोहर गोधना-गोदना

कला भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में बस्तर की आदिवासी कला, संस्कृति और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, सुभद्रा सलाम, सदस्य जिला पंचायत कांकेर गुलेश उसेंडी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अंतागढ़ कुबल सिंह भूसाखरे, परदेशी राम ध्रुव, सदस्य जनपद पंचायत शारदा उसेंडी, परगन माजी श्याम लाल उयका, मेहतू दर्रो, चंदन हिड़को, जगदेव दुग्गा, लक्ष्मण कौड़ो, भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/24-25

// ईश्तहार //

आगामी तिथि 29/1/2026

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदिका निर्मला देवी अग्रवाल पति लाजपतराय अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी नगर सूरजपुर, तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 3136/3क, 3136/3ख रकबा क्रमशः 1959, 1959 वर्गफीट भूमि का लीज अवधी 31.03.2026 को समाप्त होने से लीज नवीनीकरण कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था / विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 29/1 / 2026 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 5/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान- सूरजपुर | **नजूल अधिकारी सूरजपुर**

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली-2 (खैरा-सेतगंगा) जिला-मुंगेली (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

मामला क्रमांक-....... /अ-19/2025-26, ग्राम - मोतिमपुर (अमरटापू) तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./2025/6985 मुंगेली, दिनांक 04.12.2025 के माध्यम से ग्राम मोतिमपुर प.ह.नं.06 रा.नि.मं. खैरा-सेतगंगा तहसील मुंगेली स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 109 रकबा 4.909 हेक्टेयर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतिमपुर (अमरटापू) के भवन निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि को आबंटन कराने हेतु जिला कलेक्टर महोदय मुंगेली से मांग की गई है। जो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली के माध्यम से संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण तैयार कर जांच उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | **नायब तहसीलदार मुंगेली**

चुहा थ्योरी के खिलाफ जोगी कांग्रेस का आंदोलन कलेक्टरेट में होगा '8 करोड़ के चूहों' का पर्दाफ़ाश

'अफसरो को बचाने चूहों को बनाया आरोपी': जोगी कांग्रेस

8 करोड़ का धान कहां गया? जोगी कांग्रेस ने कलेक्टरेट में हिसाब लेने का ऐलान

कवर्धा/नवप्रदेश। धान खरीदी में उजागर हुए करोड़ों रुपये के घोटाले को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने प्रशासन के खिलाफ निर्णायक आंदोलन छेड़ने का ऐलान कर दिया है। पार्टी का कहना है कि वास्तविक दोषियों को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा ÷चुहा थ्योरी÷ गढ़ी जा रही है, जो पूरी तरह हास्यास्पद और जनता के साथ धोखा है।

प्रदेश अध्यक्ष अमित अजित जोगी आज चुहा पकड़ने वालों को साथ लेकर पहले धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और उसके बाद कलेक्टरेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात कर तथाकथित चूहों का प्रतीकात्मक पर्दाफ़ाश करेंगे।इससे पहले जोगी कांग्रेस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर ÷वांटेड चूहे÷ के पोस्टर चिपकाकर प्रशासन की सफाई पर तीखा कटाक्ष किया है।जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि 8 करोड़ रुपये का धान चुहों द्वारा खा जाने का बयान पूरे प्रशासन पर तमाचा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि धान की सुरक्षा की जिम्मेदारी अधिकारियों की थी तो फिर दोष चुहों पर क्यों डाला जा रहा है। केशरवानी ने स्पष्ट किया कि जोगी कांग्रेस हर उस धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण करेगी, जहां अनियमितताओं की शिकायत है, और दोषी अधिकारियों को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन कलेक्टरेट से निकलकर सड़क और सदन तक जाएगा।

सड़क सुरक्षा माह में नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज दिनांक 14.01.2026 को सुश्री अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन में एवं पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में यातायात टीम एवं यमराज एवं चित्रगुप्त नाटकीय किरदार एवं संवादो के माध्यम से विनोद गौतम एवं टेकराम द्वारा नेशनल हाईवे एवं शहर के महावीर चौक में बिना सीट

बेल्ट, दुपहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट, तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों यातायात संबंधी जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन करने अपील किया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने लगातार हर संभव प्रयास कर रही है।

राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

ऑयल पॉम खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल ऊ ऑयल पॉम योजना अंतर्गत जिले को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने, राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने एवं कृषकों की आय में दीर्घकालीन वृद्धि करने के लिए ऑयल पाम रोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा योजना के तहत पाम रोपण करने वाले कृषकों को अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में अतिरिक्त (टॉप-अप) अनुदान प्रदान किया जा रहा है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि ऑयल पाम एक दीर्घकालीन, कम श्रम एवं अधिक उत्पादकता वाली फसल है। जिसमें रोग प्रकोप की संभावना न्यूनतम रहती है। एक बार रोपण के पश्चात चौथे वर्ष से उत्पादन प्रारंभ होकर 25 से 30 वर्षों तक निरंतर उपज प्राप्त होती है। यह फसल पारंपरिक तिलहन फसलों की तुलना में प्रति वृद्धि के साथ कुल 10250 रूपए, ड्रिप हेक्टेयर 4 से 6 गुना अधिक तेल उत्पादन क्षमता रखती है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

।। ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ।।

क्र./27/लो.क.वि./न.पा./ 2026 — कुम्हारी, दिनांक 15/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

सिस्टम टेण्टर नम्बर	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
183885	नगर पालिका परिषद कुम्हारी में स्वच्छता विभाग हेतु उच्चकुशल, कुशल, एवं अकुशल 81 श्रमिक आपूर्ति कार्य	127.71	06.02.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

जिले में दर्दनाक सड़क हादसा, दो नाबालिगों की मौत

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। एक ओर जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय से लगे बड़गांव ग्राम पंचायत में दर्दनाक सड़क हादसा प्रशासनिक दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़गांव ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि तीनों में से दो नाबालिग थे। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो नाबालिगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने के गंभीर मुद्दे को सामने ला दिया है। लगातार देखा जा रहा है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में नाबालिग बेखौफहोकर दोपहिया वाहन चला रहे हैं। इतना ही नहीं, स्टंटबाजों का आतंक भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
HASDEO BARRAGE W/M DIVISION, RAMPUR/KORBA (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

NIT No.: 12/SAC/2025-26 — **Dated: 12.01.2026**

Online Tenders are invited for the following works up to 02.02.2026 AT 17.30 Hour

System Tender No NIT. No / Date	Name Of Work	Amount
System No- 183640	**Renovation of Inspection Bungalow at Darri/Korba.**	**Rs. 69.46 Lakhs (Excluding GST)** Tender Invited As Per SOR of August 2025 and Pwd Sor 2015

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 19.01.2026 at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Other terms and condition of this tender visit WRD website **https://eproc.cgstate.gov.in** under Live Tender available.
Other terms and condition of this tender visit WRD website **https://eproc.cgstate.gov.in** under Live Tender available

Executive Engineer
G-252606009/4 — **Hasdeo Barrage W/M Division, Rampur/Korba (C.G)**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक **03.02.2026,** (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है-

सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. **183661** नि.सू.क्र. **10/वलेलि/2025-26** दिनांकः **13.01.2026**	रायपुर जिले के वि./यां. संरचना के अधिन स्टेट डेटा सेंटर बिल्डिंग के द्वितीय तल का नवीनीकरण और उन्नयन का कार्य, जिसमें पैसेंजर लिफ्ट, डीजी सेट, कॉन्फ्रेंस सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम, सूचना प्राद्योगिकी उपकरण इत्यादि का कार्य शामिल है।	**रू. 163.57 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.01.2026,** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट - 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते अधीक्षण अभियंता वि./ यां. मण्डल
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252606061/5

विवाहित महिला से जन्मे बच्चों को पति का ही संतान माना जाएगा: हाईकोर्ट

पितृत्व निर्धारण को लेकर हाईकोर्ट के जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने सुनाया फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। पितृत्व निर्धारण को लेकर बिलासपुर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने कहा कि विवाह के दौरान जन्मे बच्चों को पिता की संतान माना जाएगा। भले ही अन्य पुरुष उन बच्चों को अपनी संतान स्वीकार कर ले, या फिर महिला के साथ लिव-इन में रहे। बच्चों की कानूनी वैधता पहले पति से जुड़ी रहेगी।

डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, यदि किसी महिला की शादी कानूनी रूप से अस्तित्व में है, तो उस दौरान पैदा हुए बच्चों को कानूनी रूप से पति का ही माना जाएगा। शादी शुदा महिला के दूसरे पुरुष से हुए बच्चे कानूनी रूप से पहले पति के ही माने जाएंगे। विवाह अस्तित्व में रहने के दौरान भले ही कोई अन्य व्यक्ति उन बच्चों को अपनी संतान स्वीकार कर ले या फिर महिला दूसरे पुरुष के साथ लिव-इन में रहे। उन बच्चों की कानूनी वैधता पहले पति के साथ ही जुड़ी रहेगी। दो महिलाओं ने खुद को बिलासपुर के एक कारोबारी की बेटियां और उनकी मां को उनकी वैध पत्नी घोषित करने की मांग की थी। डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि महिला का विवाह वर्ष 1960 में हुआ था। वैवाहिक संबंध लगातार चलते रहा है। कानूनी रूप से कभी समाप्त नहीं हुई। मसलन पहले पति ने ना तो विवाह विच्छेद को लेकर परिवार न्यायालय में मामला दायर किया और ना ही विवाह विच्छेद को लेकर किसी तरह का कानूनी प्रमाण भी है।

पति की मृत्यु का कोई सबूत भी पेश नहीं कर पाई। इस तरह की परिस्थितियों में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 और 11 के तहत दूसरा विवाह शून्य माना जाएगा। लिंक रोड और मुंगेली निवासी दो महिलाओं ने परिवार न्यायालय में वाद दायर कर दावा किया था कि उनकी मां का वर्ष 1971 में गोड़पारा निवासी एक कारोबारी के साथ वरमाला विवाह हुआ था। विवाह के बाद उन दोनों का जन्म हुआ। दोनों बेटियों ने परिवार न्यायालय को बताया कि उनकी मां के पहले पति वर्ष 1984 में घर छोड़कर चले गए थे और तब से उनका कोई पता नहीं है।

परिवार न्यायालय के फैसले को हाईकोर्ट में दी थी चुनौती

परिवार न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए दोनों बेटियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने कहा, दूसरे पति द्वारा संतान के रूप में स्वीकारोक्ति के बयान से कानूनी व्यवस्थाओं और प्रावधानों को नकारा नहीं जा सकता। डिवीजन बेंच ने कहा, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 112 के तहत विवाह के दौरान जन्मे बच्चों को पति की संतान मानने की कानूनी धारणा मजबूत होती है। इस दौरान पत्नी दूसरे पुरुष के साथ लिव-इन में क्यों ना रहे। लिव-इन के दौरान बच्चे के जन्म को साबित करने के लिए नान-एक्सेस याने पति-पत्नी के बीच शारीरिक संबंध ना बनने की बात को चिकित्सकीय प्रमाण के साथ पेश करना होगा। बेंच ने कहा, इस मामले में इस तरह का कोई ठोस सबूत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश नहीं किया गया है। बेंच ने यह भी कहा,आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में बच्चों के पिता के रूप में पहले पति का नाम दर्ज है। इस टिप्पणी के साथ डिवीजन बेंच ने याचिका को खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

सरकारी दस्तावेजों का महत्व

कोर्ट ने पाया कि आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में आज भी बेटियों के पिता के नाम के रूप में आत्मप्रकाश का ही उल्लेख है। कानून यह मानता है कि शादी के दौरान पैदा हुए बच्चे उसी पति के माने जाएंगे जिससे महिला की वैध शादी हुई है। कोर्ट ने कहा कि केवल बृजमोहन के स्वीकार कर लेने से कानून नहीं बदल जाता।

जिले में इस समय करीब सात सौ पीडएस दुकानें संचालित, 14 लाख रुपए की हर महीने अवैध वसूली

गरीबों के राशन में हर महीने लाखों का बट्टा, स्टाक का घोषणा पत्र ऑनलाइन जमा करने के नाम पर वसूली

तय रकम जमा करने पर ही घोषणापत्र स्वीकार्य

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन करने वालों से घोषणा पत्र आनलाइन जमा करने के नाम पर हो रही वसूली के बारे में पूछने पर दुकान संचालकों ने नाम नहीं छापने की शर्त रखी और बताया कि हमें हर महीना वितरण और स्टॉक बताने के लिए ऑनलाइन घोषणा पत्र जमा करना पड़ता है। हम खाद्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई जगह पर घोषणा पत्र के साथ रूपए जमा कर देते हैं। ऐसा लम्बे समय से चला आ रहा है। कई दुकान संचालकों को यह मालूम भी है कि घोषणा पत्र वे कहीं से भी आनलाइन जमा कर सकते हैं पर वे खाद्य विभाग की व्यवस्था के खिलाफ जाकर दुकान नहीं चला सकते। खाद्य विभाग के निरीक्षकों द्वारा अपने मातहतों से ही घोषणा पत्र आनलाइन जमा करने दबाव बनाया जाता है इस तरह पीडीएस दुकान संचालन हर महीने घोषणापत्र आनलाइन जमा करने के नाम पर के नाम पर दो से तीन हजार देने के लिए मजबूर किए जा रहे हैं। आखिर वे ये रूपए कहां से लाएंगे, खाद्य विभाग की इस व्यवस्था में गरीबों को ही बट्टा लगाया जा रहा है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। गरीबों के राशन में हर महीने लाखों का बट्टा लगाया जा रहा है। महीने के स्टाक का घोषणा पत्र आनलाइन जमा कराने के नाम पर दुकान संचालकों से दो से तीन हजार की वसूली हो रही है। इस समय जिले में करीब सात सौ पीडीएस दुकानें संचालित हैं। इस हिसाब से हर महीना खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा करीब 14 लाख रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। स्टाक घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर आवंटन रूक जाने का डर इस अवैध वसूली की वजह बन गया है। दुकान संचालक रूपए देकर स्टाक का घोषणा पत्र जमा करा रहे है उसकी भरपाई गरीबों के राशन में गड़बड़ी के जरिए की जा रही है।

प्रदेश में संचालित पीडीएस दुकानों से घोषणा पत्र के नाम पर खाद्य विभाग में हर महीने लाखों रुपए की अवैध वसूली हो रही है। छत्तीसगढ़ में इस समय करीब साढ़े बारह हजार पीडीएस दुकानें संचालित हैं। बिलासपुर जिले में दुकानों की संख्या करीब सात सौ है। दुकान संचालकों से हर महीना घोषणा पत्र ऑनलाइन भरवाया जाता है, जिसमें उन्हें महीने के स्टाक की जानकारी देनी होती है। घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर आवंटन रूकने का डर होता है। इसी एवज में दो से तीन हजार उनसे वसूल किए जा रहे हैं। घोषणा पत्र दुकान संचालक कहीं से भी आनलाइन जमा कर सकते हैं, लेकिन खाद्य विभाग के अधीन ऐसी व्यवस्था बना ली गई है, रूपए वसूल किए जा सकें। जानकारों के अनुसार अकेले बिलासपुर जिले में हर महीने बीस लाख रुपए की वसूली हो रही है। पीडीएस दुकान संचालक खाद्य विभाग की मनमानी से परेशान है। वे इसका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि ऐसा करने पर दुकान उनके हाथ से छीन ली जा सकती है। इसी डर से ऑनलाइन घोषणा पत्र के नाम पर दो से तीन हजार रुपए हर महीने दे रहे हैं। वर्ष 2015 तक रजिस्टर में ही राशन वितरण का हिसाब किताब रखा जाता था। बाद में इसे ऑनलाइन जमा करना जरूरी कर दिया गया। हर महीने दुकान संचालकों को वितरण और स्टाक जानकारी ऑनलाइन जमा करनी पड़ती है। यह काम दुकान संचालक कहीं से भी कर सकते हैं लेकिन खाद्य निरीक्षकों के द्वारा आईडी नहीं दी जाती। घोषणा पत्र भरने के लिए जगह निश्चित कर दी गई है। घोषणा पत्र ऑनलाइन वहीं से जमा किया जा सकता है।इसके लिए दुकान के लिए निर्धारित राशन के कोटे के हिसाब से दो से तीन हजार रुपए की रकम तय कर दी गई है।

राजेन्द्र धीवर तीसरी बार सीपत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में एक बार फिर से एक ऐतिहासिक मोड़ आया है, जब जिले के सशक्त और अनुभवी नेता राजेन्द्र धीवर को तीसरी बार सीपत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। यह न केवल उनका व्यक्तिगत विजय है, बल्कि यह एक मजबूत संदेश भी है कि नेतृत्व, समर्पण और संघर्ष से ही कांग्रेस संगठन को नई दिशा मिल सकती है। एक बार फिर कांग्रेस संगठन के अंदर राजेन्द्र धीवर की नेतृत्व क्षमता ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के हस्ताक्षर से प्रदेश के 307 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की जो सूची जारी हुई, उसमें सीपत से राजेन्द्र धीवर का नाम तीसरी बार अध्यक्ष के रूप में दर्ज हुआ। यह न केवल उनके संघर्ष और कार्यक्षमता का प्रमाण है, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए भी एक बड़ी जीत है। राजेन्द्र धीवर, जो पहले भी वर्ष 2019 और

2021 में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं, अब तीसरी बार यह जिम्मेदारी निभाएंगे। लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनना उनके नेतृत्व की ताकत और पार्टी के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। वे सीपत के एकमात्र ऐसे कांग्रेस नेता हैं, जो लगातार तीन बार इस महत्वपूर्ण पद पर बने हुए हैं। राजेन्द्र धीवर, जो कांग्रेस संगठन की गहरी समझ और जमीनी सच्चाईयों से वाकिफ हैं, पहले भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे सीपत के तीन बार सरपंच रह चुके हैं और भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

जमीन बेचने का झांसा देकर बिल्डर से 64 लाख की ठगी

■ कांग्रेस नेता सहित तीन पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जमीन बेचने का झांसा देकर बिल्डर से 64 लाख रुपए की ठगी करने वाले कांग्रेस नेता सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, गोंड़पारा निवासी पंकज भोजवानी पिता मोहन भोजवानी ने रिपोर्ट लिखवाई। वे पीएम कंट्रक्शन के भागीदार हैं और जमीन खरीदकर मकान बनाने का काम करते हैं। इसी कार्य के दौरान वर्ष 2023 में कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले के माध्यम से लालखदान निवासी नागेन्द्र राय से हुई थी। दोनों ने उन्हें श्रीकांत वर्मा मार्ग में जमीन दिखाई और जमीन मालिक बोदरी निवासी हनजिन्दर कौर उसके पति ज्ञान सिंह के घर लेकर मिलाया। उस दौरान ज्ञान सिंह ने बताया उनकी पत्नी के नाम पर जूना बिलासपुर में जमीन है, जिसका सीमांकन होना शेष है। उनके बीच उक्त जमीन का सौदा 3 करोड़ रुपए में तय हुआ। उन्होंने अलग अलग समय में तीनों को 64 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद तीनों जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए घुमाने लगे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जमीन मालिक ने उक्त जमीन को बेचने के लिए दूसरे से 50 लाख रुपए ले लिया है। वे रजिस्ट्री कराने के लिए कहते तो हर बार उन्हें घुमा दिया जाता था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जमीन मालिक ज्ञान सिंह, कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले, गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

मस्तूरी गोलीकांड में फरार

पूर्व में मस्तूरी में जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं उनके रिश्तेदारों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या करने की कोशिश की गई थी। उक्त मामले में षडयंत्रकारी कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले व नागेन्द्र राय फरार चल रहे हैं।

बिजली कर्मी को धमकी, मामला दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। कनिष्ठ यंत्री सुरेंद्र कुमार साहू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 14 जनवरी को उन्होंने उपभोक्ता वार्ड क्रमांक 7, मेन रोड चकरभाठा कैंप निवासी राजकुमार बनवारे को उनके 21,248 रुपए के बकाये की सूचना दी। इस पर उपभोक्ता ने स्वयं को जनप्रतिनिधि और वकील बताते हुए अधिकारी को फोन पर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

कृषि महाविद्यालय में 'वंदे मातरम' का किया सामूहिक गायन

बिलासपुर /नवप्रदेश। मां भारती को समर्पित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के द्वितीय चरण के अंतर्गत भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आज 15 जनवरी को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर तथा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, लोरमी-मुंगेली के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम के सामूहिक गायन का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक एकता एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर डॉ. एन.के. चौरे, अधिष्ठाता, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारतीय जनमानस के गौरव, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण की शाश्वत अभिव्यक्ति है।' कार्यक्रम के दौरान बी.एससी. (कृषि) प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता सिंह द्वारा वंदे मातरम संदेश का भावपूर्ण वाचन किया गया, जिसमें मां भारती को समर्पित इस राष्ट्रीय गीत के भावार्थ को सरल एवं प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने समवेत स्वर में 'वंदे मातरम' का गायन किया। सामूहिक स्वर की गूंज से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम में डॉ. एस.एल. स्वामी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, लोरमी-मुंगेली, डॉ. एस.के. वर्मा, मुख्य वैज्ञानिक, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर, डॉ. गीत शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, बिलासपुर सहित समस्त प्राध्यापकगण, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

मल्हार जैसी ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरें छत्तीसगढ़ की पहचान: तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ के प्राचीनतम मंदिरों में से एक डिडनेश्वरी माता मंदिर, मल्हार में माता रानी के पावन दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत मल्हार में आयोजित मल्हार महोत्सव में सहभागिता कर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं ऐतिहासिक गौरव से जुड़ने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि मल्हार जैसी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरें छत्तीसगढ़ की पहचान हैं। इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने ग्राम मोहभट्ठा, विकासखण्ड बिल्हा, जिला बिलासपुर में पर्यटन स्थलों में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ और सुलभ बनाने हेतु स्थापित सौर हाईमास्ट संयंत्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन स्थलों की सुरक्षा, सौंदर्यीकरण और पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा, पर्यटन विकास और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप इस प्रकार की पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने तथा सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

मोहभट्ठा में सौर हाईमास्ट संयंत्र का किया लोकार्पण

किसान हितैषी योजनाओं से समृद्ध और खुशहाल बन रहे किसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है।जिले के धान खरीदी केंद्रों में बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने पहुंच रहे हैं। संग्रहण केंद्र पहुंचे किसानों ने खरीदी व्यवस्था को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि धान खरीदी के लिए सरकार द्वारा सभी सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। ग्राम सेमरताल के किसान शिवकुमार धीवर ने बताया कि वे 4 एकड़ भूमि में धान की फसल लगाते है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि से खाद-बीज लेने में सहूलियत हो जाती है। केंद्र एवं राज्य शासन की किसान हितैषी अन्य योजनाओं से भी किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। श्री धीवर ने कहा कि वह 146 कट्टी धान विक्रय करने केंद्र पहुंचे है। धान खरीदी केंद्र में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं, तौल सही तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बारदाने की भी पर्याप्त व्यवस्था है। सही तौल, व्यवस्थित खरीदी, और पारदर्शी स्पष्ट प्रक्रिया के साथ प्रशासन की सघन निगरानी से किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल रहा है।

आयोजन

महोत्सव समापन में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री अरूण साव

बेलतरा महोत्सव आज से, सांस्कृतिक आयोजन में जुटेंगे प्रदेश के दिग्गज कलाकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बेलतरा महोत्सव का भव्य आयोजन 16, 17 एवं 18 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों से पहली बार तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नगपुरा मेला मैदान ग्राम पंचायत कड़री में आयोजित यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन व बेलतरा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

महोत्सव का भव्य शुभारंभ 16 जनवरी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बेलतरा सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने लोक गायक चंदन यादव एवं लोक यायिका अल्का चन्द्राकर शामिल होंगी। महोत्सव के दूसरे दिन 17 जनवरी 2026 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप बेलतरा सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला सहकारी मर्यादित बैंक के अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शाम 6 बजे से इस दिन मंच पर लोक गायक अनुराग शर्मा एवं प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के समापन 18 जनवरी को अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे।

अनुज की प्रस्तुति रहेगी आकर्षण का केंद्र

समापन संध्या में लोकगायक अनुज शर्मा तथा लोक गायक हिलेन्द्र सिंह ठाकुर की प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहेंगी। तीनों दिनों तक महोत्सव परिसर में लोकनृत्य, लोकगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। बाँस व मिट्टी से बने शिल्प, पारंपरिक वस्त्र तथा पारंपरिक व्यंजन दर्शकों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा से परिचित कराएंगे। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देना, ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा आमजन को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन ने जिलेवासियों व क्षेत्रीय निवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव को सफल बनाएं।

मकर संक्रांति पर काशी में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

वाराणसी। मकर संक्रांति पर बृहस्पतिवार को काशी में लाखों भक्तों ने गंगा घाटों पर पहुंचकर डुबकी लगाई। इस दौरान भक्तों ने गंगा स्नान के साथ ही दान- पुण्य किए। दशाश्वमेध, पंचगंगा व अस्सी समेत काशी के सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। सूर्य नमस्कार करने के बाद भक्त जल लेकर काशी विश्वनाथ, संकट मोचन, दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिए कतारबद्ध हो गए। घाटों की ओर जाने वाली गलियों में जाम जैसा हाल रहा।

मंदिरों में दर्शन के लिए लगीं कतारें

पंचगंगा घाट की तरफजाने वाली सकरी गलियों में श्रद्धालुओं की कतार लग जाने से गलियों में भी जाम सी स्थिति देखने को मिल रही। सभी श्रद्धालु स्नान कर काल भैरव, काशी विश्वनाथ बड़ा गणेश अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचे। घरों में पूरे शहर की छतों पर डीजे बजाकर पतंगबाजी की जा रही। पतंगबाजी सड़कों के साथ-साथ मैदानों और छतों पर भी दिखाई दे रही है। मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा मसाननाथ मंदिर में बाबा मसाननाथ सेवा समिति की ओर से श्रृंगार हुआ। बाबा मसाननाथ का सुगंधित पुष्पों व रंग-बिरंगी पतंगों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। पूजन-अर्चन के बाद बाबा को ढुंढा, लाई, पट्टी व विविध मिष्ठानों का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भव्य आरती हुई जिसमें सेवा समिति के अध्यक्ष चैनू प्रसाद गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-पाठ व आरती संपन्न कराई। आरती के बाद बाबा का प्रसाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।

नाटो और सैनिक भेजेगा, अमेरिका से आर-पार के मूड में ग्रीनलैंड

नई दिल्ली। अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद ग्रीनलैंड के उप प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने बुधवार को कहा कि नाटो के और अधिक सैनिक ग्रीनलैंड की ओर भेजे जा रहे हैं। म्यूट एगेडे ने आगे कहा, "आज से और आने वाले दिनों में ग्रीनलैंड में नाटो सैनिकों की उपस्थिति बढ़ने की उम्मीद है। सैन्य उड़ानों और जहाजों की संख्या में भी वृद्धि होने की संभावना है।" फ्रांस, जर्मनी और नॉर्डिक देशों ने पहले ही कहा था कि वे डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र में एक यूरोपीय सैन्य अभियान में भाग लेंगे, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की नजर है।

निर्णय लेने का अधिकार केवल यहां के लोगों के पास

नाटो के सहयोगी डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडरिकसन ने पिछले हफ्ते यूरोपीय सहयोगियों के साथ एक बयान में कहा था कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा किया तो इसका सीधा अर्थ नाटो सैन्य गठबंधन का अंत होगा। खनिज संपदा से संपन्न यह द्वीप यहां के लोगों का है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड से संबंधित मामलों में निर्णय लेने का अधिकार केवल यहां के लोगों के पास है। मैक्रों ने कहा, अभूतपूर्व होंगे प्रभाव रायटर के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि अगर किसी यूरोपीय देश और उसके सहयोगी देश की संप्रभुता पर असर पड़ता है तो प्रभाव अभूतपूर्व होंगे।

ईरान में फंसे 2000 कश्मीरी छात्र पीएम से लगाई वापसी की गुहार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने ईरान में फंसे करीब 2000 कश्मीरी छात्रों और अन्य भारतीय नागरिकों की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से तत्काल हस्तक्षेप कर भारतीय छात्रों सहित सभी नागरिकों की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। एसोसिएशन ने कहा है कि तेहरान में भारतीय दूतावास ने छात्रों को जल्द से जल्द स्व-व्यवस्थित तरीके से ईरान छोड़ने की सलाह दी है लेकिन अभी तक कोई औपचारिक या समन्वित निकासी योजना घोषित नहीं की गई है। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने एक बयान में कहा कि ईरान में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने कश्मीर में व्यापक भय, अनिश्चितता और चिंता पैदा कर दी है। अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यधिक परेशान हैं। एसोसिएशन ने कहा कि अस्थिर और अशांत वातावरण में छात्रों से स्वयं निकासी की व्यवस्था करने की उम्मीद करना न तो सुरक्षित है और न ही व्यावहारिक। संगठित निकासी तंत्र की अनुपस्थिति ने छात्रों और उनके परिवारों की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

ईरान से छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए हस्तक्षेप करे सरकार

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को ईरान में जारी तनाव के मद्देनजर कश्मीरी छात्रों समेत अन्य छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। यह मांग ईरान में पढ़ रहे कई कश्मीरी छात्रों के अभिभावकों द्वारा वहां की स्थिति पर चिंता व्यक्त करने और केंद्र से अपने बच्चों की वापसी में सहायता करने की अपील करने के एक दिन बाद की गई है।

अमित शाह ने लॉन्च की आदिशंकराचार्य की ग्रंथावली

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आदिशंकराचार्य ने भारतीय पहचान स्थापित की और सनातन ध्वज चारों दिशाओं में बुलंद किया। शाह ने यह बात आदिशंकराचार्य की 'ग्रंथावली' लॉन्च करने के बाद की सभा में कही। उन्होंने कहा कि यह 15 खंडों में प्रकाशित ग्रंथावली गुजरात के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उनके जीवन और कार्य पर गहरा प्रभाव डालेगी।

शंकराचार्य ने सम्पूर्ण देश की पैदल यात्रा की- अमित शाह

अमित शाह ने कहा इन ग्रंथों में आप उस समय के समाज में उठ रहे सभी प्रश्नों के समाधान पाएंगे। उन्होंने आदिशंकराचार्य की यात्रा और योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुत कम लोग इतने कम जीवन में इतना बड़ा योगदान दे पाते हैं। आदिशंकराचार्य पैदल

पूरे देश में घूमे और उन्हें चलती-फिरती विश्वविद्यालय कहा जा सकता है। शाह ने बताया कि उन्होंने केवल यात्रा ही नहीं की, बल्कि चारों दिशाओं में मठ स्थापित किए, ज्ञान केंद्र बनाए और सनातन धर्म का झंडा ऊंचा रखा। उन्होंने कहा कि आदिशंकराचार्य के मठ सिर्फ धार्मिक केंद्र नहीं बने, बल्कि उन्होंने वेदों का वितरण और संरक्षण सुनिश्चित किया, ताकि ज्ञान की परंपरा स्थायी रूप से संरक्षित और प्रसारित हो। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अपने जीवनकाल में आदिशंकराचार्य ने बौद्ध, जैन, कपालिक और तांत्रिक परंपराओं के उदय के बीच सनातन धर्म से जुड़े प्रश्नों और शंकाओं का तार्किक उत्तर दिया।

बीएमसी चुनाव में स्याही विवाद का साया राज ठाकरे ने लगाए धांधली के आरोप

मुंबई। बीएमसी चुनाव के लिए मतदान जारी है, लेकिन विपक्ष द्वारा धांधली के आरोप लगाए जा रहे हैं। मनसे नेता राज ठाकरे ने मतदान में इस्तेमाल की जा रही स्याही पर सवाल उठाए हैं। राज ठाकरे ने कहा कि जो स्याही पहले इस्तेमाल की जा रही थी, उसे नए पेन से बदल दिया गया है और इस पेन को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। राज ठाकरे ने दावा किया कि अगर आप हैंड सैनेटाइजर इस्तेमाल करते हैं तो उससे स्याही मिट सकती है। इससे ये होगा कि लोग वोट करेंगे और बाहर जाकर हाथ धोकर फिर से वोट करने आ

जाएंगे। चुनाव प्रचार के लिए भी नया नियम बना दिया गया है। ये दिखाता है कि ये सरकार सत्ता में रहने के लिए कुछ भी कर सकती है। राज ठाकरे ने कहा, 'हम इसे चुनाव नहीं कह सकते, जहां कोई सत्ता में रहने के लिए इस तरह की धांधली कर रहा हो। मैं लोगों और शिवसेना के कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि इसे लेकर चौकन्ने रहें। एक व्यक्ति दो बार वोट करते हुए पकड़ा गया है।'

उद्धव ठाकरे ने की निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग

उद्धव ठाकरे ने भी धांधली के आरोप लगाए और इसे लोकतंत्र की हत्या की कोशिश बताया। पूर्व सीएम ने कथित गड़बड़ियों के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमरे के इस्तीफे की भी मांग की। उद्धव ठाकरे ने राज्य निर्वाचन आयोग को संविधान विरोध निकाय कहकर तंज कसा। उद्धव ठाकरे ने चुनाव निकाय और सरकार के बीच सांठ-गांठ के भी आरोप लगाए।

कथित मारपीट मामले की जांच में ईडी कार्यालय पहुंची रांची पुलिस

रांची/नवप्रदेश। ईडी के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट की शिकायत की जांच के सिलसिले में गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक टीम यहां स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई दर्ज शिकायत के आधार पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को रांची के एयरपोर्ट थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित जलापूर्ति घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की। सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ एयरपोर्ट थाना प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस टीम ईडी कार्यालय में मौजूद तथ्यों की जांच कर रही है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रांची पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। गोपनीयता की शर्त पर रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट के आरोपों के मद्देनजर ईडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर पीएम पर बरसे खरगे, ऐतिहासिक धरोहर मिटाने का लगाया आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है, आगे कहा

कि सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। ÷नरेंद्र मोदी जी... आप हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। वह भी बस उस पर अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं, प्रदर्शनकारियों ने मणिकर्णिका घाट की पुनर्विकास योजना के तहत विध्वंस अभियान का विरोध किया है। अहिल्याबाई होलकर की एक शताब्दी पुरानी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिसे जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को कहा कि कलाकृतियों को संस्कृति विभाग द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित कर दिया जाएगा।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

एचडीएफसी परिवर्तन कैंसर जागरूकता के लिए 'मुंबई मैराथन 2026' में उतारेगा सबसे बड़ी कॉर्पोरेट टीम

मुंबई/नवप्रदेश। एचडीएफसी बैंक, अपने सीएसआर प्रोग्राम परिवर्तन के ज़रिए, कैंसर जागरूकता और जल्दी पता लगाने में मदद करने के लिए 18 जनवरी को होने वाले 'टाटा मुंबई मैराथन 2026' में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1,500 कर्मचारियों को जुटाएगा। बैंक ने इंडियन कैंसर सोसाइटी (आईसीएस) के साथ पार्टनरशिप की है, जो भारत का सबसे पुराना नॉन-प्रॉफिट संगठन है जो कैंसर की देखभाल के लिए समर्पित है। अपने हेल्थकेयर और हाइजीन पिलर के तहत 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन प्राइमरी और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर तक पहुंच में सुधार करने, स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने और समुदायों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व्यवहार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है।

टाटा मुंबई मैराथन में आईसीएस के साथ यह पार्टनरशिप कैंसर का जल्दी पता लगाने को बढ़ावा देकर इस प्रतिबद्धता को मज़बूत करती है, जिसका अगर जल्दी पता चल जाए तो इलाज आसानी से हो सकता है। यह सहयोग 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन की सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। मैराथन के हिस्से के रूप में, आईसीएस 100 से ज़्यादा धावकों की एक टीम भी उतारेगा, जिसमें युवा कैंसर सर्वाइवर और आईसीएस कर्मचारी शामिल हैं।

रामा ग्रुप ने रायपुर में प्रीमियम सस्टेनेबल प्लॉटेड रेसिडेंशियल डेवलपमेंट 'रामा ग्रीन्स प्राइम' लॉन्च किया

रायपुर/नवप्रदेश। रामा ग्रुप ने अटल एक्सप्रेसवे, फुंडर चौक, रायपुर में स्थित 48 एकड़ के प्रीमियम प्लॉटेड रेसिडेंशियल डेवलपमेंट 'रामा ग्रीन्स प्राइम' के लॉन्च की घोषणा की है। एक उन्नत और बेहतर कनेक्टिविटी वाले रेसिडेंशियल सेंचुरी के रूप में डिजाइन किया गया यह प्रोजेक्ट आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रकृति-केंद्रित योजना के साथ एकीकृतकरता है जो आराम, वेलनेस और एक्सेसिबिलिटी पर आधारित रिफाइंड लाइफस्टाइल प्रदान करता है।

अटल एक्सप्रेसवे पर स्ट्रैटेजिकली स्थित रामा ग्रीन्स प्राइम को रायपुर के प्रमुख डेस्टिनेशन जैसे वीआईपी रोड, तेलीबांधा,डूमरतराई रोड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, प्रमुख मॉल, होटल और लीडिंग एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स से सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त है, जो इसे कंटेम्परری अर्बनलिविंग के लिए एक अत्यंत आकर्षक पता बनाती है।

इस डेवलपमेंट में 147 प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट शामिल हैं, जो 10 लाख वर्ग फुट से अधिक के प्लॉटेड क्षेत्र में फैले हुए हैं। एक शांत और नेचर-अलाइंड कम्युनिटी के रूप में एन्विजन्ड रामा ग्रीन्स प्राइम में एक्सपैंसिव लैंडस्केप्ड जोन, सोच-समझकर नियोजित सुविधाएं और शहर के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रेसिडेंशियल कॉरिडोर में एक्सीलेंट कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।

इंडियन ऑयल और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन

मुंबई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल) ने देश की अग्रणी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और इंडियनऑयल के ईंधन स्टेशनों पर वैल्यू-एडेड सेवाओं का विस्तार करना है। इस एमओयू के अंतर्गत, देशभर में चयनित इंडियनऑयल फ्यूल स्टेशनों पर मारुति सुजुकी की अधिकृत सर्विस सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। इसके माध्यम से ग्राहक अपने वाहनों की निर्धारित सर्विसिंग और मामूली रिपेयर कार्य उसी स्थान पर करवा सकेंगे, जहां वे ईंधन भरवाते हैं। यह पहल ग्राहकों के समय की बचत करते हुए एक सहज और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेगी।

'बॉर्डर 2' की रिलीज से पहले अनुराग सिंह ने शेयर किया इमोशनल नोट

मुंबई। 'बॉर्डर 2' के निर्देशक अनुराग सिंह ने आज फिल्म की रिलीज से पहले सोशल मीडिया हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए अनुराग ने भारत देश के प्रति सैनिकों की सेवा और साहस की कहानी बताई है। अनुराग सिंह ने इंस्टाग्राम पर 'बॉर्डर 2' से एक खास तस्वीर शेयर की हैं। इस तस्वीर में दो सैनिक तिरंगे को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ अनुराग ने कैप्शन में सैनिकों के साहस और देश के प्रति उनकी सेवा को लेकर लिखा, 'हर वर्दी के पीछे देश की सेवा, साहस और स्वार्थ से कहीं ऊपर देश के फैसलों की कहानी छिपी होती है।' आगे अनुराग ने लिखा, 'यह दिन उस महत्व को याद करने और सम्मान देने का दिन है।' 'बॉर्डर 2' 1997 की फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी पर आधारित एक एपिक वॉर फिल्म है। इस फिल्म के सह-लेखक और निर्देशक अनुराग सिंह हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2', 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और देशभक्ति को दर्शाती है। अनुराग सिंह को देशभक्ति और भावनात्मक कहानियों को परदे पर उतारने के लिए जाना जाता है।

'लईकी लईका' में दिखी राशा थडानी और अभय वर्मा की झलक

मुंबई। पिछले साल फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली रवीना टंडन की बेटी अभिनेत्री राशा थडानी की नई फिल्म आ रही है। इस फिल्म का नाम है 'लईकी लईका'। इस फिल्म में राशा के साथ 'मुंज्या' फेम अभिनेता अभय वर्मा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। आज मेकर्स ने फिल्म से दोनों के पोस्टर जारी कर दिए हैं। इन पोस्टर्स में राशा और अभय एक साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। जारी हुए पोस्टर्स में फिल्म के इस अनोखे नए लुक में दोनों कलाकार आधुनिक ग्रैफिटी के साथ स्ट्रीट स्टाइल में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने कई पोस्टर जारी किए हैं। इनमें पहले पोस्टर में अभय वर्मा और राशा थडानी एक संकरी, धुंधली गली में एक दूसरे को गले लगाते हुए और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं।

न्यूज गैलरी

रेलवे लाइन विस्तार कार्य से प्रभावित ने बुनियादी सुविधाओं की रखी मांग

कोरबा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 7 कृष्ण नगर के लोगों ने रेलवे लाइन विस्तार कार्य से होने वाली समस्याओं और रेलवे लाइन के किनारे सड़क, नाली निर्माण सहित धार्मिक स्थल के विस्थापन की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वार्डवासियों ने कलेक्टर को जारी ज्ञापन में उल्लेख किया है कि रेलवे के इस नए प्रोजेक्ट से वार्ड की वर्षों पुरानी मुख्य सड़क बाधित हो जाएगी जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने का मार्ग पूरी तरह बंद होने की कगार पर है। वार्डवासियों की मांग है कि कृष्ण नगर के दक्षिण में वर्तमान मुख्य सड़क के बाधित होने से पहले निवासियों के लिए स्कूल और अस्पताल पहुँचने के लिए वैकल्पिक पक्की सड़क बनाई जाए। वार्ड के पश्चिम दिशा में दो पुलियों के बीच सड़क और नाली का निर्माण अनिवार्य है वर्तमान स्थिति में में पुलिया नीचे होने के कारण बारिश वहाँ जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा होगी जिससे आवागमन ठप हो जाएगा। रेलवे लाइन की जद में आ रहे पूर्व दिशा स्थित हनुमान मंदिर को हटाने से पहले उसे श्रद्धा भाव के साथ किसी दूसरे स्थान पर पुनर्स्थापित किया जाए। वार्ड के पूर्व दिशा में संचालित सड़क को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग की गई है ताकि कनेक्टिविटी बनी रहे। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी इन बुनियादी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक रेलवे लाइन का कार्य आगे बढ़ाना उनके हितों के साथ खिलवाड़ होगा। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी और रेलवे प्रबंधन को भी प्रतिलिपि भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

सरकारी स्कूल के पीछे धान खरीदी, भूख मिटाने पहुंचे हाथी ने तोड़ा गेट

रायगढ़/नवप्रदेश। बंगुरसियां सरकारी स्कूल के पीछे धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। यहां हर रात भूख मिटाने हाथियों का आगमन होता है। मंगलवार की रात भी एक हाथी भूख मिटाने पहुंचा और स्कूल का गेट तोड़ दिया। बंगुरसिया हायर सेकेंडरी स्कूल हाथी प्रभावित होने के बावजूद बाउंड्रीवाल नहीं है। ऐसे में यहां हर दिन बच्चे अपनी जान सांसत में डाल कर स्कूल पहुंचते हैं। खास बात यह है कि बंदर इस स्कूल के खिड़कियों में उछल कूद करते रहते हैं। इससे बच्चों में दहशत बना रहता है। बंगुरसिया गांव ऐसा है जहां हर रात हाथी आते हैं। यहां का धान खरीदी केंद्र गांव के बाहर स्कूल परिसर में बनाया गया है। यहां धान हमेशा पड़ा रहता है। अभी खरीदी हो रही है तो काफी मात्रा में भंडारण है। ऐसे में हाथियों के लिए चारागाह बन चुका है। यहां एक दो नहीं बल्कि हर रात हाथी पहुंचते हैं। ऐसे ही मंगलवार की रात भूख मिटाने एक हाथी पहुंच गया। उसे भगाने के सारे उपाय किए गए, लेकिन भूख से व्याकुल हाथी भाग ही नहीं रहा था। भगाने के लिए किए जा रहे लाइट से गुस्साए हाथी ने स्कूल का गेट तोड़ दिया। हालांकि पूरा गेट तोड़ता इसके पहले हो-हल्ला कर हाथी को भगाया गया।

शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

छुरिया/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग युवती से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म से नाबालिग गर्भवती हो गई। उसने एक शासकीय अस्पताल में शिशु को भी जन्म दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को थाना बसंतपुर को जिला अस्पताल राजनांदगांव से एक अस्पताल मेमो प्राप्त हुआ, जिसमें एक नाबालिग पीड़िता 15 वर्ष की डिलेवरी होकर इलाजरत होने की जानकारी दी गई। मेमो जांच दौरान पीड़िता के पिता के द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र दिया जिसमें आरोपी कोमल साहू के द्वारा उसकी नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया जिससे उसकी लड़की गर्भवती होकर एक पुत्री को जन्म देने संबंधी शिकायत की गई। इस पर प्रथम दृष्ट्या धारा 64(2)(एम), 65 (1) बी। एन। एस। एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का मूल घटना स्थल थाना छुरिया जिला राजनांदगांव का होने से प्रारंभिक विवेचना बाद असल नंबरी अपराध पंजीबद्ध हेतु थाना बसंतपुर से केस डायरी थाना छुरिया को प्राप्त होने पर थाना छुरिया में उक्त धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी कोमल साहू पिता पंचू साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम आटरा थाना छुरिया को हिरासत में लिया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

मंडई मेले में युवक की चाकू मारकर हत्या

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पिपलाकछार में आयोजित पारंपरिक मंडई मेले के दौरान मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब झूला झूलने को लेकर हुआ एक मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप में बदल गया। देखते ही देखते सांस्कृतिक और धार्मिक उल्लास का यह आयोजन खूनी संघर्ष का गवाह बन गया जिसमें एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज घटना से पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मंडई कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच झूला झूलने को लेकर पहले कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में गाली-गलौच और मारपीट में तब्दील हो गई। इसी दौरान विवाद में शामिल एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक ने ग्राम पिपलाकछार निवासी मोरध्वज पटेल (26 वर्ष), पिता समयलाल पटेल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में मोरध्वज के पेट में गंभीर चोट आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल मोरध्वज को तत्काल सिविल अस्पताल खैरागढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया, हालांकि, उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही खैरागढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मेले स्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 वर्षीय विधि से संघर्षरत अपचारी बालक सहित अमलीडीह निवासी हेमचंद उर्फ हरसू (19 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है।

ढाबा में चाकू लहरा कर उत्पात मचाने वाले दो फरार आरोपी पकड़ाए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चाकू लहराकर ढाबा में उत्पात मचाने बाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दुर्ग निवासी शाहरूख, इजू इरानी, मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं मुकेश सभी उसके हाईवे ढाबा देवादा में आये और फोन में मेरे भाई को गाली दिये हो कहकर गाली गलौच कर रहे थे। शाहरूख अपने हाथ में हाकी स्टीक तथा इजु इरानी अपने हाथ में चाकू रखा था, और गाली-गलौच कर ढाबे मे हंगामा कर चाकू एवं हाकी स्टीक लहराते हुए

धान खरीदी और भंडारण विवाद: भ्रम फैलाया जा रहा, सूखत भी एक स्वाभाविक प्रक्रिया

चूहों से धान को नुकसान की खबरों को सरकार ने बताया निराधार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एवं भंडारण व्यवस्था में सूखत एवं चूहा आदि कीटों के द्वारा धान के नुकसान को लेकर कुछ स्थानों पर जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह तथ्यों से परे है। वस्तुस्थिति यह है कि धान भंडारण के दौरान नमी में कमी के कारण वजन में आंशिक गिरावट (सूखत) एक स्वाभाविक और तकनीकी प्रक्रिया है, जो वर्षों से चली आ रही है और देश के सभी धान उत्पादक राज्यों में देखी जाती है।

मॉइस्चर लॉस को खत्म नहीं किया जा सकता: सरकारी अभिलेखों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में 6।32 प्रतिशत और 2020-21 में 4।17 प्रतिशत सूखत दर्ज की गई थी। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि सूखत कोई नई या अचानक उत्पन्न हुई स्थिति नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली भौतिक-तकनीकी प्रक्रिया है। धान संग्रहण केंद्रों में नमी, तापमान, भंडारण अवधि, परिवहन और वातावरण के प्रभाव से धान में प्राकृतिक रूप से कुछ प्रतिशत वजन घटता है। इसे वैज्ञानिक रूप से 'मॉइस्चर लॉस' या 'ड्रायिंग लॉस' कहा जाता है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता लेकिन इसे नियंत्रित, मापा और पारदर्शी बनाया जा सकता है।

धान खरीदी केंद्रों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में लगभग 3।49 प्रतिशत सूखत की संभावना व्यक्त की गई है, जो पूर्व वर्षों के औसत के अनुरूप है और असामान्य नहीं है। वर्तमान धान खरीदी व्यवस्था में संग्रहण केंद्रों पर डिजिटल स्टॉक एंट्री, वजन सत्यापन, गुणवत्ता परीक्षण, गोदाम ट्रैकिंग, परिवहन एवं उठाव की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता को तुरंत पहचाना जा सके। अब सूखत केवल एक अनुमान नहीं, बल्कि डेटा-आधारित और ट्रैक-योग्य प्रक्रिया बन चुकी हैं। जहां यह प्राकृतिक सीमा में रहती है, उसे सामान्य माना जाता है, और जहां यह असामान्य रूप से अधिक पाई जाती है, वहां जांच और उत्तरदायित्व तय किया जाता है।

धान खरीदी के डिजिटल टोकन आधारित व्यवस्था

धान खरीदी व्यवस्था का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनके धान का पूरा और न्यायसंगत मूल्य मिले, भंडारण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और पूरी प्रणाली विश्वसनीय और पारदर्शी बनी रहे। आज प्रदेश की धान खरीदी प्रणाली डिजिटल टोकन, ऑनलाइन भुगतान, स्टॉक ट्रैकिंग और शिकायत निवारण जैसी सुविधाओं के माध्यम से देश की सबसे संगठित और निगरानी-आधारित व्यवस्थाओं में शामिल हो चुकी है। इससे किसानों का विश्वास मजबूत हुआ है और प्रक्रिया में जवाबदेही बढ़ी है। इसलिए यह स्पष्ट किया जाता है कि सूखत भंडारण की एक वैज्ञानिक वास्तविकता है। जिसे अब पहली बार पूरी पारदर्शिता, निगरानी और नियंत्रण के साथ संचालित किया जा रहा है।

धान खरीदी पर भ्रम फैला रही है कांग्रेस: अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने धान खरीदी के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। वहीं इसे लेकर प्रदेश में जमकर सियासत भी हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने जहां धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की और सरकार पर निशाना साधा है। वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव ने उनके बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस धान खरीदी पर भ्रम फैला रही है।

चरणदास महंत ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में 'मोदी की गारंटी' का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार आज किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम और सम्मान देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि छत्तीसगढ़ जैसा कृषि प्रधान राज्य, जिसे 'धान का कटोरा' कहा जाता है, वहां आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कोरबा और बागबाहरा जैसे में किसानों का आत्महत्या के लिए मजबूर होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में सुशासन दम तोड़ चुका है।

डिप्टी सीएम साव बोले- भ्रम फैला रही है कांग्रेस

नेता प्रतिपक्ष ने धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की और सरकार पर निशाना साधा है। इस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस धान खरीदी पर भ्रम फैला रही है। किसानों की नियमित धान खरीद हो रही है। सीएम साय ने स्पष्ट कहा है कि किसान धैर्य रखें। एक एक दाना धान की खरीदी होगी। बीजेपी सरकार किसान हितैषी सरकार है। किसानों को ठगने वाले लोग धान खरीदी पर बात ना करें।

जगदलपुर के लामनी पक्षी विहार में आए नए मेहमान

ब्लू गोल्ड मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट के आने से गुलजार हुआ बर्ड पार्क

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लामनी बर्ड पार्क में बुधवार का दिन प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए बेहद खास रहा। पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता में चार चांद लगाने के लिए नए मेहमानों के रूप में विदेशी पक्षियों का आगमन हुआ है। बुधवार को एवियरी में बेहद आकर्षक ब्लू एंड गोल्ड मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट लाए गए। ये पक्षी पार्क में आकर्षण का केंद्र बने गए हैं। इन नए मेहमानों के आने से पार्क का पक्षी संग्रह अब और भी समृद्ध हो गया है। इस दौरान प्रकृति प्रेमियों, पर्यटकों सहित नागरिकों ने इन नए मेहमानों का उत्साह के साथ स्वागत किया।

लामनी बर्ड पार्क में पहुंचे इन नए मेहमानों में ब्लू एंड गोल्ड मकाऊ जिसे आरा अरारौना भी कहा जाता है, मूल रूप से मध्य और दक्षिण अमेरिका के जंगलों और सवाना का निवासी है। अपनी बुद्धिमत्ता और चटख रंगों के लिए मशहूर इस तोते का ऊपरी हिस्सा गहरा नीला और निचला हिस्सा पेट और छाती चमकदार सुनहरा पीली होती है, जो इसे अद्भुत सौंदर्य प्रदान करता है। इसके सिर पर हरा रंग और चोंच के पास काले पंखों से सजी सफेद त्वचा इसकी विशिष्ट पहचान है। लगभग 34 से 36 इंच की लंबाई और 41 से 45 इंच के पंखों के फैलाव वाले ये विशाल तोते न केवल देखने में सुंदर हैं, बल्कि इंसानों की तरह बातचीत करने में भी सक्षम हैं। इनके साथ ही आया अफ्रीकन ग्रे पैरेट अपनी सटीक नकल करने की क्षमता के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, जो पर्यटकों विशेषकर बच्चों के लिए मनोरंजन का एक नया जरिया बनेगा। बस्तर डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट पालतू पक्षी के रूप में बहुत लोकप्रिय हैं क्योंकि ये बहुत सामाजिक, बुद्धिमान और चंचल होते हैं। उन्होंने बताया कि ये पक्षी शब्दों और वाक्यांशों को दोहरा सकते हैं और अपने मालिकों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना लेते हैं।

हालांकि इन्हें बहुत अधिक ध्यान, उचित पोषण और देखभाल की आवश्यकता होती है, क्योंकि इनकी चोंच बहुत मजबूत होती है और ये मेवे तोड़ने में सक्षम होते हैं। सबसे खास बात यह है कि ये पक्षी लंबे समय तक जीवित रहते हैं और इनकी आयु 80 साल तक हो सकती है, इसलिए इनका पालन-पोषण एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है। लामनी पार्क में इन विदेशी पक्षियों के आगमन से उम्मीद है कि शहरवासी और पर्यटक, विशेषकर बच्चे, इन रंग-बिरंगे और बातूनी पक्षियों को करीब से देखने के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे।

---

23 जनवरी को रायपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हाने जा रहे

भारत-न्यूजीलैंड टी-20: ऑनलाइन टिकट मिलना शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में 23 जनवरी को होने वाले भारत बनाम न्यूज़ीलैंड टी-20 मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर अहम जानकारियां साझा कीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह और बलदेव सिंह भाटिया मौजूद रहे। सीएससीएस ने बताया कि इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए टिकटों की अलग-अलग श्रेणियां तय की गई हैं। छात्रों के लिए विशेष सुविधा रखते हुए स्टूडेंट टिकट की कीमत 800 रुपए रखी गई है। ध्यान देने वाली बात यह है कि टिकट काउंटर से एक छात्र को केवल एक ही टिकट मिलेगी।

ऑनलाइन टिकट बिक्री 15 जनवरी से: मैच की टिकटें पूरी तरह ऑनलाइन बेची जाएंगी। दर्शक ticketgenie.in पर जाकर 15 जनवरी (गुरुवार) शाम 7:30 बजे से टिकट खरीद सकेंगे। ऑनलाइन एक व्यक्ति

अधिकतम चार टिकट ले सकता है। वहीं, 19 जनवरी से फिजिकल टिकट रिडेंप्शन की सुविधा शुरू होगी।

स्टेडियम में खाने के दाम पारदर्शी होंगे: सीएससीएस ने साफ किया है कि स्टेडियम के भीतर फूड बेचने वाले सभी विक्रेताओं को अपने कर्मचारियों की टी-शर्ट पर खाने के रेट लिखना अनिवार्य होगा। साथ ही स्टेडियम परिसर में फूड मेन्यू और उसकी कीमतें भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाएंगी। फिलहाल खाने के रेट तय नहीं किए गए हैं, लेकिन दर्शकों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

- स्टूडेंट टिकट की कीमत 800 रुपए
- अपर सिटिंग टिकट 2000 रुपए
- लोअर सिटिंग की टिकटें 2500, 3000 और 3500 रुपए में उपलब्ध रहेंगी।
- प्रीमियम कैटेगरी में सिल्वर सिटिंग 7500 रुपए, गोल्ड 10,000 रुपए, प्लैटिनियम 12,500 रुपए
- कॉर्पोरेट बॉक्स की टिकट 25,000 रुपए तय की गई है।

किसानों के जहर खाने के मामले की जांच में खुल रही असली हकीकत

कोरबा/नवप्रदेश। हरदीबाजार तहसील के अंतर्गत दो किसानों द्वारा टोकन नहीं काटे जाने के साथ रकबा के रिकार्ड में सुधार नहीं किए जाने के मसले को लेकर दो किसानों के द्वारा कीटनाशक पदार्थ का सेवन किए जाने का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें फर्जी मामला भी उजागर हो रहा है।

इस मामले के अनुसार हरदीबाजार तहसील के ग्राम पुटा निवासी समार सिंह गोंड़ के द्वारा टोकन नहीं कटने को लेकर सोमवार को जहर सेवन किया था। जब इस मामले की प्रशासन के द्वारा जांच शुरु की गई तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। बताया जाता है कि किसान के द्वारा जिस खसरा नंबर की जमीन का टोकन काटने को लेकर आवेदन दिया गया था जिस पर घटना के बाद प्रशासन के द्वारा जांच शुरु की गई तब मौके पर उक्त जमीन में किसी तरह की फसल नहीं लिए जाने के मामले की पुष्टि हुई।

राजस्व अमले के द्वारा मौकास्थल पर जाकर जमीन का अवलोकन किया गया जहां किसी तरह की फसल किसान के द्वारा नहीं ली गई थी। दूसरा चौंकाने वाला यह मामला सामने आया है कि जिस जमीन के आधार पर किसान के द्वारा धान बेचने का प्रयास किया जा रहा था उक्त जमीन को किसान के द्वारा चांपा जांजगीर निवासी किसी राठौर नामक व्यक्ति को पहले ही बिक्री कर दी गई थी. यहां यह बताना आचश्यक होगा कि हरदीबाजार तहसील के अंतर्गत कई ऐसे गांव हैं जो एसईसीएल के भूअर्जन में आ रहे हैं और इसके लिए उक्त क्षेत्र में जमीनों की खरीदी बिक्री भी व्यापक स्तर पर हुई है।

जहर सेवन का दूसरा मामला मंगलवार को सामने आया था जहां डगनिया झांझ निवासी किसान ने रकबा रिकार्ड में सुधार नहीं होने को लेकर तहसील कार्यालय में ही जहर सेवन किया था। इसकी जांच के दौरान यह बात सामने आया है कि तहसील के बाबू और तहसीलदार के द्वारा किसान के आवेदन पर रिकार्ड को अपडेट करने की कार्यवाही की जानकारी किसान को दी गई थी।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्टिवा सवार 4 युवकों से 238 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि फाफाडीह शराब दुकान के सामने एक्टिवा सवार चार युवक अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश साहू 29 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 238 पाव देशी शराब व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अंतागढ़ परियोजना में पोषण के नाम पर बड़ा खेल

गुणवत्ता विहीन भोजन: नौनिहालों की थाली में घुन व कीड़े लगी दाल

अंतागढ़/नवप्रदेश। परियोजना अंतागढ़ के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार अब गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। लगभग सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को परोसा जा रहा भोजन न सिर्फ गुणवत्ता विहीन है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन के नाम पर बच्चों को सोयाबीन की बड़ी, आलू और घुन व कीड़े लगी दाल परोसी जा रही है। हालत यह है कि जिस भोजन को सहायिकाएं स्वयं खाना पसंद नहीं करतीं, वही मजबूरी में नौनिहालों को परोसा जा रहा है। ग्राम पंचायत बोंदानार के आश्रित ग्राम हवेचूर सहित अंतागढ़ के समीपस्थ ग्राम हीमोडा के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में संवाददाता द्वारा किए गए निरीक्षण में खाद्य सामग्री की स्थिति चिंताजनक पाई गई। केंद्रों में घुन व कीड़े लगी दाल, कुछ आलू और चावल ही उपलब्ध थे। बताया गया कि यह सामग्री अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम सरंडी से वितरित की जाती है। सहायिकाओं का कहना है कि सप्लायर दाल, आलू और थोड़ा-सा तेल छोड़कर चला जाता है, कई बार तो उनकी जानकारी के बिना ही सामग्री आंगनबाड़ी में रख दी जाती है। सहायिकाओं ने बताया कि घुन लगी दाल की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। मजबूरी में उन्हें बच्चों को वही दाल परोसनी पड़ रही है, जिसे वे खुद खाने से परहेज करती हैं।

इधर, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए स्वीकृत राशि के दुरुपयोग के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। बिना पानी के वाटर प्यूरीफायर, बिना बिजली के टेलीविजन सेट की सप्लाई जैसे मामलों में विभाग पर पहले ही भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए जिन खाद्य सामग्रियों का चार्ट आज भी आंगनबाड़ी केंद्रों में लगा है, वे अब वास्तविकता में मिलनी बंद हो चुकी हैं। सहायिकाओं के अनुसार हरी सब्जी वर्षों से नहीं दी गई है, जबकि अब महिलाओं को केवल रेडी-टू-ईट का पैकेट थमा दिया जाता है। गर्भ में पल रहे शिशु के पोषण में इस तरह की कटौती को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता है। यह भी उल्लेखनीय है कि ब्लॉक मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत हीमोडा में आज तक विभाग का पक्का आंगनबाड़ी भवन नहीं है। एक केंद्र सामुदायिक भवन में तो दूसरा गोटूल में संचालित किया जा रहा है।

> इस विषय में महिला बाल विकास अधिकारी जागेश्वर परते का अंतागढ़ का कहना है कि इस विषय में जांच कराएंगे कि ऐसे खराब खाद्य सामग्री कैसे और कौन दे रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com